धनबाद
शुक्रवार 06.03.2026
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-32 अंक-13 पृष्ठ- 12
चैत्र कृष्ण पक्ष-3
संवत 2082

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर



# भारत ने इंग्लैंड को 7 रन से हराया, भारत टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में पहुंचा

**मुंबई (ईएमएस):** मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने २० ओवर में ७ विकेट खोकर २५३ रन बनाए। २५४ रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम २० ओवर में ७ विकेट पर २४६ रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने ४८ बॉल पर १०५ रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके।



भारत ने चौथी बार टी-२० वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को ७ रन से हराया। टीम २००७, २०१४, २०२४ में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है।

भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन ने ८९ रन की पारी खेली। जबकि शिवम दुबे ने ४३ रन बनाए। ईशान किशन ने ३९, हार्दिक पंड्या ने २७ और तिलक वर्मा ने २१ रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से विल जैक्स और आदिल रशीद ने २-२ विकेट झटके। एक विकेट जोफ्रा आर्चर को मिला। २ बैटर्स रनआउट हुए।

सांसें रोक देने वाले इस टी२० वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल मैच में भारत ने इंग्लैंड को ७ रन से हरा दिया है. टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में ७ विकेट गंवाकर २५३ रन बनाए थे और इंग्लैंड को जीत के लिए २५४ रनों का टारगेट दिया था. जवाब में इंग्लैंड की टीम २० ओवर में ७ विकेट गंवाकर २४६ ही रन बना पाई.

**भारत ने इंग्लैंड को दिया था 254 रन का टारगेट**

टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए २० ओवर में ७ विकेट खोकर २५३ रन बनाए. भारतीय बल्लेबाजों ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए वानखेड़े के मैदान पर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी. भारत ने टी२० वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबले का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था. टीम इंडिया की पारी में कुल ३७ बाउंड्री लगीं. भारतीय बल्लेबाजों ने १८ चौके और १९ छक्के लगाए.

टी२० वर्ल्ड कप की एक इनिंग में भारत से ज्यादा बाउंड्री सिर्फ श्रीलंका ने लगाई है. साल २००७ में श्रीलंका ने केन्या के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ३० चौके और ११ छक्कों की मदद से कुल ४१ बाउंड्री लगाई थी. टी२० वर्ल्ड कप २०२६ में भारतीय टीम ने सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है. भारतीय बल्लेबाज इस टी२० वर्ल्ड कप में ८८ छक्के लगा चुके हैं.

# हेमंत सोरेन ने पैतृक गांव नेमरा में बाहा पर्व में लिया हिस्सा, जाहेर थान में की पूजा

**रामगढ़ (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार को सपरिवार अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे और वहां आयोजित पारंपरिक बाहा पर्व में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के साथ नेमरा गांव स्थित जाहेर थान पहुंचकर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और राज्य की सुख-समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की।



परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना गांव के नाइके बाबा (पाहन) चैतन टुडू और कुडम नाइके बाबा (उप पाहन) छोटू बेसरा ने संपन्न कराई। मुख्यमंत्री अपने आवास से ग्रामीणों के साथ पदयात्रा करते हुए बाहा पूजा के लिए जाहेर थान तक पहुंचे।

**मुख्यमंत्री को देख लोगों में था उत्साह**

मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर नेमरा और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप ग्रामीण ढोल-नगाड़ा और मांदर बजाते हुए मुख्यमंत्री के साथ जाहेर थान तक पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी मांदर बजाकर ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाया। लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

**दो दिवसीय दौरे पर आए हैं नेमरा**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन के साथ दो दिवसीय दौरे पर नेमरा पहुंचे हैं। उनके आगमन की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भी लोगों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी को बाहा पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## नक्सली गणपति नेपाल से हुआ गिरफ्तार

**जगदलपुर (ईएमएस):** नक्सलियों के ब्रेन (दिमाग) कहे जाने वाले गणपति को आखिरकार पुलिस ने नेपाल से गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस की इस बड़ी उपलब्धि से नक्सलियों को काफी बड़ा झटका लगा है। इसके अलावा नक्सलियों की एक और टीम पुलिस के सामने समर्पण कर सकती है। बता दें कि दुर्दांत नक्सली और नक्सलियों का ब्रेन कहा जाने वाला गणपति नेपाल से गिरफ्तार किया गया है। गणपति पोलित ब्यूरो मेंबर होने के साथ ही साथ २००४ से २०१८ तक सेंट्रल कमेटी का सचिव था, गणपति के अचानक से गिरफ्तार होने से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है, पुलिस जवानों के ऊपर होने वाले कई हमले में गणपति का नाम हमेशा सामने आया है। गणपति की तलाश काफी लंबे से पुलिस कर रही थी।

## फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद पीएम मोदी बोले...

# इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो, सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं

**नई दिल्ली (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक स्वस्थ ग्रह हमारी साझा प्राथमिकता है। हमें खुशी है कि इस वर्ष हम फिनलैंड के साथ मिलकर भारत में विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच की मेजबानी करेंगे। इससे हमारे सतत विकास प्रयासों को नई गति और नए विचार मिलेंगे। भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम इस बात पर एकमत हैं कि केवल सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्ष के शीघ्र अंत और शांति के लिए हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार न केवल आवश्यक है, बल्कि अत्यावश्यक भी है, और आतंकवाद को उसके सभी रूपों में समाप्त करना हमारी साझा प्रतिबद्धता है। इससे पहले पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा, १३वें फिनलैंड के राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली भारत यात्रा पर मैं राष्ट्रपति स्टब का हार्दिक स्वागत करता हूं। आप जैसे अनुभवी और बेजोड़ नेता का इस वर्ष के रायसीना डायलॉग का चीफ गेस्ट ▸▸ 8

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से

## लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के नोटिस पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली (ईएमएस):** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत ९ मार्च से होने जा रही है। इस दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा दिए गए पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान ओम बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सदस्यों के बीच बैठेंगे। दरअसल, संविधान और लोकसभा के नियमों के मुताबिक, जब अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर सदन में विचार किया जाता है, तो संबंधित अध्यक्ष कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते हैं।



इस प्रस्ताव के जरिए विपक्ष ने बिरला पर सदन की कार्यवाही के दौरान खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया गया। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के। सुरेश ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक समेत कई विपक्षी दलों की ओर से लोकसभा सचिवालय को यह नोटिस सौंपा है।

**118 विपक्षी सांसदों ने नोटिस पर किए हस्ताक्षर**

कम से कम ११८ विपक्षी सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए। संविधान विशेषज्ञ पी। डी। टी। आचारी के मुताबिक, जब यह प्रस्ताव सदन के सामने आएगा तो बिरला को अपने बचाव का संवैधानिक अधिकार होगा। वे चर्चा में हिस्सा ले सकते हैं और ▸▸ 8

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद को अस्तित्वगत खतरा करार दिया

**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरें नीति को दोहराया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने कहा कि आतंकवाद किसी सीमा, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं मानता। रघु पुरी ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक अस्तित्वगत खतरा करार दिया। उन्होंने बताया कि यह चुनौती केवल एक देश की सीमा तक सीमित नहीं है और इसका सामना केवल सामूहिक अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से किया जा सकता है।

# भूकंप के तेज झटकों से दहला गुजरात...

## 4 घंटे में चार बार हिली धरती

**नई दिल्ली (ईएमएस):** गुजरात में गुरूवार को कुदरत ने एक के बाद एक तीन झटके दिए हैं. राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महज ४ घंटे के भीतर तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में काफी डर का माहौल बन गया. हालांकि, राहत की बात यह है कि इन झटकों की तीव्रता बहुत ज्यादा नहीं थी और कहीं से भी किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है. भूकंप के झटकों का सिलसिला सुबह के वक्त दाहोद जिले से शुरू हुआ.

जानकारी के मुताबिक, सुबह ठीक ११ बजकर ५५ मिनट पर दाहोद के लोगों को कंपन महसूस हुआ. रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता २.५ मापी गई. इस भूकंप का केंद्र दाहोद शहर से करीब ३४ किलोमीटर दूर पश्चिम-दक्षिण की तरफ जमीन के नीचे था. चूंकि तीव्रता कम थी, इसलिए बहुत से लोगों को इसका पता भी नहीं चला, लेकिन जिन्हें महसूस हुआ वे तुरंत घरों से बाहर आ गए.

दूसरा झटका कच्छ जिले के भचाऊ इलाके में दोपहर १ बजकर ४३ मिनट पर महसूस किया गया. इस भूकंप की तीव्रता ३.४ ▸▸ 8

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

## 10 अप्रैल तक बने रहेंगे बिहार के मुख्यमंत्री

**पटना (ईएमएस):** बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा जदयू के वरिष्ठ नेता नामांकन कार्यक्रम में शमिल हुए। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार १० अप्रैल तक बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। कारण कि १० अप्रैल तक राज्यसभा का कार्यकाल है।



नया टर्म इसके बाद ही शुरू हो रहा है। इससे साफ है कि जब तक नीतीश कुमार उच्च सदन नहीं पहुंच जाते। तब तक वह बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। ऐसे में जदयू की कमान किसके हाथ में जाएगी, इसे लेकर अभी कुछ साफ नहीं है। कहा जा रहा है नीतीश के बेटे को कमान दी जा सकती है।

नीतीश कुमार वर्ष २००५ से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। नीतीश ने कहा कि राज्य में नए मुख्यमंत्री और राज्य की नयी सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन जताया है। उसी विश्वास की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके भरोसे और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की एक नयी पहचान प्रस्तुत कर रहा है। ▸▸ 8

## बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राज्यपाल का इस्तीफा



**नई दिल्ली (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। लोक भवन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ये अहम घटनाक्रम सामने आया है। इस्तीफा देने के बाद बोस ने मीडिया से कहा कि मैंने काफी समय गवर्नर ऑफिस में बिता लिया है। बता दें कि सीवी आनंद बोस बंगाल में राज्यपाल के तौर पर करीब साढ़े तीन साल बिता चुके हैं।

## प्रधानमंत्री ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की

**नई दिल्ली (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की। दोनों ने इस संकट काल में वार्ता और कूटनीतिक तरीकों से मामले को हल करने पर बल दिया। पीएम मोदी ने एक्स प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। मध्य पूर्व संकट को लेकर हुई इस कॉल में शांति और स्थिरता बहाली को लेकर गंभीर मंत्रणा हुई। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, गुरुवार को अपने मित्र इमैनुएल मैक्रों से बात की। हमने वेस्ट एशिया में बदलते हालात पर बात की। हम दोनों ने माना कि मौजूदा संकट का समाधान केवल संवाद और कूटनीति से ही संभव है।

# धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तोड़ने का नहीं : मोहन भागवत

**अहमदाबाद (ईएमएस):** शहर के निकट स्थित जेतलपुर स्वामिनारायण मंदिर में भगवान स्वामिनारायण के आगमन के २०० वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य द्विशताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव आचार्य प.पू. १०८ व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से संत-महंतों और हजारों हरिभक्तों ने भाग लिया। द्विशताब्दी महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ नरनारायणदेव गादी के पीठाधीपति प.पू. ध.धु. १००८ आचार्य कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराज भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा, हम जो कार्य पिछले १०० वर्षों से कर रहे हैं, वही कार्य स्वामिनारायण भगवान और उनका संप्रदाय पिछले २०० वर्षों से कर रहा है। उन्होंने स्वयं को यहां 'जूनियर' के रूप में 'सीनियर' से मिलने आया हुआ बताया। उन्होंने कहा कि जो धर्म का पालन करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जीवन में उपासना और साधना अत्यंत आवश्यक है। केवल सपने देखने से कुछ नहीं होता, बल्कि आचरण से ही परिवर्तन संभव है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तोड़ने का नहीं।

भागवत ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि सभी मनुष्य ईश्वर की रचना हैं, फिर ऊंच-नीच का भेद कैसा? यदि हम इन मूल्यों को अपनाएं तो सनातन धर्म की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान भारत के पास है और अंततः विश्व को मार्गदर्शन भारत से ही मिलेगा। अपने संबोधन में उन्होंने गुजरात में चल रही व्यसनमुक्ति और सेवा गतिविधियों की भी सराहना की। आध्यात्मिक संदर्भ में उन्होंने कहा, ऐसा कोई अक्षर नहीं जिसका मंत्र में उपयोग न हुआ हो, अर्थात सृष्टि के प्रत्येक अंश में ▸▸ 8

# न्यायाधीश किसी भी दबाव में सही फैसला लेने से संकोच नहीं करें

## सुप्रीम कोर्ट जज नागरत्ना ने न्यायाधीशों को फैसले पर अड़े रहने की दी सलाह

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट जज बीवी नागरत्ना ने न्यायाधीशों को अपने फैसले पर अड़े रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी दबाव में सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। वह केरल हाईकोर्ट में आयोजित दूसरे टीएस कृष्णमूर्ति अय्यर मेमोरियल लेक्चर में बोल रहीं थीं। इससे पहले उन्होंने मीडिया को लेकर भी ऐसी ही बात कही थी। उन्होंने कहा था कि किसी भी तरह की बाधा, भय या प्रभाव में मीडिया अपनी भूमिका नहीं निभा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि जजों को सही फैसला लेने से संकोच नहीं करना चाहिए। फिर चाहे इसकी वजह से उनकी उन्नति ही क्यों न रुक जाए या सत्ता में बैठे लोग नाराज हो जाएं। उन्होंने कहा कि एक जज को राजनीतिक दबाव, संस्थागत धमकी या पॉपुलर डिमांड से मुक्त ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा था कि प्रेस पर कब्जा करने के हालिया प्रयासों के पीछे न केवल आर्थिक आधार हैं बल्कि राजनीतिक पहलू भी शामिल हैं।



खास बात है कि जस्टिस नागरत्ना सितंबर २०२७ में भारत की पहली महिला चीफ जस्टिस बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना ने साफ तौर पर कहा कि मीडिया अपना काम ठीक से तभी कर सकता है जब वह किसी भी तरह के डर या दबाव से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि आज के दौर में प्रेस की आजादी को सबसे बड़ा खतरा सीधे तौर पर लगने वाली पाबंदियों से नहीं है। बल्कि, असली खतरा आर्थिक नीतियों, लाइसेंस देने के कड़े नियमों और मीडिया कंपनियों के मालिकाना हक से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि एक मीडिया प्रतिष्ठान कानूनी रूप से सरकार की आलोचना करने के लिए स्वतंत्र हो सकता है, फिर भी आर्थिक रूप से इस तरह से मजबूर हो सकता है कि ऐसी आलोचना महंगी पड़ जाए।

उन्होंने कहा कि यह अधिकार भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी भी पेशे से जुड़ने या किसी भी व्यवसाय, व्यापार या कारोबार को चलाने की स्वतंत्रता के बीच परस्पर क्रिया से उभरता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नागरत्ना ने बताया कि भारत में प्रेस की आज़ादी को संविधान दो अलग-अलग तरीकों से सुरक्षा देता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र मीडिया कितना जरूरी है।

# संपादकीय

## संजू सैमसन होना आसान नहीं...

संजू सैमसन....एक ऐसा नाम जो इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी-कभी सुनाई देता था। कभी-कभी इसलिए क्योंकि इस खिलाड़ी की जगह कभी भी भारतीय टीम में स्थाई नहीं रहती। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए बेहतरीन कप्तानी, टी20 फॉर्मेट में 8 हजार से ज्यादा रन, फिर भी भारतीय टीम के लिए मैदान से ज्यादा यह खिलाड़ी बेंच पर रहता है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले भी कुछ ऐसा ही था।

संजू सैमसन का फॉर्म भी लगातार उनका साथ नहीं देता है। उनके क्लास, उनके बैटिंग स्टाइल और उनके टैलेंट पर किसी को कभी शक नहीं रहा, लेकिन उसको साबित करने में कई बार संजू की किस्मत ने धोखा दिया। ऐसा ही टी20 वर्ल्ड कप से पहले देखने को मिल रहा था। 2024 में पूरे टूर्नामेंट में यह खिलाड़ी बेंच पर ही था। इस बार भी हालात ऐसे ही बनते दिख रहे थे। वर्ल्ड कप से ठीक पहले उनकी ओपनिंग पोजीशन और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी इशान किशन को दे दी गई। हर किसी का मानना था कि यह संजू की कहानी का अंत है...। पर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। भगवान ने संजू के लिए जिंदगी का एक ऐसा खूबसूरत लम्हा संजो कर रखा था जिसकी भनक किसी को नहीं थी। बीच वर्ल्ड कप सुपर 8 के पहले मैच में टीम इंडिया साउथ अफ्रीका से हारती है। फिर सवाल उठते हैं, आलोचना होती है। इसके बाद कोच और कप्तान कॉम्बिनेशन को खंगालते हैं और फिर संजू को आजमाते हैं। इस तरह एक बार फिर संजू की बतौर ओपनर वापसी होती है। पहले मैच में वह अच्छा स्टार्ट देते हैं और टीम को लंबे अरसे बाद अच्छी ओपनिंग पार्टनरशिप देखने को मिलती है। उसके




बाद आता है वो मैच जो शायद संजू की खत्म होती कहानी का अब सबसे खूबसूरत चैप्टर बनकर याद किया जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ ओपनिंग से अंत तक 50 गेंद पर 97 रन की पारी और अकेले दम पर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले चेझ़ ने साबित कर दिया कि क्यों उनकी इतनी फैन फॉलोइंग है।

संजू सैमसन की बात करें तो यह खिलाड़ी सबसे दुर्भाग्यशाली खिलाड़ी है। संजू ने 2015 में अपना टी20 करियर शुरू किया था। उसके बाद से अभी तक 11 साल में वह सिर्फ 60 इंटरनेशनल मुकाबले ही टीम इंडिया के लिए खेले हैं। 52 पारियों में 1221 रन, 150 से ऊपर का स्ट्राइक रेट और तकरीबन 26 का औसत, यह बताता है कि इस खिलाड़ी में कितना दम है, लेकिन दबाव, प्लेइंग कॉम्बिनेशन इन सबके कारण कभी इस खिलाड़ी की टीम में जगह पक्की नहीं हो पाई।

संजू सैमसन ने हर बड़े मौके पर भारत के लिए उपयोगी पारियां खेलीं। एशिया कप फाइनल में टॉप ऑर्डर के फेल होने पर संजू ने ही तिलक के साथ पारी को संभाला था। साउथ अफ्रीका दौरे पर वनडे मैच में जब टीम डगमगाई थी तो संजू ने ही शतक लगाकर टीम को जिताया था। अब टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जब भारत फंसा था तो संजू आए, संजू चमके और संजू ने टीम इंडिया को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। इस पारी और पिछली कुछ पारियों में अंतर बस इतना था कि वहां संजू साइड हीरो थे लेकिन अब संजू लीड हीरो बनकर सामने आए हैं।

इतने दबाव, इतने प्रेशर, इतनी अस्थिरता के बीच सबसे अहम मैच में संजू सैमसन का जो मैच विनिंग परफॉर्मेंस आया है, यह दिखाता है कि वह कितने सरल, शांत स्वभाव के खिलाड़ी हैं। इसलिए हम भी कहते हैं कि संजू होना आसान नहीं है। इस खिलाड़ी ने विनिंग चौका लगाते ही मैदान पर बैठकर ईश्वर का शुक्रिया कहा, ड्रेसिंग रूम में जाकर अपनी किट और बैट को प्रणाम किया। यह दिखाता है कि इस खिलाड़ी के संस्कार क्या हैं। संजू ने बता दिया कि संजू होना आसान तो नहीं है लेकिन संजू जैसा होना सबके बस की बात भी नहीं है।

## जादू-टोने के नाम पर हिंसा और कानून की लाचारी



आधुनिक दौर में विज्ञान और तकनीक की मदद से पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक प्रगति के नए आयाम गढ़े जा रहे हैं। मगर समाज का एक हिस्सा अब भी अंधविश्वास के अंधकार से बाहर नहीं निकल पा रहा है। इस तरह की सोच जहां व्यक्तिगत जीवन में परेशानियों के द्वार खुले रखती है, वहीं कई बार यह हिंसा का कारण भी बनती है। खासकर जादू-टोने के अंधविश्वास में नियम-कानूनों को ताक पर रखकर निर्दोष लोगों की हत्या कर देने या सार्वजनिक तौर पर किसी को अपमानित करने या फिर भीड़ हिंसा में किसी की बेरहमी से पिटाई करना आम बात हो गई है। यों तो देश के कई हिस्सों से डायन बता कर महिलाओं की हत्या के मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ समय के दौरान झारखंड में ऐसी लगातार कई घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में झारखंड के गुमला में जादू-टोना करने के संदेह में एक महिला की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी गई। सवाल है कि इस तरह के अंधविश्वास को खत्म करने और इससे जुड़ी हिंसा पर अंकुश लगाने के लिए सरकार से लेकर सामाजिक स्तर पर गंभीरता से प्रयास क्यों नहीं हो पा रहे हैं? इसमें दोराय नहीं कि चाहे गांव हो, या शहर हर जगह समाज के एक हिस्से में अंधविश्वास की छाया नजर आती है। आज जब देश और दुनिया विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में कोसों आगे निकल गए हैं, तब महज अंधविश्वास की वजह से किसी के बीमार होने पर चिकित्सीय इलाज कराने के बजाय जादू-टोने का सहारा लेना किस तरह की सोच को दर्शाता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि विकास के तमाम दावों के बीच देश में सामाजिक स्तर पर वैज्ञानिक चेतना के प्रसार को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से अब तक गंभीर प्रयास नहीं हुए हैं। जबकि देश में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार एवं प्रसार को प्रोत्साहित करने का दायित्व सरकार और समाज सभी पर है। हालांकि, कुछ राज्यों में अंधविश्वास से जुड़े अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए कानून बनाए गए हैं, लेकिन उन पर कड़ाई से अमल और लोगों में जागरूकता पैदा करने से ही इस समस्या का समाधान संभव हो सकता है।

## आज का कार्टून

तालिबान से संघर्ष पर ट्रंप ने कहा- पाकिस्तान अच्छा काम कर रहा है




## क्या मध्य-पूर्व एक और 'महायुद्ध' की दहलीज पर है?

अभी दो बातें स्पष्ट नहीं है कि लड़ाई कितने दिनों तक छिड़ी रहेगी। इसके अलावा, क्या लेबनान से हिजबुल्ला और यमन में हूती विद्रोही इजराइल के विरुद्ध हमले करेंगे। तेहरान इस पर सहमत था कि वह बैलिस्टिक मिसाइलों के जखीरे को कम कर देगा। तेहरान सिविल न्यूक्लियर यूरेनियम के प्रसंस्करण पर लगी पाबंदियों पर बात करने में लचीला रुख दिखा चुका था, लेकिन अपनी मिसाइलें पूरी तरह से समाप्त करने पर वह सहमत नहीं था। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि विएना में बैठे रणनीतिकार इजराइल के पास नाभिकीय हथियारों और मिसाइलों की बात कभी नहीं उठाते। यह नहीं पूछा जाता कि इजराइल के पास नब्बे परमाणु हथियार हैं या दो सौ! वह ऐसे हथियारों की मौजूदगी की न तो पुष्टि करता है और न ही खंडन। माना जाता है कि वह मिसाइलों, पनडुब्बियों और विमानों से परमाणु हथियार दागने में सक्षम है। 2024 में इजराइल ने अपने परमाणु बमों के निर्माण और रखरखाव पर 11 बिलियन अमेरिकी डालर खर्च किए थे। अगर केवल परमाणु हमले की धमकी भर को लेकर ईरान पर हमला किया जा सकता है, तो उस तरह की धमकी पाकिस्तान कई बार भारत को दे चुका है।

**पुष्परंजन**

ईरान पर अमेरिका-इजराइल के व्यापक हमले को दो दिन हुए हैं, यह पहले से ही साफ है कि इसका मध्य-पूर्व और खासकर खाड़ी पर गहरा असर पड़ेगा। अमेरिका-इजराइल की बमबारी में कई बड़े अधिकारियों के साथ सर्वोच्च नेता अली खामेनेई और उनके परिवार के लोग भी मारे गए हैं। ईरान में 40 दिन का शोक है। तेहरान ने न सिर्फ इजराइल बल्कि इस इलाके के कई देशों पर हमले करके जवाब दिया है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और ओमान सभी पर ईरानी मिसाइलों या ड्रोन से हमला किया गया, जबकि इनमें से किसी भी देश ने अपने इलाके से ईरान पर हमला नहीं किया था। इन देशों में कई जगहों को निशाना बनाया गया, जिनमें अमेरिकी सैन्य अड्डे, हवाई अड्डे, बंदरगाह और वाणिज्यिक इलाके भी शामिल थे।

अगर यह लड़ाई लंबी खिंचती है, तो यह खाड़ी देशों के लिए एक असली बदलाव बिंदु बन सकती है। एक ऐसा मोड़, जो देशों की सुरक्षा, उभयपक्षीय सहयोग और यहां तक कि उनके लंबे समय के आर्थिक भविष्य के बारे में सोचने के तरीके को बदल देगा। ईरान से जुड़ा कोई भी लंबा संघर्ष समुद्री यातायात को प्रभावित करेगा, खासकर होर्मुज की खाड़ी, जो दुनिया की आर्थिक धमनियों में से एक है। थोड़ी बहुत रुकावट से ऊर्जा की कीमते तेज हो जाएंगी, जो निवेशकों के लिए नई चिंता पैदा कर सकती हैं।

हां, तेल की ज्यादा कीमतें अल्पकालिक राजस्व को बढ़ा सकती हैं, फिर भी ऊर्जा बाजार असंतुलित हो जाएगा। क्या ट्रंप तेल की कीमतों में भी उछाल चाहते थे? चीन और रूस ज्यादा देर चुपचाप नहीं रहेंगे। मास्को यदि सीधा नहीं भी कूदा, मगर इस उथल-पुथल का फायदा उठाकर हथियारों की बिक्री बढ़ा सकता है, वह क्षेत्रीय बंटवारे का भी लाभ उठा सकता है।

इस संदर्भ में जो वार्ता जिनेवा में चल रही थी, उसे ठीक से देखा जाए तो जो लोग मध्यस्थता कर रहे थे, उन्हें भी भरोसे में नहीं लिया गया। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराकची ने वार्ता के इस दौर को, जो ओमान की मध्यस्थता और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी के महानिदेशक राफेल ग्रासी की उपस्थिति में आयोजित किया गया था, आज तक की 'सबसे गंभीर और सबसे लंबी' वार्ता बताया था।

ईरान के विदेश मंत्री ने वार्ता के माहौल और ओमान की मध्यस्थता की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा था कि कुछ मुद्दों पर सहमति बहुत करीब आ गई है। बेशक, अभी भी मतभेद मौजूद हैं, जो स्वाभाविक है, लेकिन पहले की तुलना में बातचीत के समाधान तक पहुंचने के लिए दोनों पक्षों में अधिक गंभीरता देखी जा रही है।

उधर ईरान के विदेश मंत्री की घोषणा के अनुसार, 'इस बात पर सहमति हुई कि सोमवार से तकनीकी टीमें वियना में और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी में विशेषज्ञ समीक्षा शुरू करेंगी। इस बैठक का उद्देश्य कुछ तकनीकी मुद्दों को एक निश्चित ढांचे में व्यवस्थित करना बताया गया है।' अराकची के





मुताबिक, यह तय हुआ था कि हमारे विशेषज्ञों की अगले सोमवार को एजंसी के साथ बैठक होगी। वहां कुछ तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की जानी है, ताकि ये तकनीकी पहलू स्पष्ट हो सकें, जिसके बाद हम राजनीतिक बैठकों में उन पर निर्णय ले सकें।'

अराकची के बयानों से निकट भविष्य में वार्ता के चौथे दौर के आयोजन की योजना की भी जानकारी मिली कि यह बैठक लगभग एक सप्ताह में आयोजित होगी। इस अंतराल में दोनों पक्षों को कुछ कदम उठाने होंगे, दस्तावेज तैयार करने होंगे और स्वाभाविक रूप से अपनी-अपनी राजधानियों में आवश्यक परामर्श करने होंगे। प्रतिबंधों को लेकर ईरान के रुख को स्पष्ट करते हुए जोर दिया गया कि तेहरान की अपेक्षाएं स्पष्ट रूप से रखी गई हैं।

अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अमेरिका के रणनीतिक सहयोगी ओमान से भी इस सैन्य कार्रवाई की सूचनाओं को साझा नहीं किया गया था। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने जिनेवा में ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता के तीसरे दौर को 'रचनात्मक और सकारात्मक' विचारों के आदान-प्रदान वाला बताया था और इन वार्ताओं का समर्थन जारी रखने के लिए ओमान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया था। ओमानी विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के बाद कहा था कि परमाणु बातचीत अब तक की सबसे सकारात्मक, अहम और उपलब्धियों वाली थी।

मगर क्या वाइट हाउस ने पहले से तय कर रखा था कि बातचीत के धोखे में हमला किया जाएगा? ईरान से आने वाली खबरों से पता चलता है कि तेहरान में यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जोम्हौरी इलाके में तथा ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स मुख्यालय के पास हमला किया गया। इसके अलावा, अलग-अलग खबर आई कि ईरान की राजधानी में एक हमला सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के दफ्तर के पास हुआ। तेहरान के उत्तरी सैय्यद खानदान इलाके में भी धमाके हुए। तबरीज, कर्मनशाह, काम, इलाम, इस्फहान, लारेस्तान जैसे शहरों में बमबारी हुई है।

अभी दो बातें स्पष्ट नहीं है कि लड़ाई कितने दिनों तक छिड़ी रहेगी। इसके अलावा, क्या लेबनान से हिजबुल्ला और यमन में हूती विद्रोही इजराइल के विरुद्ध हमले करेंगे। तेहरान इस पर सहमत था कि वह बैलिस्टिक मिसाइलों के जखीरे को कम कर देगा। तेहरान सिविल न्यूक्लियर यूरेनियम के प्रसंस्करण पर लगी पाबंदियों पर बात करने में लचीला रुख दिखा चुका था, लेकिन अपनी मिसाइलें पूरी तरह से समाप्त करने पर वह सहमत नहीं था।

सबसे दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि विएना में बैठे रणनीतिकार इजराइल के पास नाभिकीय हथियारों और मिसाइलों की बात कभी नहीं उठाते। यह नहीं पूछा जाता कि इजराइल के पास नब्बे परमाणु हथियार हैं या दो सौ! वह ऐसे हथियारों की मौजूदगी की न तो पुष्टि करता है और न ही खंडन। माना जाता है कि वह मिसाइलों, पनडुब्बियों और विमानों से परमाणु हथियार दागने में सक्षम है। 2024 में इजराइल ने अपने परमाणु बमों के निर्माण और रखरखाव पर 11 बिलियन अमेरिकी डालर खर्च किए थे। अगर केवल परमाणु हमले की धमकी भर को लेकर ईरान पर हमला किया जा सकता है, तो उस तरह की धमकी पाकिस्तान कई बार भारत को दे चुका है।

ईरान पर हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बमबारी चल रही है। पाकिस्तान ने इस सैन्य अभियान को आपरेशन 'गजब लिल-हक' नाम देते हुए खुली जंग का एलान कर दिया है। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमले में 130 से अधिक तालिबान लड़ाके मारे गए हैं। यह कितना अजीब है कि जो डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध विराम का छद्म दावा गाहे-बगाहे करते रहते हैं, उनके बारह महीनों के कार्यकाल में सात देशों पर हमले हुए और एक नेता को बंदी बनाया गया। सबसे दुख की बात यह है, कि ट्रंप की एकतरफा कार्रवाई पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय मूकदर्शक बना हुआ है।

## अज्ञान से आत्मबोध तकः जीवन की वास्तविक स्वतंत्रता का मार्ग

मानव-कल्याण का मार्ग मनुष्य को यह सिखाता है कि उसकी पहचान केवल 'मैं' से नहीं, बल्कि 'हम' से जुड़ी है। जब वह दूसरों की भलाई में अपनी खुशी खोजता है, तब उसके भीतर आत्मिक शक्ति का विकास होता है। यही आत्मिक शक्ति उसे कठिन परिस्थितियों में भी स्थिर और दृढ़ बनाए रखती है। सच्ची स्वतंत्रता का अर्थ केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि आंतरिक सीमाओं से भी मुक्त होना है। जब मनुष्य अज्ञान, भय, अहंकार और स्वार्थ से ऊपर उठता है, तब वह वास्तव में स्वतंत्र होता है। ऐसी स्वतंत्रता उसे आत्मबोध प्रदान करती है और उसे यह समझने में मदद करती है कि जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं के लिए जीना नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीना है।

**ममता कुशवाहा**

मनुष्य का जीवन केवल सांस लेने और भौतिक सुविधाओं के उपभोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चेतना, अनुभव और आत्मबोध की निरंतर यात्रा है। जब तक मनुष्य अज्ञान के अंधकार में भटकता रहता है, तब तक वह बाहरी स्वतंत्रता के बावजूद भीतर से बंधा रहता है। अज्ञान से बाहर निकलना, अनुभव और संघर्ष से सीखना, संवेदनशीलता विकसित करना और आत्मकेंद्रित दृष्टि से ऊपर उठकर मानव-कल्याण के उद्देश्य से जुड़ना, यही जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि और वास्तविक स्वतंत्रता का मार्ग है। अज्ञान मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा बंधन है। यह केवल ज्ञान के अभाव का नाम नहीं, बल्कि सत्य से दूरी, पूर्वाग्रहों की जकड़न और आत्मबोध के अभाव की स्थिति है। जब मनुष्य केवल परंपराओं, रूढ़ियों और सुनी-सुनाई बातों के आधार पर सोचता है, तब वह अपने विवेक और चेतना का उपयोग नहीं कर पाता। अज्ञान उसे भय, संकीर्णता और भ्रम में बांध देता है। वह सत्य को देखने के बजाय सुविधा के अनुसार सोचता है और अपने हित को ही सर्वोच्च मान लेता है। ऐसी स्थिति में वह न तो स्वयं को समझ पाता है और न समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को। इसलिए सच्ची मुक्ति का पहला चरण अज्ञान के अंधकार से बाहर निकलना है, जहां मनुष्य प्रश्न करना




सीखता है और अपने भीतर छिपी चेतना को पहचानता है। अनुभव मनुष्य को जीवन की वास्तविकताओं से परिचित कराता है। पुस्तकें और उपदेश दिशा तो दे सकते हैं, पर जीवन की गहराई का बोध अनुभव से ही होता है। सुख और दुख, सफलता और असफलता, प्रेम और पीड़ा, ये सभी अनुभव मनुष्य के दृष्टिकोण को परिष्कृत करते हैं।

जब मनुष्य अपने अनुभवों से सीखता है, तब वह केवल परिस्थितियों का शिकार नहीं रहता, बल्कि उन्हें समझने और उनसे आगे बढ़ने की क्षमता विकसित करता है। अनुभव उसे यह सिखाता है कि जीवन निरंतर परिवर्तनशील है। इसमें छिपी सीख ही उसे परिपक्व बनाती है।

संघर्ष इस सीख को और अधिक गहराई देता है। जब मनुष्य कठिन परिस्थितियों से गुजरता है, तब उसकी वास्तविक शक्ति प्रकट होती है। संघर्ष उसे सहनशीलता, धैर्य और आत्मविश्वास प्रदान करता है। जो व्यक्ति संघर्ष से भागता है, वह जीवन की परीक्षा में कमजोर पड़ जाता है, जबकि संघर्ष मनुष्य को यह एहसास कराता है कि जीवन की सार्थकता केवल आराम में नहीं, बल्कि चुनौतियों का सामना करने में है। यही संघर्ष धीरे-धीरे उसे अज्ञान से ज्ञान की ओर, भय से साहस की ओर और निराशा से आशा की ओर ले जाता है। संवेदनशीलता मनुष्य को केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के लिए भी सोचने की क्षमता देती है। जब मनुष्य दूसरों के दुख, पीड़ा और संघर्ष को महसूस करता है, तब उसके भीतर करुणा और सहानुभूति जन्म लेती है।

संवेदनशील व्यक्ति केवल अपनी सफलता से संतुष्ट नहीं होता, बल्कि समाज की समस्याओं को भी समझता है। वह जानता है कि उसकी मुक्ति केवल व्यक्तिगत नहीं हो सकती, क्योंकि वह समाज का ही हिस्सा है। संवेदनशीलता मनुष्य को आत्मकेंद्रित दृष्टि से बाहर निकालकर व्यापक मानवता से जोड़ती है। आत्मकेंद्रित दृष्टि मनुष्य के विकास में सबसे बड़ा अवरोध है। जब मनुष्य केवल अपने लाभ, प्रतिष्ठा और सुविधाओं के बारे में सोचता है, तब उसका दृष्टिकोण संकीर्ण हो जाता है।

वह समाज को केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति का साधन समझने लगता है। ऐसी स्थिति में वह चाहे कितना ही सफल क्यों न हो जाए, भीतर से खाली रहता है। वास्तविक संतोष और शांति उसे तब मिलती है, जब वह अपने जीवन को किसी बड़े उद्देश्य से जोड़ता है। आत्मकेंद्र से बाहर निकलना तभी संभव है, जब मनुष्य त्याग, समझ और व्यापक दृष्टि रखता हो। मानव-कल्याण के उद्देश्य से जुड़ना जीवन को अर्थ प्रदान करता है। जब मनुष्य अपने ज्ञान, अनुभव और शक्ति का उपयोग दूसरों के हित के लिए करता है, तब उसका जीवन केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज के विकास का माध्यम बन जाता है।

मानव-कल्याण का मार्ग मनुष्य को यह सिखाता है कि उसकी पहचान केवल 'मैं' से नहीं, बल्कि 'हम' से जुड़ी है। जब वह दूसरों की भलाई में अपनी खुशी खोजता है, तब उसके भीतर आत्मिक शक्ति का विकास होता है। यही आत्मिक शक्ति उसे कठिन परिस्थितियों में भी स्थिर और दृढ़ बनाए रखती है। सच्ची स्वतंत्रता का अर्थ केवल बाहरी बंधनों से मुक्ति नहीं है, बल्कि आंतरिक सीमाओं से भी मुक्त होना है। जब मनुष्य अज्ञान, भय, अहंकार और स्वार्थ से ऊपर उठता है, तब वह वास्तव में स्वतंत्र होता है। ऐसी स्वतंत्रता उसे आत्मबोध प्रदान करती है और उसे यह समझने में मदद करती है कि जीवन का उद्देश्य केवल स्वयं के लिए जीना नहीं, बल्कि मानवता के लिए जीना है। जो व्यक्ति हर परिस्थिति को सीख का अवसर मानता है, वह निरंतर विकसित होता रहता है। वह जीवन की कठिनाइयों से टूटता नहीं, बल्कि उन्हें अपनी चेतना के विस्तार का साधन बनाता है। वास्तव में सच्ची मुक्ति कोई एक क्षण की उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सतत् प्रक्रिया है।

यह प्रक्रिया अज्ञान से ज्ञान की ओर, आत्मकेंद्र से मानव-कल्याण की ओर और सीमित दृष्टि से व्यापक चेतना की ओर ले जाती है। अनुभव, संघर्ष और संवेदनशीलता इस यात्रा के प्रमुख साधन हैं। जब मनुष्य इन तीनों को अपने जीवन में स्वीकार करता है और हर परिस्थिति को सीख के रूप में देखता है, तब वह आत्मिक शक्ति से भर उठता है। यही आत्मिक शक्ति उसे जीवन की सर्वोच्च उपलब्धि, सच्ची स्वतंत्रता तक पहुंचाती है, जहां वह न केवल स्वयं मुक्त होता है, बल्कि दूसरों के जीवन को भी प्रकाश से भर देता है।

# एसएसपी आवास में धूमधाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

## ढोलनगाड़ों की थाप और फगुआ गीतों से रंगमय हुआ माहौल





धनबाद (कासं) : धनबाद में रंगों के पर्व होली को लेकर उत्साह चरम पर रहा। इसी क्रम में धनबाद के एसएसपी आवास में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों ने पूरे उत्साह और पारंपरिक अंदाज में भाग लिया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार अपने परिवार के साथ स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने सभी अधिकारियों व जवानों के साथ रंगमुलाल लगाकर उन्हे होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में सभी वरीय पदाधिकारियों के अलावे जिले के विभिन्न थानों और इकाइयों से आए पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल हुए। सभी ने एकदूसरे को रंगमुलाल लगाकर बधाई दी और पूरे उत्साह के साथ होली का जश्न मनाया। एसएसपी आवास का परिसर रंगों से सराबोर नजर आया और हर ओर खुशी और उमंग का माहौल देखने को मिला । समारोह के दौरान होली की पारंपरिक परंपराओं का भी विशेष रूप से पालन किया गया। सभी अधिकारी व पुलिसकर्मी मिट्टी में लथपथ होकर भी होली की मस्ती में डूबे नजर आए। लोगों ने एकदूसरे को रंग लगाने के साथसाथ गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान किसी प्रकार का पद या ओहदे का अंतर नहीं दिखा और सभी ने एक परिवार की तरह त्योहार का आनंद लिया। होली मिलन समारोह में पारंपरिक फगुआ गीतों की धूम भी देखने को मिली। ढोल-नगाड़ों की थाप पर पुलिस अधिकारी और जवान झाल-मंजीरा बजाते हुए फगुआ गीत गाते नजर आए। एसएसपी के साथ सभी अधिकारी भी लोकगीतों की धुन पर झूमते और नाचते दिखाई दिए। ढोल की थाप और लोकगीतों की गूंज से पूरा परिसर उत्सव के माहौल में डूब गया। कार्यक्रम के दौरान मिठाइयों और पारंपरिक व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। सभी ने एक साथ बैठकर विभिन्न पकवानों का आनंद लिया और एकदूसरे को मिठाई खिलाकर होली की बधाई दी। इस दौरान पुलिस परिवार की तरफ से आपसी भाईचारे और एकजुटता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया।

समारोह में मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आपसी समन्वय और संबंध मजबूत होते हैं। इससे पुलिस बल के बीच सकारात्मक माहौल बनता है और सभी एक टीम के रूप में कार्य करने के लिए और अधिक प्रेरित होते हैं।

इस अवसर पर एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि होली का पर्व प्रेम, भाईचारे और समानता का संदेश देता है। यह त्योहार समाज में आपसी दूरी को मिटाकर सभी को एक सूत्र में बांधने का काम करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस भी समाज का ही हिस्सा है और ऐसे अवसरों पर सभी मिलजुलकर खुशियां बांटते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इस बार होली को पूरी तरह पारंपरिक और देशी अंदाज में मनाया गया ताकि हमारी संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिले। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग इसी तरह एकजुट होकर कर्तव्य का पालन करें और समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। होली मिलन समारोह के अंत में सभी अधिकारियों और जवानों ने एकदूसरे को गले लगाकर होली की बधाई दी और इस यादगार आयोजन को उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न किया। यह आयोजन पुलिस परिवार के लिए लंबे समय तक यादगार रहेगा।

# बियर की बोतल से हमला, महिला समेत तीन घायल



धनबाद (कासं) : धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के उड़िया पट्टी में आपसी विवाद में बियर की बोतल से हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में दो युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया था।

बताया जा रहा है कि विक्की हाड़ी नामक युवक अपनी बहन रानी देवी के घर उड़िया पट्टी आया हुआ था। इसी दौरान पास के रहने वाले कुछ युवक नशे की हालत में वहां पहुंचे और पहले एक व्यक्ति के साथ मारपीट की, जिसमें उसका सिर फूट गया। जब विक्की हाड़ी और उसके भाई बीचबचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने बियर की बोतल तोड़कर उन पर हमला कर दिया। इस दौरान एक युवक के सीने पर बोतल से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि जब वे लोग घायलों को बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने चाकू से भी हमला करने की कोशिश की, जिसमें विक्की की बहन रानी देवी भी घायल हो गई। घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। परिजनों का यह भी आरोप है कि इलाके के कुछ युवक अक्सर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। वहीं सरायढेला थाना प्रभारी मंजीत कुमार ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है । आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही।

# जोड़ापोखर में छिटपुट घटना के बीच होली का त्योहार सम्पन्न

जोड़ापोखर (ससे) : जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में हल्का फुल्का घटना के बीच होली का त्योहार हर्षौल्लास के साथ मनाया गया है। मुसलमानों के पवित्र त्योहार का महीना रमजान को लेकर पुलिस की सक्रियता के चलते क्षेत्र में लोगो ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में रंगों का त्यौहार को मनाया। हालांकि बरारी बगानपुर में दो समुदाय के युवकों के बीच हुई मारपीट की मामूली घटना को कुछ असामाजिक तत्वों ने जातीय रंग देकर त्यौहार में खलल डालने की कोशिश किया जिसके मंसूबे को समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पुलिस के सहयोग से विफल कर दिया गया है।

इसी क्रम में पुरनाडीह बस्ती में शाम को दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में शुभम नामक युवक ने अपने परिजन तथा दोस्तों के साथ मिलकर दूसरे पक्ष के तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित पक्ष की ओर से चिंता देवी ने जोड़ापोखर थाना में शुभम कुमार उसके पिता और बहन के खिलाफ लिखित शिकायत कर बेवजह मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है।

चिंता देवी ने लिखित शिकायत में कही है कि उसका नाबालिक पुत्र प्रिंस कुमार कल शाम को अपने घर के दरवाजे के पास बैठा था तभी शुभम् कुमार चार पहिए वाहन में कुछ दोस्तों के साथ आकर प्रिंस को जबरन कार में खींचकर बैठाने लगा। इस क्रम में शुभम द्वारा चाकू से हमला किए जाने के क्रम में अपना बचाव करने के दौरान चाकू की वार से प्रिंस का कान कट गया है। घटना की शोर गुल सुनने के बाद जब वह अपने बड़े पुत्र सुजीत के साथ मारपीट की घटना में बीच बचाव करने लगे तो शुभम के पिता रामवधेश यादव ने डंडे से सुजीत कुमार को तथा उसकी बहन पूजा कुमारी ने ईट मारकर उसका सिर फोड़कर घायल कर फरार हो गया। पीड़ित चिंता देवी ने शिकायत में ये भी कही कि घटना में बचाव करनेवाले मुहल्ले के बल्ली यादव के घर पर घटना के एक घंटे बाद शुभम् ने अपने दोस्तों के साथ हमला कर तोड़फोड़ करते हुए उसे उसके खिलाफ गवाही देने पर उसे जान से मारने की धमकी दिया है। पुलिस सक्रियता से घटना की जांच कर रही है।

# होली के हुडदंगियों ने बाइक सवार पिता पुत्र पर किया जानलेवा हमला

केंदुआ (ससे) : बाइक सवार त्रिलोचन तिवारी उम्र करीब ६२ वर्ष अपने पुत्र विनय तिवारी , उम्र करीब ३५ वर्ष के साथ दोपहिया में पीछे सवार होकर बसेरिया तिवारी बस्ती स्थित अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे, तभी बसेरिया चार नंबर स्थित रेलवे फाटक के पास होली के हुडदंगियों ने उन दोनों का झपटकर कुर्ता फाड़ दिया तथा बगझक करने लगे। बाइक सवार बुजुर्ग त्रिलोचन तिवारी ने जब समझाने की कोशिश की, तो उन्हें गाड़ी से नीचे जमीन पर पटक दिया तथा उन पर जानलेवा हमला कर दिया। दुपहिया वाहन



संख्या जेएच१०सीडब्ल्यू/७०३५ भी क्षतिग्रस्त कर दिया तथा दोनों शीशा तोड़ दिया। आसपास के लोग जुटने पर सभी हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। सूचना पाकर तिवारी बस्ती से उनके रिश्तेदार वहां जुट गए। पुलिस को कॉल करने पर गोंदूडीह ओ पी की पुलिस भी वहां आ पहुंची तथा उपचार हेतु एसएनएमएमसीएच भेज दिया। बुरी तरह जख्मी त्रिलोचन तिवारी अभी एसएनएमएमसीएच में इलाजरत हैं। पिता पुत्र धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र के मंझलीटांड़ (ओझाडीहकटनिया) गांव के रहने वाले बताए जाते हैं।

## हर्षोल्लास के साथ होली संपन्न



बलियापुर (ससे) : बलियापुर व आसपास इलाके में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के मौके पर लोगों ने विभिन्न टोलियो में आपस में जमकर अबीर गुलाल का इस्तेमाल कर खुशियां मनाई। मिठाइयां खिलाकर एक दूसरे को होली की मुबारकबाद दी।

## निशान साहब का चोला चढ़ा कर होला मोहल्ला आरंभ

कालीमेला (ससे) : डुमरी में होला मोहल्ला गुरु पर्व का शुभ आरम्भ किया गया। डुमरी तीन नंबर गुरुद्वारा में नया निशान साहब का चोला चढ़ाकर किया शुरुआत। डुमरी के सरदार मंगल सिंह के समूह परिवार की ओर से निशान साहब की सेवा की गई। स्त्री सत्संग ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की गले मिलकर



एक दूसरे को लख लख बधाई दी। स्त्री सत्संग ने शब्द कीर्तन कर के सगत को निहाल किया, बोले सो निहाल सत श्री अकाल, राज करेगा खालसा के जयकारों से गूंजा बाबा साहब का दरबार बाबा जी के नाम की अरदास की गई सगत के बीच प्रसाद वितरण किया गया। होला मोहल्ला गुरु पर्व ९ मार्च को डुमरी तीन नंबर गुरुद्वारा प्रांगण में मनाया जाएगा।

प्रबंधक कमिटी ने सारी तैयारी पूरी कर ली है बाबा जी के दरबार को मिनी विद्युत लाइट से सजाया गया है, धनबाद जिले में होला मोहल्ला सिर्फ डुमरी में ही मनाया जाता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्त्री सत्संग की रणजीत कौर, परमजीत कौर, सीमा कौर, मंजीत कौर, हरबंश कौर, पूजा कौर, पोली कौर, रीमा कौर, रणजीत कौर आदि शामिल थीं।

## सिंदरी में होली का पर्व रंगअबीर के बीच हंगामे के साथ संपन्न

सिंदरी (ससे) : क्षेत्र में होली का पर्व रंगअबीर और गुलाल के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया, हालांकि कई स्थानों पर हंगामे और मारपीट की घटनाएं भी सामने आईं। सहरपुरा, डोमगढ़ और रोड़ाबांध इलाके में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई, जिसके बाद पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं प्रशांत दूबे के के ऑन १ आवास पर अज्ञात लोगों द्वारा हंगामा करते हुए तोड़फोड़ किए जाने की भी घटना सामने आई। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया।होली को लेकर मांस और मुर्गा की दुकानों पर भी सैकड़ों लोगों की भारी भीड़ देखी गई। लोग अपनीअपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। बताया जाता है कि कुछ लोग शराब के नशे में देर रात तक सड़कों पर घूमते रहे और हंगामा करते रहे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है।

# धनबाद ननि की विभिन्न परियोजनाओं व भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत बैठक

धनबाद (कासं) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के कार्यालय कक्ष में धनबाद नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं, सुधारात्मक पहलों तथा भावी कार्ययोजनाओं के संबंध में एक विस्तृत बैठक सह प्रस्तुतीकरण आयोजित किया गया।

बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट) के क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें वाहन ट्रैकिंग प्रणाली, रूट ऑप्टिमाइजेशन, रियलटाइम ट्रैकिंग, मिस्ड पॉइंट अलर्ट, अपशिष्ट संग्रहण में पारदर्शिता बढ़ाने तथा संसाधनों के दुरुपयोग को नियंत्रित करने हेतु किए जा रहे डिजिटल हस्तक्षेपों की जानकारी साझा की गई। इसके अतिरिक्त धनबाद में वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र के निर्माण की प्रगति तथा इसके शीघ्र संचालन हेतु जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग, विशेष रूप से भूमि संबंधी विषयों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र, फीकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट तथा भविष्य में बड़े स्तर के बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र की स्थापना की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। देश के विभिन्न नगरों में सफलतापूर्वक संचालित मॉडलों का उल्लेख करते हुए चर्चा की गई कि आवश्यक परीक्षण, अध्ययन एवं सक्षम प्राधिकरण की स्वीकृति के उपरांत उपयुक्त मॉडलों को धनबाद में भी अपनाया जा सकता है। साथ ही ईबेस्ट प्रबंधन संयंत्र के संचालन की तैयारियों तथा इसके सफल संचालन की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गई। बैठक में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटीआईएसएम), धनबाद तथा धनबाद नगर निगम के बीच संभावित सहयोग के माध्यम से नगर में उत्पन्न प्लास्टिक अपशिष्ट के सतत उपयोग, जैसे कार्बन नैनो ट्यूब, हाइड्रोजन उत्पादन तथा प्लास्टिक आधारित सड़क निर्माण जैसी संभावनाओं पर भी विचारविमर्श किया गया, जिससे आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के साथसाथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सके। बैठक में जल संरक्षण एवं शहरी जल प्रबंधन से संबंधित विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिसमें उथले जलभृत प्रबंधन, शहरी क्षेत्र में वर्षा जल संचयन के ऑडिट, जलाशयों के पुनर्जीवन तथा जल सुरक्षा को सुदृढ़ करने से जुड़े उपायों पर विचार किया गया। इस क्रम में नगर आयुक्त द्वारा झरिया राजा तालाब, लोको टैंक तालाब आदि परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही वार्ड संख्या १९ एवं २० में स्थित पंपू तालाब के विकास की योजना पर भी चर्चा हुई। इन परियोजनाओं के माध्यम से जल सुरक्षा सुदृढ़ करने, सार्वजनिक स्थलों के सृजन, आंतरिक राजस्व सृजन तथा जलवायु अनुकूल पहल को बढ़ावा देने की संभावनाओं पर विचार किया गया। साथ ही कोयला खदानों में संचित पिट वाटर के शोधन कर पेयजल स्तर तक उपयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। इस दिशा में बीसीसीएल एवं जिला प्रशासन के समन्वय से कार्य करने तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर पिट वाटर आधारित पेयजल कियोस्क स्थापित करने की संभावनाओं पर विचारविमर्श किया गया। शहर में यातायात प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न तकनीकी एवं संस्थागत उपायों पर भी चर्चा हुई, जिससे शहरी गतिशीलता में सुधार एवं नागरिक सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

स्ट्रीट लाइट के रखरखाव, खराबी के त्वरित निवारण, व्यापक फेल्योर सर्वेक्षण, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान तथा महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में भी कार्ययोजना पर विचार किया गया।

नगर में निर्मित सार्वजनिक परिसंपत्तियों जैसे पार्क, फूड कोर्ट, खेल मैदान एवं तालाबों को प्रभावी ढंग से जन उपयोग में लाने, उनके हस्तांतरण के पश्चात रखरखाव की प्रणाली विकसित करने, जन सहभागिता बढ़ाने तथा फीडबैक तंत्र विकसित करने के संबंध में भी चर्चा की गई। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सुविधाओं में सुधार तथा सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित शौचालयों के संचालन को मानकीकृत करने एवं उन्हें शिकायत निवारण प्रणाली से जोड़ने की दिशा में भी प्रस्तावित पहल पर विचार किया गया।

सफाई मित्रों के कल्याण को आगे बढ़ाने तथा धनबाद नगर निगम के कार्यों में संभव क्षेत्रों में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के समेकन पर भी चर्चा की गई।

शहर सौंदर्यीकरण से संबंधित पहलों तथा इन कार्यों में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से अपेक्षित सहयोग पर भी विचारविमर्श हुआ। इसके अतिरिक्त कांजी हाउस, स्लॉटर हाउस, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा विभिन्न जल परियोजनाओं से संबंधित भूमि विषयों पर भी चर्चा की गई।

बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क डिवाइडरों के किनारे क्षतिग्रस्त ग्रिलों की मरम्मत से संबंधित विषय उठाया गया। वहीं उपायुक्त ने शहरी क्षेत्र में गड्ढों (पॉटहोल) की मरम्मत हेतु कार्ययोजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न विषयों पर प्राप्त सुझावों के आधार पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई करने तथा समन्वित प्रयासों के माध्यम से शहर के सतत्, सुरक्षित एवं व्यवस्थित विकास की दिशा में कार्य करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, उप विकास आयुक्त सन्नी राज सहित जिला प्रशासन एवं धनबाद नगर निगम के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## गर्मी से पहले जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश

धनबाद (कासं) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने गर्मी से पहले जिले की जलापूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए उप विकास आयुक्त सन्नी राज के साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने जिले में पानी से संबंधित जितनी भी समस्याएं हैं, उनका गर्मी से पहले त्वरित समाधान करने, सभी जलमीनारों को नियमित रूप से चालू रखने, जलापूर्ति व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। किसी भी क्षेत्र में जलापूर्ति से संबंधित समस्या आने पर उसे २४ से ४८ घंटे के भीतर हर हाल में दूर करें। जलापूर्ति व्यवस्था की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए आवश्यक फंड उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जलमीनार, चापाकल, कुएं सहित जलापूर्ति से जुड़े सभी मौजूदा जल स्रोत शतप्रतिशत क्रियाशील (फंक्शनल) होने चाहिए। मार्च माह के अंत तक जिले के सभी चापाकल, कुएं एवं जलमीनारों को पूरी तरह से दुरुस्त एवं कार्यशील करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए टीम का गठन किया जाएगा। इसमें संबंधित क्षेत्र के बीडीओ तथा पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता शामिल रहेंगे। साथ ही एक सत्यापन टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में रैंडम निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक के दौरान प्लंबर एवं श्रमिकों की उपलब्धता की भी जानकारी ली गई, ताकि किसी भी खराबी को शीघ्र ठीक किया जा सके। इसके अलावा स्पेयर पार्ट्स की सूची तैयार करने तथा विश्वसनीय विक्रेताओं से बेहतर गुणवत्ता के सामान की खरीद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए एक वार रूम भी बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगली बैठक में सभी संबंधित विभाग अपनी विस्तृत रिपोर्ट के साथ उपस्थित होंगे।

उपायुक्त ने कहा कि इस बार गर्मी के मौसम में प्रशासन पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार रहेगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिले के किसी भी परिवार को पानी लाने के लिए दूर तक नहीं जाना पड़े। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पीएचईडी १ एवं २ के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता के अलावा अन्य विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# डिपेंटी को राज्य के सर्वश्रेष्ठ पीएलवी का सम्मान

धनबाद (कासं) : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) धनबाद की पीएलवी डिपेंटी कुमारी गुप्ता को राज्य का सर्वश्रेष्ठ पीएलवी के सम्मान से सम्मानित किया गया। रांची के शौर्य सभागार में आयोजित छठवीं राज्य स्तरीय डीएलएसए मीट के दौरान उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके पूर्व धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा एवं अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो के मार्गदर्शन मे किए गए कार्यों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष पर सम्मानित करने के लिए चिन्हित किया गया था। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि राँची में आयोजित छठे राज्य स्तरीय कार्यशाला में मुख्य अतिथि झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के



उपस्थिति में न्यायमूर्ति आनंद सेन, न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी, पूर्व न्यायमूर्ति अंबुजनाथ सदस्य सचिव रंजना अस्थाना द्वारा धनबाद जिले के शोषित वंचित हाशिए पर खड़े आदिवासी जनमानस तक सुलभ व त्वरित न्याय पहुंचाने हेतु राज्य के सर्वश्रेष्ठ परलीगल वॉलिंटियर/अधिकार मित्र होने का गौरव प्रदान किया गया जो पूरे जिले के लिए गौरव का पल रहा। न्यायमूर्ति द्वारा द्वारा कहां गया कि अधिकार मित्र द्वारा किए गए विधिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण, वृद्ध जनों को आश्रय दिलाना, असाध्य रोग से ग्रसित पीढ़ित को इलाज मुहैया करवाना एवं जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका सराहनीय रही है।

# डीसी ने बटन क्लिक कर आरटीई नामांकन पोर्टल का किया शुभारंभ



**बोकारो (ससे):** गोपनीय कार्यालय कक्ष में गुरूवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने बटन क्लिक कर आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत ऑनलाइन नामांकन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कहा कि आरटीई अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिले में नामांकन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता, सरलता एवं समयबद्ध तरीके से संचालित करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की शुरुआत की गई है।

उपायुक्त ने बताया कि आरटीई के तहत नामांकन के लिए अभिभावक ०५ मार्च से ०४ अप्रैल २०२६ तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभिभावक अपने बच्चों के नामांकन के लिए पोर्टल पर जाकर आवश्यक जानकारी भरकर आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया से आवेदन प्रणाली अधिक पारदर्शी होगी तथा अभिभावकों को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। आरटीई के तहत नामांकन के लिए अभिभावक अपने बच्चों का आवेदन विद्यालय से ०१ किलोमीटर, ०३ किलोमीटर एवं ०६ किलोमीटर की निर्धारित परिधि के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में कर सकते हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को अपने घर के समीप स्थित विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले तथा आवागमन में भी किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो।

जिले में आरटीई अधिनियम के अंतर्गत *कुल ५१ निजी विद्यालयों में १४३४ सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस योजना के तहत ०३ वर्ष से ०७ वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का प्रवेश कराया जाएगा। पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले *अभिभावक अपने बच्चों के नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए प्रखंड एवं जिला स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय कमेटी में संबंधित प्रखंड के बीडीओ - सीओ अध्यक्ष होंगे तथा बीईईओ सदस्य सचिव की भूमिका निभाएंगे। वहीं, जिला स्तरीय कमेटी में उप विकास आयुक्त अध्यक्ष होंगे तथा जिला शिक्षा अधीक्षक सदस्य सचिव के रूप में कार्य करेंगे।

उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आरटीई योजना की जानकारी अधिक से अधिक अभिभावकों तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जागरूकता वैन, पंपलेट वितरण, प्रचार सामग्री तथा समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से लोगों को योजना के बारे में जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र बच्चे इस योजना का लाभ उठा सकें।

उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि आरटीई अधिनियम का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी योग्य एवं मेधावी बच्चा केवल आर्थिक कारणों से शिक्षा के अवसर से वंचित नहीं रह जाए, यह सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नामांकन प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए, ताकि आरटीई अधिनियम की मूल भावना को साकार किया जा सके।

# दीप्तिमान गुरु को नश्वरता प्रभावित नहीं कर सकती : श्री श्री परमहंस योगानन्दजी

**धनबाद (कासं) :** दो महान् गुरुओं की महासमाधि ईश्वरीय प्रकाश से दीप्तिमान गुरु को नश्वरता प्रभावित नहीं कर सकती। मृत्यु के समय पूर्ण चेतन अवस्था में वे अपनी मानवीय देह का त्याग करते हैं, इसी को महासमाधि कहते हैं। मार्च माह क्रियायोग परम्परा के दो अद्वितीय संतों की महासमाधि की याद दिलाता है, आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ योगी कथामृत के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्दजी, जिन्होंने ७ मार्च, १९५२ को और उनके गुरु और कैवल्य दर्शनम् के लेखक श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, जिन्होंने ९ मार्च, १९३६ को महासमाधि में प्रवेश किया।

दोनों ही गुरुओं ने अपने वर्तमान समय के और भविष्य में आने वाले शिष्यों के हृदयों में सदा के लिए वास करने और उनके लिए अपनी नित्य विद्यमानता को बनाए रखने का वचन दिए बिना शरीर नहीं छोड़ा। योगानन्दजी ने सत्तानबे वर्ष पूर्व अपनी एक कविता में लिखा था, अज्ञात मैं तुम्हारे साथ चलूँगा और अपने अदृश्य हाथों से तुम्हारी रक्षा करूँगा।

योगानन्दजी १७ वर्ष की आयु में पहली बार बनारस में श्रीयुक्तेश्वरजी से मिले थे। उस समय उनके मन में अपने गुरु को खोजने की प्रबल इच्छा थी। और बनारस की गलियों में उन्हें प्राप्त कर लेने के बाद, योगानन्दजी अपने गुरु के कठोर अनुशासन में भी उनके साथ बने रहे। युक्तेश्वरजी ने योगानन्दजी को छोटे बालक के रूप में दस वर्षों तक प्रशिक्षित किया ताकि वे आने वाले वर्षों में एक विश्व प्रसिद्ध गुरु बन सकें।



उनके महान् गुरु श्रीयुक्तेश्वर गिरिजी ने अतुलनीय महावतार बाबाजी द्वारा दिये गए उत्तरदायित्व , अर्थात् उन युवा साधु को समुद्र पार पश्चिम में क्रियायोग का प्रसार करने के लिए तैयार करना - को दिव्य रूप से पूर्ण किया; वही क्रियायोग जिसमें ३० सेकंड की एक प्रभावी क्रिया-श्वास, एक वर्ष के प्राकृतिक मानवीय क्रमविकास के बराबर होती है।

परमहंस योगानन्दजी की महासमाधि क्रियायोग के प्रभाव का सर्वोत्तम प्रमाण थी। मृत्यु के २० दिन बाद भी उनके शरीर में क्षय के कोई चिन्ह दिखाई नहीं दिए। शवागार के निर्देशक श्री हैरी टी. रोवे ने सूचित किया था कि परमहंस योगानन्दजी की देह निर्विकारता की एक अद्भुत अवस्था में थी। महान् गुरु ने न केवल जीवन में अपितु मृत्यु में भी सम्पूर्ण मानवजाति के समक्ष प्रदर्शित कर दिया था कि योग और ध्यान से सृष्टि की शक्तियों को नियंत्रित किया जा सकता है।

योगी कथामृत में बताया गया है कि क्रियायोग का अभ्यास हर श्वास के साथ रक्त को कार्बनरहित करता है, जिसके कारण अंत समय में शरीर में विकार नहीं होता। यह एक पुरातन विज्ञान है जो श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था और तत्पश्चात पतंजलि और अन्य लोगों ने इसे जाना।

## लाइब्रेरी निर्माण कार्यों की समीक्षा लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

**बोकारो (ससे):** गोपनीय कार्यालय कक्ष में गुरूवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त अजय नाथ झा ने चंदनकियारी प्रखंड के प्रस्तावित लाइब्रेरी कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चंदनकियारी के प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय वर्मा को लाइब्रेरी के शेष बचे कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त द्वारा हाल ही में प्रस्तावित चंदनकियारी लाइब्रेरी का स्थल निरीक्षण किया गया था, जिसमें निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कर आमजनों एवं विद्यार्थियों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराने पर बल दिया गया था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शहरी क्षेत्रों में भी अध्ययन की सुविधाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मोहल्ला लाइब्रेरी की स्थापना का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चास नगर निगम क्षेत्र तथा फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में वार्ड स्तर पर मोहल्ला लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा तथा जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) डॉ. अतुल कुमार चौबे को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र जिला को प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।

## टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने जे.एन. टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**जोड़ापोखर (ससे) :** टाटा स्टील झरिया डिवीजन ने टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की १८७वीं जयंती के अवसर पर जामाडोबा स्थित जेनरल मैनेजर ऑफिस में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विकास कुमार, चीफ (सिजुआ ग्रुप) ने टाटा समूह के संस्थापक को टाटा स्टील झरिया डिवीजन के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।जामाडोबा एवं सिजुआ ग्रुप ऑफिस में भी संस्थापक को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर संस्थापक को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित प्रमुख लोगों में अमन (हेड, इंजीनियरिंग सर्विसेज), श्वेता मिश्रा (हेड, एडमिनिस्ट्रेशन), आलोक सिंह (हेड, प्लानिंग), अंशुल कुमार मिश्रा (ईए टू जीएम, कोल) सहित झरिया डिवीजन के अन्य कर्मचारी शामिल थे। टाटा ग्रुप और टाटा स्टील हर साल जमशेदजी टाटा की जयंती को, जिन्हें भारतीय उद्योग के जनक के रूप में भी जाना जाता है, अत्यंत हर्ष और उत्साह के साथ संस्थापक दिवस के रूप में मनाते हैं। इस वर्ष यह समूह अपने दूरदर्शी संस्थापक और मार्गदर्शक की १८७वीं जयंती मना रहा है, जिन्होंने देश के औद्योगिक परिदृश्य को नई दिशा देते हुए उसे सशक्त और रूपांतरित किया। इस वर्ष के समारोह का विषय है - वन विज़न, वन टाटा स्टील्।

## आईएसएम धनबाद के वैज्ञानिक पहुंचे मुनीडीह



**पुटकी (ससे) :** पुटकी और मुनीडीह को जोड़ने वाली धोबनी पुल आज गुरुवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक आंशिक रूप से बंद रहेगा। उक्त पुल की भार वजन क्षमता की वैज्ञानिक जांच आई एस एम आई आई टी धनबाद के वैज्ञानिक के द्वारा जांच की जाएगी। इस संबंध में बी सी सी एल के डब्लू जे एरिया मुनीडीह के द्वारा नोटिस पुल के दोनों ओर चिपकाया गया है। इंदु कोल कंपनी द्वारा कोयला उत्पादन के लिए बड़ी बड़ी मशीनें मंगवाई जा रही है जो काफी वजनी है।

पुल धसने के खतरे को देखते हुए साठ साल पहले बने पुराने पुल की भार वजन क्षमता बढ़ाने के लिए मैपिंग की जा रही है जो आई एस एम के वैज्ञानिक जांच कर रहे है। टीम धोबनी रेलवे पुल पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मुनीडीह प्रोजेक्ट के अधिकारी मदद के लिए लगे हुए है। रेलवे द्वारा नए पुल बनाने के प्रस्ताव को अभी तक मंजूरी नहीं दी गई है। जिसके कारण प्रस्तावित नए पुल का निर्माण कार्य लंबित है।

## नहीं चली आदित्य ठाकरे की शरद पवार ही जाएंगे राज्यसभा



**मुंबई,(ईएमएस):** महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव में विपक्ष को सिर्फ एक सीट मिल सकती है। इसके लिए वरिष्ठ नेता शरद पवार का नाम तय हुआ है। ८५ साल के शरद पवार के नाम के ऐलान के लिए जो प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी, उसमें उद्धव सेना का कोई नेता शामिल नहीं हुआ। इसे लेकर कयास लगने लगे तो शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले खुद सामने आईं और कहा कि उद्धव सेना की नाराजगी के सारे दावे गलत हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संजय राउत पहले ही आए थे और शरद पवार से मिलकर भरोसा दिया था कि यदि आप उम्मीदवार होते हैं तो हम आपके साथ होंगे।

इसके बाद संजय राउत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा- कांग्रेस ने आखिर राज्यसभा में उम्मीदवार फाइनल कर लिया। महाविकास अघाड़ी एक है और हम सभी साथ रहेंगे। यह बात सही है कि संजय राउत लगातार कहते रहे हैं कि शरद पवार को राज्यसभा जाना चाहिए। हालांकि उनके सुर आदित्य ठाकरे से अलग रहे हैं, जो चाहते थे कि प्रियंका चतुर्वेदी को एक मौका और मिलना चाहिए। प्रियंका चतुर्वेदी का कार्यकाल समाप्त हो गया है और उन्हें फिर से मौका नहीं मिला है। वह राज्यसभा में अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भावुक भी नजर आई थीं।

इस तरह पूरे प्रकरण को आदित्य ठाकरे और संजय राउत के बीच खींचतान के तौर पर देखा जा रहा है और इसके आधार पर लोग कह रहे हैं कि प्रियंका के नाम पर संजय राउत ने वीटो लगा दिया और इस तरह शरद पवार का रास्ता साफ हो गया। मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि संजय राउत एक तरह से विजेता बनकर उभरे और उन्होंने उद्धव सेना का एजेंडा तय कर दिया। अब कहा जा रहा है कि उद्धव सेना के खाते में विधान परिषद की सीट आ सकती है। लेकिन पार्टी के एक वर्ग का मानना है कि सबसे बड़ा दल विपक्ष में उद्धव सेना ही है। फिर भी राज्यसभा की सीट एनसीपी-एसपी के खाते में जाना दुखद है।

राज्यसभा सीट के लिए तो कांग्रेस ने भी दावा किया था। इस संबंध में राहुल गांधी से भी बात की गई थी, लेकिन अंत में पार्टी शरद पवार के नाम पर ही सहमत हुई। अब देखना होगा कि एमएलसी सीट पर क्या होता है। अगले महीने ही उद्धव ठाकरे का एमएलसी का कार्यकाल खत्म होगा। ऐसे में नजरें इस बात पर टिकी हैं कि वह रिपीट होंगे या फिर किसी और नेता को उनके स्थान पर मौका दिया जा सकता है।

## खामेनेई की मौत के बाद अब घाटी में सामान्य हो रहे हालात, सीएम उमर ने लोगों से की बात



**श्रीनगर,(ईएमएस):** अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के विरोध में जम्मू कश्मीर में प्रदर्शनों के बाद सुरक्षा बल पूरी तरह से मुस्तैद है। तनाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, हालांकि कश्मीर में गुरुवार को भी प्रतिबंध जारी रहे है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे घाटी क्षेत्र में दिनभर प्रतिबंध लागू रहेगा और किसी भी प्रकार के विरोध प्रदर्शन या लोगों के जमावड़े की अनुमति नहीं दी जाएगी। श्रीनगर जिले और घाटी के अन्य जिलों में सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियों को तैनात किया था। प्रतिबंधों को लागू करने के लिए सड़क चौराहों पर बैरिकेड और नाकाबंदी की गई थी।

श्रीनगर और अन्य जिलों में शिया मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्रों में इन प्रतिबंधों को और अधिक सख्ती से लागू किया गया है। पुलिस अधिकारियों की तरफ से एहतियाती उपायों को जारी रखने के बावजूद घाटी में स्थिति में स्पष्ट रूप से सुधार हो रहा था, क्योंकि श्रीनगर शहर के ऊपरी इलाकों और घाटी के अन्य सभी जिला मुख्यालयों में लोग एक-दो के समूह में जीवन की आवश्यक वस्तुएं खरीदने के लिए निकल रहे थे। श्रीनगर के ऊपरी इलाकों में स्थित लाल चौक को छोड़कर अन्य सभी क्षेत्रों में दुकानें सामान्य रूप से चलती रहीं। दुकानें उन स्थानों पर बंद रहीं, जहां प्रतिबंधों को लागू करने के लिए बैरिकेड, टिन की चादरें और कंटीले तार लगाए गए थे। जैसे-जैसे तनाव कम होने लगा, सुरक्षा बलों ने भी उन लोगों के प्रति नरम रुख दिखाया जो सामान्य जीवन की गतिविधियों को फिर से शुरू करने के लिए बाहर निकल रहे थे, जहां भी ऐसी गतिविधियां संभव थीं।

श्रीनगर शहर में, पुराने शहरी इलाकों को छोड़कर कार्यालय जाने वाले लोग घाटी के अन्य हिस्सों की तरह ही सुबह अपने कर्तव्यों को फिर से शुरू करने के लिए निकले। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय गुरुवार को भी बंद रहे और ७ मार्च के बाद खुलने है। कश्मीर विश्वविद्यालय, क्लस्टर विश्वविद्यालय और केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा ७ मार्च तक निर्धारित सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इंटरनेट सेवाएं २जी स्पीड पर उपलब्ध रहेंगी, जबकि प्रीपेड मोबाइल फोन पर सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित रहेंगी। अधिकारियों ने इंटरनेट पर आपत्तिजनक सामग्री अपलोड करने के आरोप में कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है। सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी और श्रीनगर के पूर्व महापौर जुनैद अजीम मट्टू उन लोगों में शामिल हैं जिनके खिलाफ भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। घाटी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में धार्मिक, सामाजिक और कारोबारी समुदायों सहित नागरिक समाज के सदस्यों के साथ बातचीत की।

### किसी भी जगह धार्मिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते : हाई कोर्ट

**मुंबई (ईएमएस):** मुंबई एयरपोर्ट के पास नमाज पढ़ने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है।

कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सुरक्षा का मुद्दा धार्मिक परंपराओं से ऊपर है।अदालत ने एयरपोर्ट के पास नमाज अदा करने के लिए अस्थायी जगह की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है।

### उद्योग और समाज का संगम: कृतज्ञता पार्क बनेगा आभार का प्रतीक


**बोकारो (ससे):** बोकारो इस्पात संयंत्र को अपने स्थापना काल से ही स्थानीय निवासियों का निरंतर सहयोग, विश्वास और सहभागिता प्राप्त होती रही है। संयंत्र की आधारशिला से लेकर आज तक की प्रगति यात्रा में इस क्षेत्र के लोगों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और अविस्मरणीय रहा है। उनकी प्रतिबद्धता, त्याग और सकारात्मक सहयोग के परिणामस्वरूप ही संयंत्र आज राष्ट्रीय औद्योगिक परिदृश्य में एक सशक्त स्थान प्राप्त कर सका है।

संयंत्र प्रबंधन स्थानीय समुदाय की इस भूमिका के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता है। इसी भाव को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा सेक्टर-११ में कृतज्ञता पार्क की स्थापना की पहल की गई है। यह पार्क उन निवासियों के सम्मान में एक स्थायी स्मारक के रूप में विकसित किया जाएगा, जिन्होंने बोकारो इस्पात संयंत्र के निर्माण एवं विकास में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान दिया। कृतज्ञता पार्क केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि उद्योग और समाज के बीच सुदृढ़ संबंधों का प्रतीक होगा। यह भावी पीढ़ियों को भी यह स्मरण कराएगा कि किसी भी औद्योगिक उपलब्धि के पीछे स्थानीय समुदाय की सहभागिता और सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संयंत्र प्रबंधन विश्वास व्यक्त करता है कि भविष्य में भी स्थानीय समुदाय का सहयोग और विश्वास इसी प्रकार बना रहेगा,

### कोई राष्ट्रीयता नहीं, कोई शर्तें नहीं, बस मानवता, हमें इंस्टाग्राम पर डीएम करें

**मुंबई,(ईएमएस):** कोविड में लोगों की मदद करने के बाद अब सोनू सूद ने उन लोगों की तरफ मदद का हाथ बढ़ाया है जो ईरान-अमेरिका वॉर की वजह से दुबई में फंसे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग दुबई में फंसे हैं, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। उनके रहने की व्यवस्था वह कर रहे हैं। सोनू सूद ने कहा कि सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि हर देश के लोगों की वह मदद करने को तैयार हैं। सूद ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के साथ सोनू सूद ने कैप्शन लिखा- वॉर की वजह से कई यात्री दुबई में फंस गए हैं। अगर आप या ऐसे किसी को आप जानते हैं जिनके पास वहां रहने की व्यवस्था नहीं है, तो हम उनके वहां रहने की फ्री में व्यवस्था कर रहे हैं।

## महायुद्ध अब हिंद महासागर तक पहुंचा राहुल गांधी ने सरकार को घेरा



**नई दिल्ली,(ईएमएस):** ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले जारी हैं। वहीं ईरान भी इजराइल और अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है। यह महायुद्ध अब हिंद महासागर तक पहुंच गया है। हिंद महासागर में अमेरिका ने ईरान के युद्धपोत को निशाना बनाया है, जिसमें ८० से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। मिडिल ईस्ट इस वक्त युद्ध की पीड़ा झेल रहा है, जिसकी आहट भारत में भी महसूस होने लगी है। भारत का सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस ने इस मामले में पीएम मोदी को घेरा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने कहा है कि भारत की तेल सप्लाई खतरे में है, हमारा ४०फीसदी से ज्यादा इम्पोर्ट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए हालत और भी खराब हैं। ऐसे समय में हमें एक मजबूत हाथ की जरूरत है, लेकिन भारत के पास एक समझौता करने वाला पीएम है जिसने हमारी स्ट्रेटेजिक आजादी को छोड़ दिया है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि विश्व एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। समुद्री क्षेत्र में बड़ी चुनौतियां सामने खड़ी हैं। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत के डूबने से संघर्ष भारत की दहलीज तक पहुंच गया, लेकिन पीएम मोदी ने कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में कमान एक स्थिर हाथ में रहने की जरुरत होती है। राहुल ने आरोप लगाया कि इसके बजाय, भारत के पास एक समझौतावादी पीएम हैं जिन्होंने हमारी सामरिक स्वायत्तता का समर्पण कर दिया है।

## धर्मांतरण विरोधी कानून को महाराष्ट्र सरकार की मंजूरी

**मुंबई(ईएमएस):** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में लंबे समय से लंबित धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने एंटी कन्वर्जन (धर्मांतरण विरोधी) विधेयक को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले के बाद अब जल्द ही इस संबंध में शासन निर्णय (जीआर) जारी किए जाने की तैयारी है। राज्य के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि महाराष्ट्र में लंबे समय से धर्मांतरण विरोधी कानून की मांग की जा रही थी। मंत्री नितेश राणे ने कहा कि कई हिंदुत्व संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को लेकर वर्षों तक आंदोलन और मोर्चे निकाले थे। उन्हीं मांगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नए कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति जबरन, धोखे से या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराता है तो उसके खिलाफ नॉन-बेलेबल अपराध के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी संभव होगी और उन्हें आसानी से जमानत नहीं मिल सकेगी। कानून के सभी तकनीकी और कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। ताकि आम नागरिकों को इसके प्रावधानों की स्पष्ट समझ मिल सके। मंत्री ने दावा किया कि महाराष्ट्र का प्रस्तावित धर्मांतरण विरोधी कानून अन्य राज्यों की तुलना में अधिक सख्त और प्रभावी होगा। उन्होंने विशेष रूप से मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लागू कानूनों से भी अधिक कठोर प्रावधान महाराष्ट्र के विधेयक में शामिल किए गए हैं। इस मंजूरी से इतर राज्य सरकार किसानों को बड़ी राहत देने जा रही है।राज्य के कर्जदार किसानों के सिर पर बोझ जल्द ही कम होने वाला है। सरकार जल्द ही कर्ज माफी की घोषणा करने वाली है।

## असम में कांग्रेस को झटका, तीन विधायक भाजपा में शामिल

**डिसपुर,(ईएमएस):** असम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को बड़ा करारा झटका लगा है। दरअसल कांग्रेस के तीन मौजूदा विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ, शशिकांत दास और बसंत दास ने गुरुवार को सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व संयुक्त सचिव पीबी कलिता और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव कनकन नाथ भी भाजपा में शामिल हुए।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक - गणेश मिश्रा. फोन - 9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# होली के जश्न के दौरान फायरिंग, दो युवक घायल, एक गिरफ्तार





**धनसार (ससे) :** जिले के धनसार थाना के बरमसिया फुटबॉल ग्राउंड में होली के जश्न के दौरान अचानक हुई फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। डीजे बजाने और पैसे को लेकर हुआ विवाद देखते ही देखते फायरिंग में बदल गया। इस घटना में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। विष्णु कुमार के पैर में गोली लगी, जबकि पुष्पक के पेट में गोली लगी है।

बरमसिया त्रिमूर्ति सदन के पास रहने वाले घायल विष्णु कुमार ने बताया कि वह ठेकेदार विकास लाला के लिए पेटी कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करते थे। गोधर में एक अस्पताल निर्माण के दौरान उस पर करीब २.५ लाख रुपये बकाया था। इसी पैसे की मांग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद विकास लाला और उसके साथियों ने फायरिंग कर दी। विष्णु के पैर में गोली लगी, जबकि उसके दोस्त पुष्पक मिश्रा के पेट में गोली लगी है।

घायल पुष्पक मिश्रा ने बताया कि होली के जश्न के लिए लोग फुटबॉल ग्राउंड में जमा हुए थे। इसी दौरान मारपीट और फायरिंग हुई। उसने आरोप लगाया कि विकास लाला ने गोली चलाई। पुष्पक ने बताया कि वह अपने दादा के घर बरमसिया शनि मंदिर में उनकी तेरहवीं में शामिल होने आया था। वह दिल्ली में पढ़ाई करता है।

धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि डीजे बजाने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद गोली चली। दो लोगों को गोली लगी है और उनका एसएनएमएमसीएच में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि एक पक्ष पैसे के बकाया का मामला बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष जमीन की खरीदबिक्री के विवाद को वजह बता रहा है। वहीं इस गोलीकांड में पुलिस ने अनिल यादव नामक युवक को। गिरफ्तार कर लिया है। शेष की तलाश जारी है।

## दो पड़ोसियों के बीच मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार





**केन्दुआ (ससे) :** केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के केन्दुआ कठगोला बस्ती में पुरानी विवाद में दो पड़ोसी के बीच आपस में बीती रात जमकर गालीगलौज, मारपीट की घटना घटी है। दोनों ओर से ईट पत्थर, लाठी डंडे चले। बिना कारण के यादव पक्ष के लोगों ने काली मंदिर में तोडफोड, मारपीट किया। रंजीत महतो की पत्नी पूजा देवी के साथ मारपीट, छेड़छाड़ किया गया। वही एक पक्ष के मंटू पासवान का सर फट गया है। मंटु के लिखित शिकायत पर रामजी रजवार, सुनील रजवार, विजय रजवार अन्य पर कांड संख्या १५/२६ दर्ज किया गया है।

वही रजवार पट्टी के रामजी रजवार, सुनील रजवार, विजय रजवार घायल हुए हैं। रामजी रजवार के लिखित शिकायत पर उपेन्द्र यादव, विक्की यादव, मंटु पासवान, अनिल यादव, राजु यादव, अवधेश यादव गोलु यादव आदि पर कांड संख्या १६/२६ में मामला दर्ज किया गया है। घटना की सूचना पर केन्दुआडीह थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रमोद पांडेय दलबल मौके पर पहुँच कर मामले को शांत करवाया।

घायलों को ईलाज के लिए एसएनएमएमसीएचसी भेजा गया है। पुलिस बल घटना स्थल पर कैम्प किये हुए है। केन्दुआडीह थाना प्रभारी ने बताया कि आपसी पुरानी रंजीश में मारपीट की घटना हुई है। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या १६/२६ के नामजद आरोपी उपेन्द्र यादव और विक्की यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है।

## श्रीश्री 108 श्री नवरात्रि अखण्ड हरि कीर्तन, शोभा यात्रा, नगर भ्रमण के साथ शुभारंभ



**जोड़ापोखर (ससे) :** बलियापुर प्रखंड अंतर्गत मुकुंदा हरि बोल मंदिर प्रांगण में १०६वां हरि बोल अखण्ड हरिकीर्तन ५ को नव वर्ष के अवसर पर प्रारंभ की गई है, जो १६ को कुंज भंग के साथ समापन की जाएगी। शुक्रवार को ग्राम वासियों द्वारा सुबह में ढोलक झाल व गाजे बाजे के साथ लगभग ३ किलोमीटर के दायरे में नगर भ्रमण करते हुए अलकडीहा पतालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात पुनः राधाकृष्ण हरि मंदिर प्रांगण में पूजाअर्चना कर प्रारंभ की गई। राधाकृष्ण मंडली नगर भ्रमण में भजन कीर्तन के साथ सामिल हुए। निरंतर कीर्तन प्रेमियों के सहयोग से हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी मुकुंदा सोलह आना हरी मंदिर समिति व ग्रामिणों द्वारा तन मन और धन से समर्पित होकर शुभारम्भ की गई हैं।

पाला कीर्तन मोनी लता घोष विरभूम, पुष्पा रानी दासी गोकृा, अर्जित मुखर्जी (बांकुड़ा) के अलावे जिले के अन्य पाला कीर्तन मंडली के द्वारा एक दिन बीच कर के प्रस्तुत की जाएगी। पाला कीर्तन स्थल पर सैकड़ों कीर्तन प्रेमियों की भिड़,राधा-कृष्ण की झांकी का दृष्य संध्या से रात्रि १० बजे तक भिड़ देखने लायक होती हैं। शोभा यात्रा में जिला परिसद सदस्य स्वेता कुमारी, जयंती सिंह, नरेश महतो, हीरालाल गोराई, जयराम रवानी, दया मय मोदक, हीरा-लाल मोदक, सुनील मोदक, कुलदीप साव, मनोहर महतो, प्रेम महतो, काली चरण महतो, श्रवण महतो, परेश चंद महतो, डा निशा महतो, धीरू महतो, उत्तम महतो एवं ग्रामीणों १६ आना के सभी लोगों का भरपुर सहयोग रहा। मेला में भीड़ को नियंत्रण के लिए नवयुवकों, समिति के गणमान्य लोगों व तिसरा थानेदार सुमन कुमार व अन्य पुलिस बल हमेशा तत्पर रहते हैं।

# दो गुटों की झड़प को शांत करने पहुंचे एसआई रोहित कुमार घायल



**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा में शाम दो गुटों की झड़प शांत कराने पहुंचे लोयाबाद थाना के एस आई रोहित कुमार महतो चोटिल हो गए। पत्थरबाजी में रोहित कुमार के चेहरे पर चोट लग गई। आननफानन में उन्हें स्थानीय नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां उन्हें तीन टांके लगाए गए। घटना में एकड़ा के रहने वाले राहुल पासवान और मुकेश गुप्ता घायल हो गए और इस दौरान हुई पत्थरबाजी में लोयाबाद गश्ती दल के जवान बाल बाल बचे।

घटना की सूचना मिलते ही करीब आधा दर्जन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और उपद्रवियों की तलाश में पुटकी थाना क्षेत्र के गोपालीचक पासी और पासवान पट्टी में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने पांच लोग बिनोद पासी, सूरज कुमार हरिजन, अशोक कुमार तांती, गुड्डू कुमार और गोवर्धन कुमार को पकड़कर लोयाबाद थाने ले आई।

पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। गोपालीचक पासी पट्टी और पासवान पट्टी के सभी लोग पुलिस के डर से अपने घर में ताला लगाकर भाग गए थे। सभी घरों में बाहर से ताला लटका था। समाचार लिखे जाने तक पुलिस छापेमारी में जुटी थी, मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की भी तैयारी चल रही थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शाम करीब चार बजे एकड़ा शिव मंदिर के पास रहने वाले बीसीसीएल कर्मी राहुल पासवान एकड़ा पुल के समीप कुछ लोगों के साथ बैठे थे, वहां पर गोपालीचक पासी पट्टी और पासवान पट्टी के भी कुछ युवक बैठे थे।

इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कुछ कहासुनी हुई, जिसके बाद गाली गलौज और मारपीट शुरू हो गया। उस समय कुछ लोगों ने बीच बचाओ कर दोनों पक्षों को वहां से हटा दिया। करीब एक घंटे बाद गोपालीचक पासी पट्टी और पासवान पट्टी के करीब ७०-८० लोग लाठी डंडे के साथ राहुल पासवान के घर पर चढ़ाई कर दिया और उसकी पिटाई करने लगे, इस दौरान बीच बचाओ करने आए मुकेश गुप्ता की भी लोगो ने पिटाई कर दी। लोग पत्थरबाजी भी कर रहे हैं। पत्थरबाजी और मारपीट की सूचना मिलते ही एस आई रोहित कुमार गश्ती दल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभालने की कोशिश करने लगे, इसी दौरान उपद्रवी लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया, जिसमें रोहित कुमार चोटिल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही केंदुआडीह अंचल निरीक्षक जय प्रकाश महतो,पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन, लोयाबाद थाना प्रभारी पिकु प्रसाद, जोगता थाना प्रभारी पवन कुमार, सोनारडीह थाना प्रभारी दिलीप पाल, भागाबांध थाना प्रभारी धर्मराज कुमार, मुनीडीह थाना प्रभारी मनिता कुमारी, गोन्दुडीह ओपी प्रभारी लव कुमार चौधरी सदलबल मौके पर पहुंचे और कारवाई शुरू कर दी।

मामले में लोयाबाद थाना प्रभारी पिकु प्रसाद ने बताया कि एकड़ा में दो गुटों की झड़प शांत कराने एस आई रोहित कुमार पुलिस गश्ती दल के साथ वहां पहुंचे थे, इसी दौरान कुछ उपद्रवी लोगों द्वारा उनपर पथराव कर दिया गया, जिसमें उन्हें चोट आई है। घटना में पुलिस पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस दोषियों की पहचान कर उनपर कड़ी कानूनी कारवाई करेगी।

## घायल करने की शिकायत दर्ज



**लोयाबाद (ससे) :** लोयाबाद हटिया बजरंगी मंदिर के समीप निवासी नितू चौधरी ने साहिल कुमार, झरिया भुईयां, लाला पंडित, प्रताप कुमार सहित २५ अन्य के द्वारा अपने पुत्र बिट्टू कुमार चौधरी पर होली के रात लोयाबाद नं. ६ के समीप जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए लोयाबाद थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## बाहा बोंगा पूजा के संगीत पर नृत्य व गीत प्रतियोगिता



**बलियापुर (ससे) :** धोखरा गांव में सरहुल (बाहा बोंगा पूजा) के मौके पर संथाली नृत्य गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांव के नायकी हदाम जाहेर थान में पारंपरिक विधि विधान के साथ पूजा की गई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न गांव के करीबियों ने धार्मिक नृत्य परंपराओं का हिस्सा लिया। नृत्य कला के कलाकारों ने बारी-बारी से आकर्षण संथाली नृत्य और गीत प्रस्तुत किया। लोगों ने कार्यक्रम की काफी खरीदारी की। बेहतर नृत्य एवं गीत प्रस्तुत करने वाले सिंहरायडीह की टीम को प्रथम तथा मुगमा के गोपीनाथपुर एवं उकमा की नृत्य टीम को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मॉस में विशु सोरेन, आनंद सोरेन, भैरव, जॉर्डन सोरेन, मंगल सोरेन, पवन सोरेन, रमेश सोरेन, कोलकाता, दीपक, अशोक, शरद हेंब्रम सहित सैकड़ों लोग थे।

## फरार आरोपी गिरफ्तार

**केन्दुआ (ससे) :** केन्दुआडीह थाना कांड संख्या १४/२६ के गोधर वाटर बोर्ड निवासी विक्की सिंह को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। भुक्तभोगी



प्रिंति शर्मा पति राजकुमार शर्मा के फल दुकान में विवाद के बाद पति को गाडी से घसीटने का आरोप लगा था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

## मोटरसाइकिल छिन लेने की शिकायत

**धनसार (ससे) :** धैया लाहबनी निवासी विकास सिंह ने धनसार थाना में दहुआटाड के अज्ञात युवकों पर मोटरसाइकिल छीन लेने की शिकायत किया है। विकास बरमसिया के रेल्वे यार्ड में काम करता है। विकास का कहना है कि बुधवार को रेल्वे यार्ड में काम करके अपने दोस्त को दहुआटांड घर छोड़ने गया था। आने के क्रम में तीन से चार युवकों ने उसके साथ मारपीट कर मोटरसाइकिल छीन लिया है धनसर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पुराने विवाद को ले बमबाजी, पुलिस जांच में जुटी

**धनबाद (कासं) :** बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बेहराकुदर गाँव में पुराने विवाद को लेकर बमबाजी की घटना को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि होली के दूसरे दिन बेहराकुदर निवासी पंचानंद सिंह अपने घर के सामने बैठे थे, इसी दौरान शुभम सिंह नामक युवक करीब छह लड़कों के साथ वहां पहुंचा और पंचानंद से



छिनतई करने का प्रयास करने लगा, लेकिन हो हल्ला करने पर सभी युवक भागने के क्रम में बमबाजी कर वहां से फरार हो गए। बमबाजी से गाँव वालों में दहशत फैल गई। वहीं, सूचना पाकर बरोरा थाना की पुलिस मौके पर पहुँची और मौके से बम के अवशेष और एक बाइक जब्त कर थाना ले आई है। पीड़ित पंचानंद सिंह ने कहा कि होली को लेकर परम्परानुसार घर के सामने बैठ बच्चों को कुछ पैसे दे रहा था। इसी क्रम में शुभम सिंह कई लोगो के साथ हथियार लेकर पहुँच गया और उनसे १५ हजार रुपये छीन लिया। हो हल्ला करने पर पंचानंद के बेटे मौके पर पहुंच गए, इसके बाद वे सभी बमबाजी करते हुए वहां से फरार हो गए। वहीं इस मामले में छह नामजद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में सेवानिवृत्त जमादार गिरफ्तार

**धनबाद (कासं) :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) धनबाद ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में एक सेवानिवृत्त जमादार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम लालेश्वर सिंह (६३) है। उसे हीरापुर स्थित उसके आवासीय कॉलोनी से एसीबी ने दबोचा है। यह कार्रवाई एसीबी ने सोमवार देर रात की है। उसे बीपी और शुगर की शिकायत थी, जिसके बाद एसीबी की टीम ने उसे एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया है।

एसीबी अधिकारियों के मुताबिक, जांच में सामने आया है कि लालेश्वर सिंह ने अपनी सेवा अवधि के दौरान ज्ञात आय स्रोतों से अधिक करीब १५ करोड़ रुपये की संपत्ति बनाई। शिकायत मिलने के बाद मामले की विस्तृत जांच की गई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई।मिली जानकारी के अनुसार, इस मामले की पड़ताल वर्ष २०१६ से चल रही थी। फरवरी २०१९ में प्रारंभिक जांच दर्ज की गई और सितंबर २०२० में जांच रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपी गई। बाद में जनवरी २०२३ में औपचारिक प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। जांच पूरी होने के बाद सोमवार को एसीबी टीम ने आरोपी के आवास पर छापेमारी की और आवश्यक दस्तावेज जुटाने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को मेडिकल जांच के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका शुगर लेवल बढ़ा हुआ पाया गया। फिलहाल उन्हें चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों से अनुमति मिलने के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बताया जाता है कि आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री रीता वर्मा की सुरक्षा गार्ड के रूप में भी तैनात रह चुका है। इस कारण यह मामला और भी चर्चाओं में है। एसीबी का कहना है कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## 48 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**धनबाद (कासं) :** आरपीएफ धनबाद ने ऑपरेशन सतर्क के तहत ४८ बोतल अंग्रेजी शराब के साथ १ तस्कर को गिरफ्तार किया है। धनबाद स्टेशन में आपराधिक गस्ती के दौरान आरपीएफ ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर २ पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था मे लाल रंग का ट्रॉली बैग के साथ देखा। तत्पश्चात गस्ती दल उसके पास पहुंच कर नाम व पता पूछने पर नितेश कुमार सिंह (२८), थाना-सासाराम, जिला रोहतास, बिहार बताया ट्रॉली में रखे समान के बारे में पूछताछ मे बताया कि ट्रॉली बैग मे अंग्रेजी शराब है । शराब से संबंधित कागजात मांगने पर कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाया तत्पश्चात मौके पर समस्त विधिक कारवाई करते हुए पकड़े गए व्यक्ति के पास से बरामद प्रतिबंधित शराब जब्त कर लिया गया। आगे पूछताछ करने पर युवक ने बताया कि वह अंग्रेजी शराब को बिहार में ले जाकर अधिक दामो में बेचता । जब्त शराब की कीमत १९.६ हजार आंकी गई।

## शहीद रूपेश सिन्हा की 18वीं पुण्यतिथि मुनीडीह में मनाया गया



**पुटकी (ससे) :** मुनीडीह वाशरी मोड़ स्थित शहीद रूपेश सिन्हा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दी झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन मुनीडीह क्षेत्र के द्वारा मुनीडीह वाशरी मोड़ स्थित शहीद रुपेश सिन्हा को श्रद्धांजलि समारोह आयोजित कर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर अमरेंद्र कुमार सहाय वरिष्ठ अधिवक्ता धनबाद ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि रुपेश सिन्हा अपने कार्यों के बदौलत जनजन में लोकप्रिय हो रहे थे। उनकी लोकप्रियता से घबराकर कालीचरण महतो नामक एक व्यक्ति द्वारा गोली मार दी गई जिसके कारण उनके मौत हो गई थी। उनके जुझारू पन एवं समाज सेवा के लिए लोग जानते थे प्यार करते थे। श्रद्धा रखते थे आज उनकी १८वीं श्रद्धांजलि समारोह में हम लोगों दिवंगत आत्मा को पुष्पित कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। जिस व्यक्ति ने गोली मारी वह व्यक्तिकाली चरण महतो आज आजीवन कैद की सजा भुगत रहा है। स्व. रूपेश सिन्हा के अधूरे कार्यों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर श्रद्धांजलि देने वालों में विनोद सिन्हा, मुकेश सिन्हा, जेपी लाला, वेदानंद सिन्हा, पंकज पांडे, पवन सिन्हा, रमाशंकर सिंह, मनोज गोप, मंगल दास, वीरेन गोप, लक्ष्मीकांत सिन्हा, मनोज कुमार, पवन सिन्हा, रोशन मिश्रा, ए के सिन्हा, उत्तम वर्मा, सुनील पासवान, गणेश दास, सीमा देवी, फूलबाई देवी एवं अन्य लोग़ थे। शहीद रुपेश सिन्हा की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**जोड़ापोखर (ससे) :** डीएवी बनियाहीर के प्रांगण मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर सम्मानित पत्रकार, समाजसेवी ललन चौबे, शमशेर आलम, मणिकांत सिंह, अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री चौबे ने बिभिन्न प्रतियोगिताओं अपनी परचम लहराने वाले छात्रछात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया। इस पुनीत अवसर पर प्राचार्या डॉ अभिलाषा कुमारी के परिवारी जन भी उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह और पत्रकार बंधुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि, यह होली का पावन पर्व सभी गिलवे शिकवे भूल कर आपसी प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने अपने सम्बोधन मे यह भी कहा कि सभी के सहयोग से ही विद्यालय का चतुर्दिक विकास संभव होगा और मुझे विश्वास है कि सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त भी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित कांग्रेस मजदूर संघ के अध्यक्ष ललन चौबे ने कहा कि विद्यालय के विकास में जिस भी सहयोग की आवश्यकता होंगी उसके लिए सदैव तत्पर रहूँगा।

# तीन प्रमुख कॉलेजों में स्मार्ट लाइब्रेरी का शिलान्यास, विधायक चंद्रदेव महतो ने रखी आधारशिला



**बलियापुर/गोविंदपुर/सिंदरी (ससे):** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के छात्रछात्राओं को आधुनिक शिक्षा और बेहतर पठनपाठन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। विधायक चंद्रदेव महतो ने क्षेत्र के तीन बड़े कॉलेजोंबीबीएम इंटर कॉलेज (बलियापुर), आर.एस. मोर कॉलेज (गोविंदपुर) और सिंदरी कॉलेज (सिंदरी) में स्मार्ट लाइब्रेरी निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इन सभी स्मार्ट लाइब्रेरीज का निर्माण डी.एम.एफ.टी. मद के अंतर्गत किया जा रहा है।

शिलान्यास के अवसर पर विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि आज का युग डिजिटल शिक्षा का है। कॉलेजों में स्मार्ट लाइब्रेरी बनने से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रछात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और डिजिटल रिसर्च में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारा लक्ष्य क्षेत्र के हर विद्यार्थी को विश्वस्तरीय शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराना है। स्मार्ट लाइब्रेरी न केवल किताबों का संग्रह होगी, बल्कि यह आधुनिक तकनीक से भी लैस होगी।

बलियापुर स्थित बीबीएम इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में विधायक के साथ पूर्व विधायक आनंद महतो भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक ने क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क, तालाब और स्कूल भवनों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। विभिन्न शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान विकास समिति के सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद अग्रवाल, संतोष रवानी, प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार महतो, कृष्णा दा, रोहित कुमार महतो समेत कॉलेज प्रबंधन के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में छात्रछात्राएं उपस्थित थे। इस पहल से छात्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि लंबे समय से क्षेत्र में एक आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

## जियलगोरा में मिट दुकान में तोड़फोड़ कर युवकों ने 18 हजार लूटे



**जोड़ापोखर (ससे) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जियलगोरा में देर रात को लगभग दो दर्जन युवकों ने मिट दुकान में हमला कर दुकानदार मो हलीम के साथ मारपीट कर लगभग १८ हजार रुपया लूटकर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता सदल बल के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर क्षेत्र में लगातार छापामारी कर रही है। मालूम हो कि होली के दिन बुधवार को दोपहर में जियलगोरा चेकपोस्ट के पास सात नंबर मुहल्ले के एक युवक के साथ हाड़ी पट्टी के युवकों का झगड़ा हुआ था। जिसमें हाड़ी पट्टी के युवकों द्वारा सात नंबर के युवक के साथ मारपीट की गई थी । कल की मारपीट की घटना में शामिल एक युवक आज देर रात को मिट दुकान में मिट की खरीदारी कर रहा था जिसे देखकर सात नंबर शिव मंदिर निकट निवासी के एक युवक ने अपने दो दर्जन दोस्तों के साथ मिट दुकान में घुसकर हाड़ी पट्टी के कथित युवक की पिटाई करने लगा। उग्र युवकों की टोली को जब दुकानदार हलीम ने बीच बचाव कर झगड़ा छुड़ाने का प्रयास किया तब उग्र युवकों ने हलीम के साथ हाथापाई करते हुए दुकान में पत्थरबाजी कर तोड़फोड़ करने लगे। इस क्रम में युवकों ने मिट दुकानदार के गल्ले से लगभग १८ हजार रुपए लुट लिए। दुकान में उपद्रव करते देख स्थानीय लोग भड़कते हुए उपद्रवी युवकों का विरोध करने पर सभी युवक फरार हो गए। थाना प्रभारी ने कहा कि उपद्रवी युवकों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र गुंडागर्दी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कार्यालय : सिविल सर्जन–सह–सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, जामताड़ा।
सदर अस्पताल परिसर, पो0 + जिला – जामताड़ा, पिन – 815351, झारखण्ड।

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
सूचना सं0 02(एन0सी0डी0)/2025–26

NOHP के सफल क्रियान्वयन हेतु उपभोग्य (Consumables) एवं अन्य सामग्रियों का क्रय किया जाना है। इस निमित्त प्रतिष्ठित या उनके अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/विक्रेताओं से अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 06.03.2026 से 14.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिला एन0सी0डी0 कार्यालय, जामताड़ा में आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त सभी उपकरण एवं अन्य सामग्रियों से संबंधित विस्तृत विवरणी (अति अल्पकालीन निविदा) जिले के आधिकारिक वेबसाइट (http://www.jamtara.nic.in) पर देखा जा सकता है।

ह0/–
सिविल सर्जन–सह–सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, जामताड़ा।

PR 374085 (District) 25-26 (D)

## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (प्रथम आमंत्रण)**
**द्वितीय शुद्धि पत्र**
(PR No. 373485)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –DWSD/Dhanbad-2/13/2025-26 दिनांक :– 21.02.2026
उक्त निविदा में तकनीकी कारणों से निम्नांकित संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में वर्णित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 02.03.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। | दिनांक 02.03.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.03.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। | दिनांक 09.03.2026 समय 12:00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.03.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न तक। | दिनांक 09.03.2026 समय 12:00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.03.2026 समय 04:00 बजे अपराह्न। | दिनांक 10.03.2026 समय 12:00 बजे अपराह्न तक। |

➢ निविदा की अन्य शर्त्त यथावत रहेगी ।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2,
धनबाद।

PR 374160 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, DRINKING WATER & SANITATION DIVISION NO-2, GIRIDIH

**Very Short Term e-procurement Notice**
**Tender reference No. - DWSD/GIRIDIH-2/35/2025-26(1st Call) DATED: 05-03-2026**

The under signed, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water &Sanitation Department, Government of Jharkhand. The work of Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pumps India Mark-II as detailed is BOQ. The rate to be paid for the work as said above will be decided as per the lowest rate quoted in e-procurement. The relevant articles of PWD Code will be applicable. The rates will be applicable for years 2025-26. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in. The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl no | Name of the work | Name of Group | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) | Period of Supply |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Supply of Spare parts of Deep Well Hand Pumps India Mark-II conforming to IS:9301-1190 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares common to both India Mark-II & III respectively) under D.W.&S Division, No-2, Giridih for the year 2025-26. | 01 | 41,39,208.00 | 82,800.00 | 5,000.00 | 7 Days |
| 2 | Date & Time of Publication of Tender on Website. | 09-03-2026 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date & Time for Receipt of Bid. (Online) | 16-03-2026 up to 5:00 PM | | | | |
| 4 | Cost of tender Paper and Earnest Money Deposit on submission of bids (if applicable) as per mentioned in Annexure- 1 vide letter No- 120 dt 03.10.2023 by Secretary, Department of Information Technology and e-Governance Government of Jharkhand. | 16-03-2026 up to 5:00 PM | | | | |
| 5 | Date & Time of Opening of Tender | 17-03-2026 up to 5:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division No-2, Giridih | | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement Office | 7544099310 | | | | |
| 8 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-248045 | | | | |

Note:- • No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
• Further details can be seen on website Http://jharkhandtenders.gov.in
• Estimated Cost may be increase or decrease.

(Avik Ambala)
Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Division No-2, Giridih

PR.NO.374161 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल धनबाद।

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–10/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एमं पदनाम :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, धनबाद।
2. परिमाण विपत्र विक्री की अन्तिम तिथि एवं समय :– दिनांक–14.03.2026 को 1.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–16.03.2026 को 3.00 बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–16.03.2026 को 3.30 बजे अपराहन।
5. निविदा बिक्री का स्थान :– (i) सदर थाना, धनबाद का कार्यालय।
   (ii) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (i) सदर थाना, धनबाद का कार्यालय।
   (ii) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय।
7. कार्यो की सूची :–

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of ACR-II with Office at UMS Bakdi Bauwa, Baghmara, Dhanbad. | 24,28,000.00 | 48,600.00 | 5,000.00 | 03 माह। |
| 2 | Construction of New Slab after Dismantling Old Slab for COE-(B) in Campus of I.T.I. Dhanbad. | 21,25,600.00 | 42,600.00 | 5,000.00 | 03 माह। |
| 3 | Renovation of Niyojnalaya Kumardhubi, Dhanbad | 22,61,000.00 | 45,300.00 | 5,000.00 | 03 माह। |
| 4 | Construction 01 ACR in ACR-III at UMS Badki Bauwa, Baghmara, Dhanbad. | 12,94,600.00 | 25,900.00 | 2,500.00 | 02 माह। |
| 5 | Construction of Boundary Wall with Main Gate & Concertina Coil Fencing at NPS Lalmatiya, Block Baghmara, Distt. Dhanbad. | 13,00,250.00 | 26,100.00 | 2,500.00 | 02 माह। |
| 6 | Construction of Boundary Wall with Main Gate & Concertina Coil Fencing at NPS Jamuniatand, Block Baghmara, Distt. Dhanbad. | 11,35,100.00 | 22,800.00 | 2,500.00 | 02 माह। |
| 7 | Construction of Boundary Wall at UMS Badki Bauwa, Baghmara, Dhanabd. | 9,37,700.00 | 18,800.00 | 1,250.00 | 02 माह। |
| 8 | Construction of Tube Well with Hand Pump at UMS Badki Bauwa, Baghmara, Dhanbad. | 1,02,000.00 | 2,100.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 9 | Minor Repair at Library Building I.T.I. Dhanbad. | 1,32,800.00 | 2,700.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 10 | Detailed estimate for repair approach road and laying paver block in the campus of building division dhanbad | 2,31,623.00 | 4,700.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 11 | Emergent repair and colourwash in different govt building in dhanbad 2026 | 2,01,488.00 | 4,100.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 12 | Emergent repair of roof and colourwash in EWD office near randhir verma chowk dhanbad | 2,17,477.00 | 4,400.000 | 500.00 | 07 दिन। |
| 13 | Emergent repair and sanitarywork in guest house building division Dhanbad | 2,40,269.00 | 4,900.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 14 | Emergent repair of ADJ1 quarter situated in bekarbandh officer colony dhanbad | 2,20,119.00 | 4,500.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र ?का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
| 15 | Emergent repair of shed and other miscellanious work in court campus dhanbad | 2,40,300.00 | 4,900.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 16 | Emergent repair of JSBCCL office and two-wheeler shed in the campus of building division dhanbad | 2,35,000.00 | 4,700.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 17 | Re-arrangement and adjusting filling work in civil sdo office dhanbad | 60,000.00 | 1,200.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 18 | Laying of Paver Block in Back Side of Police Picket at SNMMCH, Dhanbad. | 2,48,550.00 | 5,000.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 19 | Construction of Chabutra 1 at Front of Cathlab Building in SNMMCH, Dhanbad. | 2,49,100.00 | 5,0000.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 20 | Construction of Chabutra 2 at Front of Clathlab Building in SNMMCH, Dhanbad. | 2,49,000.00 | 5,000.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 21 | Renovation of Wall Tiles in Passage of OPD Buil ding at SNMMCH, Dhanbad. | 2,49,900.00 | 5,000.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 22 | Construction of Chabutra 3 at Front of Cathlab Building in SNMMCH, Dhanbad. | 2,49,100.00 | 5,000.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 23 | Emergent repair and colour wash in quarter no B26 &other mislanious work in officer colony dhanbad | 2,11,164.00 | 4,300.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 24 | Emergent repair of D type quarter no11 in officer colony dhanbad year 2025-2026 | 2,10,680.00 | 4,300.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 25 | Emergent repair of D type quarter no12 in officer colony dhanbad year 2025-2027 | 2,07,056.00 | 4,200.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 26 | Emergent repair and colourwash for quarter noE3&E4 in officer colony bekarbandh dhanbad | 2,22,204.00 | 4,500.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 27 | Emergent repair of quarter no E5 and other mislanious wor in the campus of officer colony dhanbad | 2,00,000.00 | 4,000.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 28 | Roof treatment and other mislanious wor in quarter noC1(ADM L&O) in officer colony dhanbad | 2,20,609.00 | 4,500.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 29 | Emergent sanitary wor in different govt buildin in dhanbad | 1,74,985.00 | 3,500.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 30 | Detailed estimate for new connection pipe line at maithan pipe line via prem ali old p type 9to 12 | 1,80,000.00 | 3,600.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 31 | Detailed estimate for new connection pipe line at pump house court more to old P type qrtr no 9 to 12 hirapur dhanbad | 2,39,500.00 | 4,800.00 | 500.00 | 07 दिन। |
| 32 | Renovation of Room no. 20 and other work at Girls Hostel no. 1 in SNMMCH Dhanbad | 1,34,600.00 | 2,700.00 | 500.00 | 07 दिन। |

नोट :– 1) निविदा की शर्तें :– www.iprdjharkhand.in/iprd123@gmail.com/iprd@sify.com/jharkhandiprd@yahoo.com एवं सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।
2) परिमाण विपत्र दिनांक 14.03.2026 को 3:00 PM से 6:00 PM तक सदर थाना धनबाद में दिया जायेगा।
3) जिन संवेदकों को पूर्व में कार्य आवंटित किया जा चुका है एवं उनके द्वारा अकारण एकरारनामा नहीं कराया गया है, ऐसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.374164 Building(25-26):D

# ईरान के स्कूल पर इजराइली-अमेरिकी हमले की अखिलेश ने की निंदा

**लखनऊ (ईएमएस):** समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पर इजराइली-अमेरिकी हमले की निंदा की। इस हमले में खामेनेई की मौत हो गई थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ईरान के मीनाब शहर के एक स्कूल पर सबसे घातक इजराइली-अमेरिकी हमलों की भी कड़ी निंदा की, जिसमें १६५ छात्राओं की मौत हो गई।

## कार्यालय : सिविल सर्जन-सह-सचिव
## जिला स्वास्थ्य समिति, जामताड़ा
सदर अस्पताल परिसर, पो0 + जिला - जामताड़ा, पिन - 815351, झारखण्ड

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
सूचना सं0 03(एन0सी0डी0)/2025–26

NP-NCD के सफल क्रियान्वयन हेतु उपकरण एवं अन्य सामग्रियों का क्रय किया जाना है। इस निमित्त प्रतिष्ठित या उनके अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता/विक्रेताओं से अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 06.03.2026 से 14.03.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिला एन0सी0डी0 कार्यालय, जामताड़ा में आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त सभी उपकरण एवं अन्य सामग्रियों से संबंधित विस्तृत विवरणी (अति अल्पकालीन निविदा) जिले के आधिकारिक वेबसाइट (http://www.jamtara.nic.in) पर देखा जा सकता है।

ह0/–
सिविल सर्जन–सह–सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, जामताड़ा

PR 374086 District (25-26)_D

## कार्यालय नगर निगम, गिरिडीह

**निविदा आमंत्रण सूचना**

गिरिडीह नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत एक अदद LED Display Board का अधिश्ठापन किया जाना है, इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं–

1. विज्ञापनदाता का नाम :– प्रशासक, गिरिडीह नगर निगम, गिरिडीह।
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समयः– दिनांक– 24.03.2026 को 3.00 बजे अप0 तक।
3. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– दिनांक– 24.03.2026 को 4.00 बजे अप0, गिरिडीह नगर निगम, गिरिडीह।
4. निविदा के साथ जमा की जानेवाली Non Refundable राशि :– राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत 5000.00 रू0 (पांच हजार रूपये) का डिमांड ड्राफ्ट गिरिडीह उप नगर आयुक्त, नगर निगम के नाम से प्रतिज्ञापित होगा।

| क्र0 | सामग्री का विवरण | संख्या | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | P4 Outdoor Visual Display Unit (with Installation and Full Fitting) | 01 अदद | कुल निविदित दर का 05 प्रतिशत। |

निविदा की शर्तें नगर निगम के सूचना पट्ट अथवा विभागीय वेवसाइट udhd.jharkhand.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

ह0/–
प्रशासक,
नगर निगम, गिरिडीह

PR 374158 Urban Development (25-26)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा
कम्बाईन्ड विल्डिंग, जामताड़ा

अति अल्पकालीन पुनः निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/NREP.JMT/UNTIED/ 2025–26

1. निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.03.2026
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दि0–11.03.2026 को अप0 4:00 बजे तक
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दि0–13.03.2026 को अप0 2:00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दि0–13.03.2026 को अप0 3:00 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– समाहरणालय प्रथम तल, जामताड़ा।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– समाहरणालय प्रथम तल, जामताड़ा।
8. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | करमाटॉड़ | पंचायत करमाटॉड़ के ग्राम–सीताकटटा में लोहिया भवन का निर्माण कार्य । | 24,25,300.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 2. | करमाटॉड़ | पंचायत करमाटॉड़ के ग्राम –सीताकटटा में लोहिया भवन का निर्माण कार्य । | 22,57,702.00 | 50000.00 | 5000.00 | तीन माह |

निविदा से संबन्धित शर्त्ते www.jamtara.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा

PR 374104 NREP (25-26)_D

## झारखण्ड सरकार
## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह। (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण शाखा गिरिडीह।)
ई-मेलः– dwo-giridih@jharkhandmail.gov.in

**–: आवश्यक सूचना :–**

शैक्षणिक सत्र– 2026–27 में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पालगंज, पीरटांड में कक्षा–6 (छः) में नामांकन हेतु दिनांक– 08.03.2026 को प्रथम पाली– समय 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक एवं कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित अन्य अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय एवं आश्रम आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु दिनांक– 08.03.2026 को द्वितीय पाली– 03:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है जिसका परीक्षा केन्द्र निम्नवत् है :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | परीक्षा केन्द्र का नाम | प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी का नाम एवं मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | पीरटांड | +2 उच्च विद्यालय कुम्हरलालो, पीरटांड। | श्री दिलीप वर्णवाल, मो0 नं0– 8340461575 |
| 2 | गाण्डेय | +2 उच्च विद्यालय, गाण्डेय। | श्री मुकेश कुमार आनंद, मो0 नं0– 8789562123 |
| 3 | गिरिडीह | मकतपुर उच्च विद्यालय मकतपुर,गिरिडीह। | श्री सुभाष दास, मो0 नं0– 8409547076 |
| 4 | डुमरी | प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, डुमरी। | अकिब अंसारी, मो0 नं0– 6207210590 |
| 5 | तिसरी | उत्क्रमित उच्च विद्यालय खिजुरी,तिसरी। | श्री शम्भु प्रसाद मेहता, मो0 नं0– 8797801134 |
| 6 | देवरी | +2 उच्च विद्यालय सांखो, देवरी। | श्रीकांत वर्मा, मो0 नं0– 7633000729 |
| 7 | बेंगाबाद | प्रोजेक्ट +2 उच्च विद्यालय नवाहार, बेंगाबाद। | अफजल अंसारी, मो0 नं0– 9504646122 |
| 8 | बिरनी | +2 उच्च विद्यालय पलौजिंया, बिरनी। | श्री अनिल कुमार महतो, मो0 नं0– 9905518465 |
| 9 | जमुआ | लंगटा बाबा उच्च विद्यालय मिर्जागंज, जमुआ। | श्री मदन कुमार, मो0 नं0– 7544050634 |
| 10 | सरिया | +2 एस.आर.एस.एस., सरिया। | श्री संजय कुमार, मो0 नं0– 8809850508 |
| 11 | गावां | +2 उच्च विद्यालय, गावां। | श्री रवि कुमार , मो0 नं0– 9973659194 |

आवेदित छात्र–छात्रा उपरोक्त विवरणी के अनुसार अंकित प्रखण्ड के सामने परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र अपने–अपने प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर अनिवार्य रूप से प्राप्त कर ले अन्यथा परीक्षा में अनुपस्थित रहने की सारी जिम्मेवारी आपकी होगी।

जिला कल्याण पदाधिकारी,
गिरिडीह।

PR.NO.374153 Welfare(25-26):D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, DRINKING WATER &SANITATION DIVISION, CHAS.

**Very Short Term e-procurement Notice**
**Tender reference No. - DWSD/CHAS/06/2025-26 (1st Call) DATED: 05.03.2026**

The under signed, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water &Sanitation Department, Government of Jharkhand. The work of Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pumps India Mark-II as detailed is BOQ. The rate to be paid for the work as said above will be decided as per the lowest rate quoted in e-procurement. The relevant articles of PWD Code will be applicable. The rates will be applicable for years 2025-26. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in. The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl no | Name of the work | Name of Group | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) | Period of Supply |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Supply of Spare parts of Deep Well Hand Pumps India Mark-II conforming to IS:9301 -1190 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part 1 -7) 2004 with latest amendment for spares common to both India Mark -II & III respectively) under D.W.&S Division, CHAS for the year 2024-25. | CH/SP/01 | 29,97,151.00 | 60,000.00 | 5000.00 | 10 Days |
| 2 | Date & Time of Publication of Tender on Website. | 06.03.2026 at 04:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date & Time for Receipt of Bid. (Online) | 14.03.2026 up to 04:0 PM | | | | |
| 4 | Cost of tender Paper and Earnest Money Deposit on submission of bids (if applicable) as per mentioned in Annexure- 1 vide letter No- 120 dt 03.10.2023 by Secretary, Department of Information Technology and e-Governance Government of Jharkhand. | 14.03.2026 up to 04:00 PM | | | | |
| 5 | Date & Time of Opening of Tender | 16.03.2026 up to 04:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Chas | | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement Office | 06542-265810 | | | | |
| 8 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-248045 | | | | |

Note:-
- No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website Http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated Cost may be increase or decrease.

Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation Division, Chas

PR 374167 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

# भाजपा ने फिरौती में पूरा बिहार मांग लिया : अखिलेश



**लखनऊ (ईएमएस) :** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा चुनाव में नामांकन किए जाने के बाद हालिया सियासी परिस्थिति को अपहरण और फिरौती से जोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि बिहार के इतिहास का सबसे बड़ा अपहरण! ये दिखने में राजनीतिक अपहरण है, लेकिन दरअसल ये बिहार का आर्थिक अपहरण है। भाजपा ने तो फिरौती में पूरा बिहार मांग लिया। अगला नंबर-समझदार को इशारा काफ़ी।

# गाजियाबाद पुलिस ने मुठभेड़ में दोनों भाईयों को किया ढेर

**गाजियाबाद,(ईएमएस):** गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में यूट्यूबर और टीवी पैनलिस्ट सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। जानकारी अनुसार १ मार्च को लोनी थाना क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में हमले के आरोपी छोटे भाई जीशान की मौत हो गई थी। इसके बाद ३ मार्च की रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में बड़े भाई गुलफाम को भी पुलिस ने मार गिराया।

पुलिस के मुताबिक दोनों भाई सलीम वास्तिक पर हुए हमले में शामिल थे और घटना के बाद से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की, जिसके दौरान दोनों अलग-अलग घटनाओं में मुठभेड़ के दौरान मारे गए। बुधवार को गुलफाम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सूचना मिलने पर मृतकों के पिता बुनियाद अली पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव सुपुर्दगी की प्रक्रिया पूरी की। मृतकों के पिता बुनियाद अली ने बताया कि उनका परिवार अमरोहा जिले का रहने वाला है। उनके अनुसार गुलफाम शादीशुदा था और दो छोटे बच्चों का पिता था, जबकि छोटा बेटा जीशान अविवाहित था। उन्होंने बताया कि दोनों बेटे बढ़ई (कारपेंटर) का काम करते थे और दिल्ली-एनसीआर में रह रहे थे, जबकि अमरोहा स्थित घर पर उनका आना-जाना लगा रहता था। पिता ने कहा कि उन्हें कभी अंदेशा नहीं था कि उनके बेटे किसी आपराधिक घटना में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा, हमारे परिवार में पहले कभी कोई आपराधिक इतिहास नहीं रहा। हालांकि उन्होंने पुलिस कार्रवाई पर सीधे सवाल नहीं उठाए, लेकिन यह जरूर कहा कि यदि दोनों को मुठभेड़ में मारने के बजाय गिरफ्तार कर जेल भेजा जाता तो अदालत उनके मामले में फैसला करती।

# शक के पागलपन ने ली पत्नी की जान

**गोरखपुर (ईएमएस) :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के धाधूपार गांव में २० साल पुराना वैवाहिक रिश्ता एक भयावह खूनी खेल के साथ समाप्त हुआ। ४४ वर्षीय अशोक निषाद ने अपनी पत्नी नीलम (४० वर्ष) की अवैध संबंधों के संदेह में कुल्हाड़ी और फावड़े से गला काटकर नृशंस हत्या कर दी। घटना मंगलवार (३ मार्च) की देर रात करीब १ बजे की है। जब पूरा गांव गहरी नींद में था, तब अशोक और नीलम के बीच विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते अशोक ने गुस्से में अपना आपा खोया और घर में रखी कुल्हाड़ी से नीलम पर कई वार किए। इतने से भी जब मन नहीं भरा, तब आरोपी पति अशोक ने पास रखे फावड़े से पत्नी नीलम का गला रेंत दिया। कमरे का फर्श खून से लाल हो चुका था और नीलम की मौके पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा।
कम्बाईन्ड विल्डिंग, जामताड़ा।

**सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक–227 दिनांक–20.02.2026 एवं (PR No- 373484 दि0–22.02.2026) द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/NREP .JMT/UNTIED/ 2025–26 को अपरिहार्य कारण वश रद् किया जाता है ।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, जामताड़ा

PR 374100 (NREP) 25-26 (D)

## कार्यालय : धनवार नगर पंचायत, धनवार
ई0मेल- nagar.dhanwar@gmail.com /
दूरभाष : 06554 796845

**शुद्धि पत्र**
**PR No. 371174**

इस कार्यालय के PR No. 371174 द्वारा प्रकाशित E-Procurment Tender Notice No. DNP/11/2025-26 (Extension of Distribution Pipeline of Old Water Scheme) को झारखण्ड नगरपालिका (आम) निर्वाचन– 2026 के आलोक में लागू आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के कारण खोलने की तिथि दिनांक– 11.02.2026 को नही खोला जा सका। उक्त निविदा को दिनांक– 10.03.2026 को अपराहन् 03:00 बजे खोला जाएगा। उक्त निविदा से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
धनवार नगर पंचायत

PR 374145 Urban Development (25-26)_D

## कार्यालय : धनवार नगर पंचायत, धनवार।
ई0मेल- nagar.dhanwar@gmail.com /
दूरभाष : 06554 796845

**शुद्धि पत्र**
**PR No. 368991**

इस कार्यालय के PR No. 368991 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 07/2025–26 को झारखण्ड नगरपालिका (आम) निर्वाचन– 2026 के आलोक में लागू आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के कारण खोलने की तिथि दिनांक– 29.01.2026 को नही खोला जा सका। उक्त निविदा को दिनांक– 07.03.2026 को अपराहन् 03:00 बजे खोला जाएगा। उक्त निविदा से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
धनवार नगर पंचायत।

PR 374150 Urban Development(25-26)D

# सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना तय, विस अध्यक्ष और दो डिप्टी सीएम जेडीयू से होंगे

**पटना (एजेंसी):** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के साथ ही यह क्लीयर हो गया कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनेगा. बताया जा रहा है कि सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री बनना लगभग तय हो चुका है. विधानसभा अध्यक्ष और दोनों डिप्टी सीएम पद जनता दल यूनाइटेड के खाते में जाएंगे. डिप्टी सीएम पद के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार और विजय कुमार चौधरी का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है. विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए अभी किसी का नाम चर्चा में नहीं आया है. सूत्र बता रहे हैं कि मंत्रालयों में भी भारी फेरबदल किया जाने वाला है.



बिहार में २४ नवंबर, २००५ से चल रहा नीतीश कुमार का राज आज गुरुवार को एक अहम मोड़ पर आ गया, जब उन्होंने राज्यसभा चुनाव में कूदने के लिए नामांकन दाखिल कर दिया. इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के नीति नियंता अमित शाह भी पटना पहुंचे थे. उनके पटना आने के बाद और नीतीश कुमार के नामांकन के बाद बिहार की अगली सरकार कैसी होगी, इसका ढांचा भी तय हो गया है.

हालांकि इस बारे में अभी औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा आलाकमान ने सम्राट चौधरी के नाम पर मुहर लगा दी है. बिहार के अगले मुख्यमंत्री वहीं होंगे. इसका अंदाजा ऐसे लगाया कि नीतीश कुमार, नितिन नवीन और उपेंद्र कुशवाहा के अलावा रामनाथ ठाकुर के नामांकन के बाद स्टेट गेस्ट हाउस में एक छोटी सी मीटिंग हुई, जिसमें अमित शाह, नितिन नवीन और सम्राट चौधरी ही मौजूद थे.

मीटिंग में भाजपा के और भी लोग हो सकते थे, लेकिन केवल सम्राट चौधरी की मौजूदगी से यह जाहिर होता है कि आलाकमान का विश्वास उन्हें प्राप्त है. पीएम मोदी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान तारापुर की जनता से वादा किया था कि आपलोग सम्राट चौधरी जी को जिताइए और हम इनको बा आदमी बनाएंगे. उनकी इस बात को आज से जोड़कर देखा जा रहा है.

भारतीय जनता पार्टी बिहार में जब अपना मुख्यमंत्री बनाएगी, तब जनता दल यूनाइटेड के खाते में वो सारी चीजें आएंगी, जो अभी की सरकार में भाजपा के पास है. दोनों डिप्टी सीएम जेडीयू से हो सकते हैं और विधानसभा अध्यक्ष का पद भी उसी के खाते में जा सकता है. हालांकि गृह मंत्रालय भाजपा के पास बना रहेगा.

## भाजपा एमएलसी को डिजिटल अरेस्ट का झांसा

**सुलतानपुर,(ईएमएस):** सुलतानपुर में साइबर ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां साइबर अपराधियों ने भाजपा के एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह को 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर जाल में फंसाने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार आरोपी ने खुद को एन्टी-टेरारिज्म स्कॉड(एटीएस) का अधिकारी बताते हुए एमएलसी को फोन किया और बाद में वीडियो कॉल के जरिए बातचीत शुरू कर दी।

कॉल के दौरान आरोपी पुलिस की वर्दी में दिखाई दे रहा था, जिससे शुरुआत में मामला गंभीर प्रतीत हुआ।

बताया जा रहा है कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने किसी कथित मामले में जांच का हवाला देते हुए एमएलसी से सहयोग करने को कहा और इसी बहाने उन्हें लगातार वीडियो कॉल पर बनाए रखा। करीब डेढ़ घंटे तक चली इस बातचीत के दौरान आरोपी ने उन पर दबाव बनाने की भी कोशिश की।

# मोकामा में सीआरपीएफ जवानों और ग्रामीणों में मारपीट, दोनों पक्षों ने लगाए गंभीर आरोप

**मोकामा (एजेंसी):** मोकामा में सीआरपीएफ कैंप के पास स्थित औनटा गांव में ग्रामीणों और सीआरपीएफ के जवानों के बीच हिंसक झड़प हो गई. स्थानीय ग्रामीणों ने सीआरपीएफ जवानों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है. महिलाओं और बच्चों के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए. वहीं, सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत ने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों को सीआरपीएफ कैंप के पास नशेबाजी करने से रोका गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने गेट पर हंगामा किया और गाली गलौज की.



उन्होंने बताया कि उनके कुछ जवानों के साथ मारपीट भी की गई. ग्रामीणों ने बताया कि सीआरपीएफ कैंप के पास गांव के ही कुछ युवक होली मना रहे थे. इसी दौरान युवकों के साथ मारपीट की गई. इसके बाद सीआरपीएफ के कई जवान गांव में घुस गए. आक्रोशित जवानों ने लोगों के दरवाजों और खिड़कियों को भी तोड़ दिया और महिलाओं-बच्चों के साथ मारपीट की.

वहीं, सीआरपीएफ ने कैंप गेट पर ग्रामीणों के गाली गलौज, पथराव और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है. सीआरपीएफ का कहना है कि सादी वर्दी में होली के एक दिन पहले उनके कुछ जवानों के साथ गांव के ही लोगों ने मारपीट की थी. इसके बाद सीआरपीएफ के जवान हाथीदह थाने की पुलिस के साथ कैंप के पास के कुछ घरों में उन युवकों को पकड़ने के लिए गांव में घुसे थे, जिन्हें लोगों ने घर से भगा दिया.

घटना के बाद बाढ़ एसडीपीओ आनंद कुमार, सीआरपीएफ के आईजी राजकुमार और डीआईजी रविंद्र भगत ने घटनास्थल का जायजा लिया और लोगों से मिलकर घटना के बारे में जानकारी ली. सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि घटना के जो भी दोषी होंगे, उनपर कार्रवाई की जाएगी.

# आसोपुर, जगनपुरा, बिहटा समेत उसरी में बनेगा नया पावर सब स्टेशन

**पटना (एजेंसी):** बिहार की राजधानी पटना वासियों को अब गर्मियों में बिजली ओवरलोड होने पर चिंता करने की जरूरत नहीं है. पटना में इसी साल गर्मियों में चार नये पावर सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है. ताकि गर्मियों में ओवरलोड की समस्या से निजात मिल सकें. इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए पेसू जीएम दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि हर साल गर्मियों के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए नये-नये पीएसएस का निर्माण किया जा रहा है.



इसी कड़ी में इस साल पेसू पश्चिमी के आसोपुर क्षेत्र, उसरी और बिहटा में नये पावर सब स्टेशन, पूर्वी क्षेत्र में जगनपुरा के खेमनीचक इलाके में पावर स्टेशन बनाने का निर्माणाधीन है. ताकि अगर शहर का बिजली खपत अधिकत्तम होने पर भी किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े. बता दें कि शहर में ७५ से अधिक पावर सब स्टेशन वर्किंग है और अन्य सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है. गर्मियों में नये पावर सब स्टेशन के निर्माण से पांच लाख से अधिक आबादी को इसका लाभ मिलेगा. वहीं, आसोपुर पावर सब स्टेशन चालू कर दिया गया है. साथ ही सभी स्टेशन पर १० एमवीए के दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगाये जायेंगे और आसोपुर पावर सब स्टेशन में लगे ट्रांसफॉर्मर को चार्जिंग में इंस्टॉल किया गया है.

बता दें कि बीते दो सालों में गर्मियों में शहर में रोजाना बिजली की खपत १००० मेगावाट से अधिक हो जाती थी. जिससे पटना में बिजली आपूर्ति कर रही संस्थान पेसू ने निर्बाध बिजली आपूर्ति कर पूरा किया है. उम्मीद है कि इस साल बिजली आपूर्ति १२००-१४०० मेगावाट बिजली खपत होने का अनुमान है. वहीं, बिहार में गर्मियों में बिजली आपूर्ति करीब १०००० के पास चली गयी थी. जिससे नार्थ बिहार व साउथ बिहार बिजली कंपनी ने बखूबी निभाया है.

## योगी के पास 6 दिन का समय बचा, गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें : शंकराचार्य



**वाराणसी(ईएमएस) :** वाराणसी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सीएम योगी के पास अभी ६ दिन का समय बचा है। वह गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कर दें। अभी तक उनकी तरफ से कोई बयान नहीं आया है। उनके ही पार्टी के अन्य लोग समर्थन कर रहे हैं, लेकिन कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा है। ७ मार्च को हनुमान चालीसा का पाठ कर वाराणसी से लखनऊ के लिए निकलेंगे। वहां पर सभी साधु संतों के सामने हम अपने फैसले सुनाएंगे। उन लोगों का चेहरा भी सामने लाएंगे, जो लोग हमारे इस अभियान में साथ हैं। शंकराचार्य ने गुरुवार को कहा कि रास्ते में हमें जहां रोका जाएगा, हम कानून का पूरा साथ देंगे। उम्मीद है कि ये धर्म की यात्रा है, इसमें कोई बाधा नहीं आएगी। अपने निर्धारित मार्ग और कार्यक्रम के अनुसार ही लखनऊ के लिए बढ़ेंगे। हम अपने मार्ग पर निकलेंगे और जो भी निर्णय लेना होगा, वह अपने धर्म और परंपरा के अनुसार लेंगे। प्रशासन को जो करना है वह करे, लेकिन अपने तय कार्यक्रम से पीछे नहीं हटेंगे।

शंकराचार्य ने बताया कि वह गाय और सनातन की रक्षा के लिए ११ मार्च को लखनऊ में सभा करेंगे। ६ मार्च को बड़े भगवान चिंता गणेश का पूजन पाठ होगा। इसी दिन वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर संकल्प लेंगे। फिर ७ मार्च की शाम संकट मोचन मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करेंगे। इसके बाद लखनऊ यात्रा के लिए निकलेंगे। कई जिलों से होते हुए और रात्रि विश्राम करते हुए १० मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे। यहां ११ मार्च को शीतला अष्टमी पर काशीराम मैदान में गौ ध्वज प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसके बाद धर्म युद्ध शुरू होगा, जो लोग भी गौ माता की रक्षा के लिए आना चाहते हैं, वह आएं।

# पांच राज्यों के चुनाव में लगेगी मंत्रियों विधायकों और नेताओं की ड्यूटी

**नई दिल्ली/भोपाल (ईएमएस):** मप्र के विधायक और नेता इन दिनों राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। विधायक आस लगाए हुए हैं कि मंत्रिमंडल विस्तार हो और उन्हें मंत्री बनाया जाए। वहीं नेताओं को इतजार है कि जल्द से जल्द निगम, मंडल, प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियां हो, ताकि सत्ता का सुख उन्हें मिल सके। हालांकि इसके लिए वे करीब डेढ़ साल से इंतजार कर रहे हैं। अब भाजपा सूत्रों को कहना है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले अगर मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां हो गई तो ठीक है वर्ना अगले साल ही विधायकों और नेताओं की मंशा पूरी होने की संभावना है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के साथ ही असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा आलाकमान इन चुनावों में मप्र के मंत्रियों, विधायकों और नेताओं को तैनात करेगा। यानी अगले महीने से भाजपा पूरी तरह चुनाव में लग जाएगी। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अगर मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां अभी नहीं हुईं तो अगले साल तक इंतजार करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि २०२१ में चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोट २७ मार्च को वोटिंग कराई थी। आखिरी चरण की वोटिंग २९ अप्रैल को हुई थी। असम में असम में २७ मार्च, १ और ६ अप्रैल को वोट डाले गए थे। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में तब ६ अप्रैल को वोट डाले गए थे।

गौरतलब है कि प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां बार-बार टलती जा रही हैं। पहले मप्र भाजपा अध्यक्ष चुनाव, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष, चुनाव, कभी विधानसभा सत्र आड़े आते रहे। अब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद मप्र में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होना है। ऐसे में नियुक्तियों का मामला अटका रहेगा। उसके बाद अगले साल होने वाले नगरीय निकाय की तैयारी में पार्टी व्यस्त हो जाएगी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि सत्ता और संगठन ने मिलकर राजनीतिक नियुक्तियों का खाका तैयार कर लिया है। संभावना जताई जा रही है कि होली के बाद निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की सूची जारी कर दी जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय नेतृत्व से नियुक्तियों को लेकर पहले ही हरी झंडी मिल चुकी है। पिछले कुछ महीनों में प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन के बीच इस विषय पर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि संभावित नामों पर दिल्ली स्तर पर भी चर्चा हुई है और संघ के साथ भी कुछ नामों को लेकर विचार-विमर्श किया गया है। इसके बाद अब नियुक्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

मप्र में लंबे समय से खाली पड़े निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। भाजपा संगठन और सरकार ने मिलकर संभावित नामों की सूची तैयार कर ली है और होली के बाद पहली सूची जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इन नियुक्तियों के जरिए पार्टी संगठन को मजबूत करने और वरिष्ठ नेताओं के साथ सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पद संभालने के बाद प्रदेश के सभी संभागों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया था।

साथ ही उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया था कि पार्टी में सक्रिय रहने वाले किसी भी कार्यकर्ता की उपेक्षा नहीं होने दी जाएगी। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन विस्तार और राजनीतिक संतुलन बनाने की दिशा में यह कदम अहम माना जा रहा है।

# 28 सीटों पर विस चुनाव लड़ेगी कांग्रेस : सीएम स्टालिन

**चेन्नई,(ईएमएस):** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव २०२६ के लिए डीएमके ने कमर कस ली है। सीएम एम के स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके ने एक विशाल गठबंधन तैयार किया है, जिसमें कुल २१ पार्टियां शामिल हैं। कांग्रेस फिर इस गठबंधन का हिस्सा है और इस बार २८ सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार कर रही है।



सीएम स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागाई के बीच गुरुवार को अहम बैठक हुई। इस बैठक में निर्वाचन क्षेत्रों के बंटवारे पर अंतिम मुहर लगी। डीएमके और कांग्रेस के बीच हुए समझौते के तहत ये फैसला लिया गया है कि कांग्रेस तमिलनाडु में २८ विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा, आगामी राज्यसभा चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी के लिए एक सीट आरक्षित की गई है। डीएमके ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी कर दी है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता तिरुचि शिवा पर फिर भरोसा जताते हुए उन्हें राज्यसभा सांसद के रूप में बरकरार रखा है, जबकि कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन को पहली बार राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। इस गठबंधन में डीएमके को दो, कांग्रेस को एक और डीएमडीके को एक राज्यसभा सीट मिली है।

डीएमके ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए लिखा है कि तमिलनाडु की राजनीति के इतिहास में ये पहली बार है जब एक ही गठबंधन, बिना टूटे और नई पार्टियों को शामिल करते हुए चार बार चुनावों का सामना कर रहा है।

तमिलनाडु की राजनीति का अब तक का इतिहास रहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए बना गठबंधन अगले चुनाव तक कभी टिक नहीं पाया। पार्टी ने दावा किया कि सीएम स्टालिन ने अपने अनूठे व्यक्तित्व और सौहार्दपूर्ण स्वभाव से ये नया इतिहास रचा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीएमके ने विपक्षी नेताओं पर भी तीखा हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि विपक्षी नेता पिछले दो साल से गठबंधन टूटने की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन उनकी इच्छाएं अनसुनी रह गई। डीएमके ने तंज कसते हुए कहा कि एडप्पादी पलानीस्वामी गठबंधन टूटने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन आखिर में वह अकेले रह गए। पार्टी ने दावा किया कि सत्ताधारी दल के समर्थन की लहर को देखते हुए कई नए दल भी इस मोर्चे में शामिल हो रहे हैं।

## पंजाब में 8 मार्च तक पूरे राज्य में मौसम शुष्क रहेगाः आईएमडी

**चंडीगढ़ (ईएमएस) :** पंजाब मौसम विभाग के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार आज से ८ मार्च तक पूरे राज्य में मौसम शुष्क रहेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है और फिलहाल किसी भी प्रकार का अलर्ट जारी नहीं किया गया है। हालांकि, हल्की ठंडी हवाएं चलती रहेंगी, जिससे तापमान में अचानक बदलाव से कुछ राहत मिल सकती है। राज्य का औसत अधिकतम तापमान इस समय सामान्य स्तर से लगभग ५ डिग्री अधिक दर्ज किया गया है। बीते दिन औसत तापमान में ०.३ डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई। भाखड़ा डैम (रूपनगर) में सबसे अधिक तापमान ३२.०८ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शहरों के तापमान की बात करें तो अमृतसर में ३०.१ डिग्री, लुधियाना में ३०.८ डिग्री, पटियाला में ३१.२ डिग्री, फरीदकोट में ३३.० डिग्री, फिरोजपुर में ३३.१ डिग्री, होशियारपुर में ३०.० डिग्री, मोहाली में ३०.०६ डिग्री, पठानकोट (थीन डैम) में ३०.५ डिग्री, रोपड़ में २८.४ डिग्री, श्री आनंदपुर साहिब में ३१.६ डिग्री और चंडीगढ़ में ३१.०४ डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बढ़ते तापमान को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

## हरियाणा से राज्यसभा के लिए तीसरे उम्मीदवार सतीश नांदल ने भरा नामांकन

**चंडीगढ़,(ईएमएस):** हरियाणा से राज्यसभा के लिए चुनकर जाने वाले सदस्य को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया और कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध के बाद अब तीसरे उम्मीदवार के रूप में सतीष नांदल ने भी नामांकन दाखिल कर दिया है। भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया ने विधानसभा भवन पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उनके साथ मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने भी विधानसभा भवन में नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा सहित कांग्रेस विधायक मौजूद रहे। नामांकन से पहले उन्होंने कांग्रेस कार्यालय में अपना पर्चा भरा और पार्टी नेतृत्व का आभार जताया।



इस बीच रोहतक के बोहर गांव निवासी सतीश नांदल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन भरा है। वे दोपहर करीब दो बजे निर्दलीय विधायक सावित्रि, देवेन्दर कड्यान और राजेश जून के साथ विधानसभा पहुंचे। नामांकन से पहले सतीश नांदल ने मीडिया से कहा कि उनके साथी विधायकों की सोच थी कि चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी होना चाहिए, इसलिए उन्होंने पर्चा दाखिल किया है। तीन उम्मीदवारों के मैदान में आने से राज्यसभा चुनाव में मुकाबला दिलचस्प होने के आसार बन गए हैं। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर सिंह बौद्ध ने दावा किया है कि पार्टी के सभी ३७ विधायक उनके साथ हैं।

## खिलौना गोदाम में लगी आग, दो शव बरामद

**नई दिल्ली (ईएमएस):** मध्य दिल्ली के हाड़गंज इलाके में एक इमारत की चौथी मंजिल पर लगी आग ने हड़कंप मचा दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को आग लगने की सूचना शाम को मिली। आग इमारत की चौथी मंजिल पर बने अस्थायी ढांचे में स्थित खिलौनों के गोदाम में लगी थी। आग के कारण गोदाम में रखी सामग्री तेजी से जलने लगी। सूचना मिलते ही डीएफएस की २५ दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकल कर्मियों ने संकरी गलियों और अस्थायी ढांचे की वजह से कई चुनौतियों का सामना करते हुए आग बुझाने में कई घंटे खर्च किए। आग की भीषणता मुख्यतः प्लास्टिक और सिंथेटिक खिलौनों के कारण थी। दमकल कर्मियों ने लगभग ११ घंटे की मेहनत के बाद गुरुवार तड़के ३:२० बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। आग में दो जले हुए शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि चौथी मंजिल पर अस्थायी ढांचे में गोदाम संचालित होना और संकरी गलियां आग पर काबू पाने में चुनौती रही।

# पीएम मोदी बहुत अलग हैं उन्होंने 25 साल में एक बार भी छुट्टी नहीं ली : कनाडाई पीएम

**नई दिल्ली(ईएमएस) :** कभी कनाडा और भारत के बीच तनातनी चल रही थी। अब दोनों देश एक दूसरे की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। हाल ही में भारत की यात्रा पर आए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि ये प्रधानमंत्रीजी बहुत अलग हैं उन्होंने बीते २५ सालों में कभी एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है। वे सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रसेवा को महत्व देते हैं।



कार्नी ने एक कार्यक्रम में अपने हालिया भारत दौरे और पीएम मोदी से मुलाकात को याद करते हुए कहा कि मोदी की कार्यशैली और काम के प्रति उनका समर्पण बेहद अलग है। उन्होंने कहा- 'यह व्यक्ति अलग तरह का है। गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पिछले २५ वर्षों में उन्होंने एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है।कनाडाई प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी हर हफ्ते के अंत में चुनाव प्रचार में निकल जाते हैं और उनकी रैलियों में लाखों लोग पहुंचते हैं। कार्नी ने कहा कि कई बार एक रैली में करीब ढाई लाख लोग तक मौजूद रहते हैं, जो उनकी लोकप्रियता को दिखाता है। कार्नी ने पीएम मोदी की कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि वह खास तौर पर ग्रामीण आबादी के लिए काम करने पर ध्यान देते हैं। दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी हाल ही में भारत दौरे पर आए थे। यह दौरा ऐसे समय हुआ जब पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण रहे थे। कार्नी की यह यात्रा भारत-कनाडा संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत के बाद कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने तकनीक, ऊर्जा, रक्षा और सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े कई समझौतों पर दस्तखत किए। अपने संबोधन में कार्नी ने कहा कि भारत और कनाडा के रिश्ते अब नई साझेदारी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं।

# रांची नगर निगम ने शुरू किया भवन जांच अभियान, अवैध निर्माण पर अब होगी कार्रवाई

## निरीक्षण में कई अनियमितताएं आई सामने, तीन दिन का नोटिस



**रांची (एजेंसी):** रांची में अवैध निर्माण और भवन नियमों के उल्लंघन पर लगाम लगाने के लिए रांची नगर निगम ने जांच अभियान शुरू कर दिया है। प्रशासक सुशांत गौरव के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों और व्यावसायिक क्षेत्रों में स्थित भवनों की जांच की जा रही है। नगर निगम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी भवन स्वीकृत नक्शे, निर्धारित नियमों और भवन उपविधियों के अनुरूप बने हों।

**डीआरएमटी ने किया निरीक्षण**

नगर निगम की डेडिकेटेड रोड मैनेजमेंट टीम (डीआरएमटी) ने शहर के प्रमुख मार्गों जैसे एचबी रोड, मेन रोड और सर्कुलर रोड पर स्थित कई व्यवसायिक और आवासीय भवनों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वीकृत भवन प्लान, सेटबैक एरिया के उल्लंघन, गिफ्ट डीड के अंतर्गत भूमि पर अवैध कब्जा समेत अन्य निर्माण संबंधी विसंगतियों की गहन जांच की गई।

एचबी रोड पर आई केयर ऑप्टिकल शॉप, तपुरा कॉम्प्लेक्स, यूनिवर्सल हेल्थ क्लब, न्यू दिल्ली स्वीट्स, होटल राज, दुर्गा टावर, आनंद कॉम्प्लेक्स, कैलाश एनक्लेव, गणेश प्लाजा, शिवांगी अपार्टमेंट, काली टावर, कोरल टावर, होटल रॉयलसन और होटल आर्या समेत कई भवनों की जांच की गई। वहीं सर्कुलर रोड पर इंडसइंड भवन, खादिम शोरूम, पासा हाउस, श्याम सुंदर चांदीवाला, रांची मटन ढाबा और एसबीआई लालपुर भवन की जांच की गई।

**कई भवनों में मिली अनियमितता**

इसके अलावा मेन रोड पर पंचरत्न गैलेरिया, होटल पर्ल, विशाल मेगा मार्ट, होटल फाउंटेन, दिलखुश बार एंड रेस्टोरेंट और वैन ह्यूसेन शोरूम सहित कई भवनों का निरीक्षण किया गया। बिरसा चौक से हिनू चौक तक योगी सुपर मार्ट, वी मार्ट, मारुति सुजुकी नेक्सा, कमला स्वीट्स, स्वपन स्वीट्स और श्रृष्टि हॉस्पिटल समेत कई भवनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान कई भवनों में निर्माण से जुड़ी संभावित अनियमितताएं सामने आई हैं।

नगर निगम की टीम ने संबंधित भवन मालिकों को निर्देश दिया है कि वे अपने भवन से जुड़े सभी वैध दस्तावेज तीन दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में दस्तावेज नहीं देने पर झारखंड भवन उपविधि २०१६ के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**नॉन ओवन कैरी बैग उत्पादन यूनिट**

इसी बीच नगर निगम ने शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में भी पहल की है। अटल स्मृति वेंडर मार्केट और नागा बाबा वेजिटेबल मार्केट में नॉन ओवन कैरी बैग उत्पादन यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव है। इसके संचालन के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की दो टीमों का गठन किया गया है। प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई बैठक में महिलाओं को मशीन संचालन का प्रशिक्षण देने और बैग के उत्पादन, गुणवत्ता व मार्केटिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। यह पहल महिलाओं को रोजगार देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देगी।

**लाइसेंस शुल्क के लिए विशेष कैंप**

वहीं अपर बाजार क्षेत्र में लाइसेंस शुल्क जमा करने के लिए ९ से ११ मार्च तक विशेष कैंप लगाया जाएगा, जहां दुकानदार अपना बकाया किराया शुल्क जमा कर सकेंगे। नगर निगम ने सभी अनुज्ञप्तिधारियों से समय पर शुल्क भुगतान करने की अपील की है।

# बिहार के समीकरण पर बोले झामुमो महासचिव विनोद पांडेय, भाजपा ने की नीतीश कुमार की 'राजनीतिक हत्या'




**रांची (एजेंसी):** बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण को लेकर झारखंड की सत्ताधारी पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीतिक हत्या कर दी है और बिहार के जनादेश का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा एक बार फिर देश की जनता के सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस चेहरे पर बिहार की जनता ने भरोसा जताते हुए जनादेश दिया था, उसी चेहरे को राजनीति की मुख्यधारा से दूर कर दिया गया।

भाजपा में विलय की आशंका

उन्होंने यह भी दावा किया कि बिहार में भाजपा की यह साजिश काफी पहले से चल रही थी और उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि आने वाले समय में जनता दल (यूनाइटेड) का विलय भाजपा में हो सकता है। महासचिव ने कहा कि झारखंड में ऐसी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा के खिलाफ उनकी पार्टी की लड़ाई पहले भी थी और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा सतर्क रही है और राज्य में भाजपा की किसी भी राजनीतिक चाल को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।

# लालपुर में टेंट हाउस गोदाम में लगी आग स्थानीय लोगों की मदद से पाया गया काबू



**-रांची (एजेंसी):** रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में होली के दिन एक टेंट हाउस के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरे इलाके में धुएं का गुबार फैल गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और एहतियातन लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन गोदाम तक जाने वाला रास्ता संकरा होने और बीच में अवरोध होने के कारण दमकल की बड़ी गाड़ियां घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में स्थानीय युवाओं और बुजुर्गों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। गोदाम में कपड़े, बांस और प्लास्टिक सामग्री होने से आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया।

# तेल की बढ़ती कीमतों के बीच आपूर्ति के लिए किसे चुना जाए यह फैसला भारत को ही लेना होगा : रूस

**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने गुरुवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को बातचीत से सुलझाने की अपील की। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतें बढ़ने पर भी चिंता जताई।

रूसी राजनयिक ने कहा कि तेल की बढ़ती कीमतों के बीच आपूर्ति के लिए किसे चुना जाए यह फैसला भारत को ही लेना होगा, भले ही मॉस्को हमेशा भारत को तेल सप्लाई करने के लिए तैयार रहा है। नई दिल्ली में अलीपोव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, समाधान हमेशा बातचीत से होता है। संघर्ष जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि युद्ध कब तक चलेगा तो उन्होंने कहा, मुझे कोई पता नहीं है। यह सवाल अमेरिका से पूछना चाहिए। होर्मुज जलडमरूमध्य के संभावित बंद होने की अटकलों के बीच अलीपोव ने कहा, आपूर्ति और आपूर्ति स्रोत पर फैसला भारत को करना है। हम हमेशा भारत को तेल आपूर्ति करने के लिए तैयार रहे हं।

# जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के बीच मुलाकात, भविष्य की साझेदारी की ठोस रूपरेखा तैयार



**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारत और फिनलैंड के बीच बढ़ते कूटनीतिक संबंधों की दिशा में नया अध्याय जुड़ गया है। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की हालिया मुलाकात ने दोनों देशों के बीच भविष्य की साझेदारी की ठोस रूपरेखा तैयार की है। यह बैठक राष्ट्रपति स्टब और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच होने वाली उच्च-स्तरीय वार्ता की प्रस्तावना के रूप में देखी जा रही है। विदेश मंत्री जयशंकर ने मुलाकात को सुखद बताकर विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रपति का यह दौरा भारत और फिनलैंड के द्विपक्षीय संबंधों को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा।

बात दें कि राष्ट्रपति स्टब ५ से ७ मार्च तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा है, जो नई दिल्ली के लिए उनके रणनीतिक महत्व को दिखाता है। इस यात्रा का एक मुख्य आकर्षण रायसीना डायलॉग का ११वां संस्करण है, जिसमें राष्ट्रपति स्टब मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। वैश्विक मंच पर फिनलैंड की आवाज और उनके संबोधन को लेकर भारतीय कूटनीतिक हलकों में काफी उत्साह है।

इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति स्टब का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके सम्मान में दोपहर के भोजन की मेजबानी की। दोनों नेताओं के बीच हुई वैश्विक मंचों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों में एक-दूसरे का समर्थन करना।

# कल से बदलेगा मौसम, 7 से 9 तक गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना



**रांची (एजेंसी):** झारखंड में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। ताजा मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, ६ मार्च को दोपहर के बाद राज्य के कई हिस्सों में आंशिक बादल छाने लगेंगे, जबकि ७ से ९ मार्च के बीच गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। हालांकि फिलहाल किसी प्रकार की आधिकारिक चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन तापमान में क्रमिक बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, ४ और ५ मार्च को राज्यभर में मौसम सामान्य और शुष्क बना रहेगा। आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा। इस दौरान अधिकतम तापमान ३० से ३१ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान १४ से १५ डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। दिन में हल्की गर्माहट महसूस हो सकती है, लेकिन भीषण गर्मी के आसार नहीं हैं। पश्चिमी और दक्षिणी जिलों में अधिकतम तापमान में २ से ३ डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।

**६ मार्च को बदलेगा मौसम का रुख**

६ मार्च की दोपहर बाद मौसम में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। शाम के समय आंशिक बादल छाने की संभावना है। इसके बाद ७ और ८ मार्च को राज्य के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गरजने वाले बादलों के साथ हल्की बारिश हो सकती है। ९ मार्च को भी कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन और हल्की वर्षा की स्थिति बन सकती है। १० मार्च से पुनः मौसम शुष्क होने और आसमान साफ रहने की संभावना जताई गई है।

तापमान पूर्वानुमान : ३५ से ३८ डिग्री तक पहुंच सकता है पारा

अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में क्रमिक वृद्धि का अनुमान है। ८ मार्च तक कई जिलों में तापमान ३५ से ३८ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### इजराइल-ईरान जंग जल्द---

बनना हमारे लिए बहुत सम्मान और खुशी की बात है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि, वर्ष २०२६ की शुरुआत में ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता हुआ। ये एग्रीमेंट भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और प्रबल करेगा। डिजिटल प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा और स्थिरता जैसे क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड महत्वपूर्ण साझेदार हैं। नोकिया के मोबाइल फोन और टेलीकॉम नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ा है। फिनलैंड के आर्किटेक्ट के सहयोग से हमने चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया है।

### संसद के बजट सत्र---

प्रस्ताव के खिलाफ मतदान भी कर सकते हैं, लेकिन उन्हें वोट देने के लिए स्वचालित प्रणाली की जगह पर्ची का इस्तेमाल करना होगा। संविधान के अनुच्छेद ९६ के अनुसार, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष उस समय सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते जब उनके खिलाफ पद से हटाने के प्रस्ताव पर विचार हो रहा हो। वहीं अनुच्छेद ९४ के तहत लोकसभा अध्यक्ष को साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा पद से हटाया जा सकता है। लोकसभा के नियमों के अनुसार, ऐसे प्रस्ताव के लिए कम से कम दो सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं, जबकि नोटिस पर कितने भी सदस्य हस्ताक्षर कर सकते हैं। प्रस्ताव को सदन में लाने से पहले १४ दिन का नोटिस देना होता है और चर्चा के बाद १० दिनों के भीतर इसका निपटारा किया जाना आवश्यक है। हालांकि, संसद के इतिहास में अब तक लोकसभा अध्यक्ष को हटाने का कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ है, क्योंकि आमतौर पर सरकार के पास सदन में बहुमत होता है।

### भूकंप के तेज झटकों से---

मापी गई. इसका केंद्र भचाऊ से करीब १२ किलोमीटर उत्तर-पश्चिम दिशा में था. कच्छ क्षेत्र पहले भी भूकंप के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, इसलिए यहां के लोग ऐसे झटकों को लेकर तुरंत सतर्क हो जाते हैं. दोपहर के समय तीसरा भूकंप बोटाद जिले में दर्ज किया गया. यह झटका दोपहर ३ बजकर ८ मिनट पर महसूस हुआ. इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर ३.४ मापी गई, जो कच्छ में आए भूकंप के बराबर ही थी. भूकंप का केंद्र बोटाद शहर से करीब २८ किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम दिशा में बताया गया. झटका बहुत तेज नहीं था, लेकिन कई लोगों ने हल्की कंपन महसूस की. करीब ४ घंटे के भीतर गुजरात के तीन अलग-अलग जिलों में भूकंप दर्ज किए गए. लगातार तीन झटकों के बाद प्रशासन भी अलर्ट हो गया और हालात पर नजर रखी जा रही है. हालांकि राहत की बात यह है कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है.

### नीतीश ने राज्यसभा के---

नीतीश कुमार ने राज्य के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी इच्छा रही है कि वह बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों के भी सदस्य बनें। उन्होंने एक्स पर कहा इसी आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए मैं इस बार होने वाले चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनने की इच्छा रखता हूं। उन्होंने कहा, मैं पूरी ईमानदारी के साथ आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भविष्य में भी आपसे मेरा संबंध बना रहेगा और विकसित बिहार के निर्माण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने का मेरा संकल्प अडिग रहेगा। राज्य में बनने वाली नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्यसभा आने पर नीतीश कुमार का स्वागत है। २००५ से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री है। उनका कार्यकाल काफी स्वर्णिम रहा है। नीतीश कुमार अब राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश कर रहे हैं। हम उनका स्वागत करते हैं। नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई है। वो हमेशा से जेपी के सिद्धांतों पर चले हैं। उनका राजनीतिक सफर बेदाग रहा है।

### धर्म जोड़ने का कार्य---

दिव्यता विद्यमान है। उन्होंने निष्कर्ष में कहा कि भले ही धर्म के मार्ग अलग-अलग हों, लेकिन सबका अंतिम लक्ष्य एक ही है-'सनातन'। समाज और राष्ट्रहित में सभी को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। इतिहास के अनुसार भगवान स्वामिनारायण ने स्वयं अपने हस्तों से कुल नौ मंदिरों की स्थापना की थी। इनमें पांचवें क्रम पर जेतलपुरधाम में उन्होंने रेवतीबलदेवजी और हरिकृष्ण महाराज की प्राणप्रतिष्ठा की थी। इसी ऐतिहासिक घटना के २०० वर्ष पूर्ण होने पर यह विराट आयोजन किया गया। महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए जेतलपुर में लगभग ५०० विघा क्षेत्र में एक पूरा नगर बसाया गया है। २५ विघा क्षेत्र में विशाल धर्मशाला का निर्माण किया गया है, जबकि ५० विघा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए १५ विशाल डोम तैयार किए गए हैं।

# नामकुम थाना हाजत में आरोपी ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**रांची (एजेंसी):** रांची के नामकुम थाना में हाजत में बंद एक आरोपी ने गुरुवार ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक खूंटी जिले का रहने वाला था और उसे किसी मामले में पुलिस ने हिरासत में लिया था।

बताया जा रहा है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर बताया जा रहा था। पुलिस ने उसे थाने के हाजत में रखा था, इसी दौरान उसने आत्महत्या कर ली। हालांकि उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका स्पष्ट कारण फिलहाल सामने नहीं आ पाया है।घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस हाजत में मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# अब फर्जी डेंटिस्ट पर चलेगा काउंसिल का डंडा, बिना लाइसेंस चल रहे क्लीनिक पर होगी कार्रवाई



**रांची (एजेंसी):** झारखंड में बिना लाइसेंस डेंटल क्लीनिक चलाने वालों पर अब सख्त कार्रवाई की तैयारी है। स्टेट डेंटल काउंसिल ने साफ कर दिया है कि बिना रजिस्ट्रेशन डेंटल प्रैक्टिस करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पूरे राज्य में मॉनिटरिंग बढ़ाई जा रही है और ऐसे क्लीनिकों की पहचान की जा रही है जो बिना परमिशन के संचालित हो रहे हैं।

**1908 ने कराया है रजिस्ट्रेशन**

डेंटल काउंसिल के अनुसार अब तक झारखंड में कुल १९०८ डेंटिस्ट ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। काउंसिल ने सभी रजिस्टर्ड डॉक्टरों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्लीनिक के बाहर रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को डिसप्ले बोर्ड पर स्पष्ट रूप से लगाएं, ताकि मरीजों को यह पता चल सके कि जिस डॉक्टर से वे इलाज करा रहे हैं वह अधिकृत और पंजीकृत है।

**बिना रजिस्ट्रेशन प्रैक्टिस की शिकायत**

डेंटल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ सुशील कुमार का कहना है कि कई जगहों पर ऐसे लोग भी डेंटल डॉक्टर बनकर क्लीनिक चला रहे हैं जिनके पास जरूरी डिग्री या रजिस्ट्रेशन नहीं है। ऐसे मामलों से मरीजों की सेहत को गंभीर खतरा हो सकता है। इसी कारण काउंसिल ने इस पर सख्त रुख अपनाया है और जिला स्तर पर जांच की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही।

**आम लोग भी कर सकते हैं कंप्लेन**

अगर किसी इलाके में बिना लाइसेंस या बिना रजिस्ट्रेशन के डेंटल क्लीनिक संचालित होने की जानकारी मिलती है तो आम लोग भी इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए डेंटल काउंसिल में शिकायत दर्ज कराने की व्यवस्था की गई है। सदर हॉस्पिटल रांची स्थित डेंटल काउंसिल के ऑफिस में शिकायत कर सकते है। शिकायत मिलने के बाद जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**दूसरे राज्य के लिए एनओसी जरूरी**

काउंसिल ने यह भी स्पष्ट किया है कि झारखंड में रजिस्टर्ड डेंटिस्ट यदि किसी दूसरे राज्य में जाकर प्रैक्टिस करना चाहते हैं, तो उन्हें झारखंड स्टेट डेंटल काउंसिल से एनओसी लेना अनिवार्य होगा। बिना एनओसी के दूसरे राज्यों में प्रैक्टिस करने पर भी नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।एक्सपर्ट्स की मानें तो कि इस तरह की सख्ती से फर्जी डॉक्टरों पर लगाम लगेगी और मरीजों को सुरक्षित और सही इलाज मिल सकेगा। डेंटल काउंसिल का कहना है कि मरीज भी इलाज से पहले डॉक्टर के क्लीनिक में लगे रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट को जरूर देखें और अगर कोई अनियमितता नजर आए तो तुरंत इसकी सूचना दें।



# ढेरों पोषक तत्वों से भरपूर है दही

दही खाना पेट के लिए काफी फायदेमंद होता है। दही में प्रोटीन, कैल्शियम, राइबोफ्लेविन के अलावा विटमिन उ6 और विटमिन उ12 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। दही में मौजूद लाभदायक बैक्टीरिया आपको स्वस्थ रखता है। साथ ही गर्मी के दिनों में तो दही और दही से बनी चीजें जैसे लस्सी और छांछ पेट को ठंडा रखने के साथ ही कई दूसरी समस्याओं से भी बचाता है। दही को मुंह के छालों पर दिन में 2-3 बार लगाने से छाले दूर हो जाते हैं। दही और शहद को समान मात्रा में मिलाकर सुबह-शाम सेवन करने से भी मुंह के छाले दूर हो जाते हैं। नहाने से पहले बालों में दही से अच्छी तरह से मालिश करनी चाहिए। कुछ समय बाद बालों को धो लेने से बालों की खुश्की या रूसी खत्म हो जाती है।

गर्मियों में अक्सर शरीर पर तेज धूप पड़ने से त्वचा टैन हो जाती है। ऐसे में टैनिंग कम करने के लिए दही एक बेहतर विकल्प है। इतना ही नहीं, दही में बेसन मिलाकर लगाने से भी चेहरे पर चमक आती है।

दही में कैल्शियम ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। यह हड्डियों के विकास में सहायक है। साथ ही दही, दांत और नाखून को भी मजबूत बनाता है। इससे मांसपेशियों के सही ढंग से काम करने में मदद मिलती है। हींग का छौंक लगाकर दही खाने से जोड़ों के दर्द में फायदा मिलता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी है। कई लोगों को खाना खाने के तुरंत बाद ही ऐसिडिटी होने लगती है। अगर आपको भी यह समस्या है, तो खाने के तुरंत बाद या खाने के साथ एक कटोरी दही खाएं। ये आपके शरीर का घ्क्वैलेंस बनाए रखेगा। साथ ही पेट में खाने से पैदा हुई गर्मी को कम करेगा जिससे ऐसिडिटी नहीं होगी। खाने के बाद दही खाने से खाना आसानी से पच जाता है।

## दही से पाएं मुलायम त्वचा

दमकती त्वचा पाने की किसकी ख्वाहिश नहीं होती हर कोई इसके लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास भी करता है, जिससे चेहरे की रंगत भी बदले और बढती उम्र को छिपाना भी आसान हो लेकिन क्या आप जानते हैं कि दमकती त्वचा पाने के टिप्स आपके घर में ही मौजूद हैं। ड्राई स्किन हो तो आप दही का इस्तेमाल कर त्वचा के ड्रायनेस को दूर कर सकते हैं। त्वचा पर ब्लीचिंग की जरूरत हो तो चेहरे पर दही लगा सकते हैं यानी घरेलू नुस्खों में दही त्वचा की रंगत निखारने में बहुत लाभदायक है। आइए जानें कैसे त्वचा की रंगत निखारने के लिए दही का इस्तेमाल किया जा सकता है। मुंहासे की समस्या को दूर करने के लिए चेहरे पर खट्टे दही का लेप लगाए और सोखने पर धो लें। कुछ दिन तक लगातार ऐसा ही करें, निध्य ही मुंहासे दूर करने में लाभ होगा। दही में गाजर, ककडी, पपीता आदि मौसमी फलों का रस मिलाकर चेहरे पर लगाने से त्वचा में निखार आएगा। इतना ही नहीं आप कुछ मौसमी सब्जियों के रस में दही को मिलाकर लगाएंगे तो भी लाभ मिलेगा। यदि आपकी त्वचा रूखी है तो आप आधा कप दही में एक छोटा चम्मच जैतून का तेल तथा एक छोटा चम्मच नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर लगाकर गुनगुने पानी से चेहरा धोने से त्वचा का रूखापन खत्म हो जाता है। दही चेहरे, गर्दन व बाजू आदि के सौंदर्य को तो निखारता ही है, साथ ही यह बालों को भी पोषण देता है।



# यदि डायटिंग व कसरत से भी नहीं घट रहा आपका वजन तो करें ऐसा

यदि डायटिंग और जिम में पसीना बहाने के बावजूद वजन बताने वाली मशीन की सुई पीछे नहीं खिसक रही है तो रात को बढिया नींद लीजिए। एक अध्ययन में पाया गया है कि रातभर मीठी नींद सोने से भी मोटापा कम होता है। एक नए शोध के अनुसार, रात को अच्छी नींद नहीं आने पर वजन बढ़ाने वाले हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है। इसके चलते नींद के मारे लोगों को मीठी और वसायुक्त चीजें खाने की ललक बढ़ती है। नींद के मारे लोगों को थकान और एकाग्रता की कमी से भी जूझना पड़ता है। इससे एक दुष्चक्र पैदा हो जाता है। नींद की कमी से मीठी चीजों को मन ललचाता है और अपौष्टिक खाना खाने के बाद शरीर पर और चर्बी चढ़ती है। डेली एक्सप्रेस में यह खबर प्रकाशित हुई है। अमेरिका के चिल्ड्रंस हास्पिटल ऑफ ईस्टर्न ओंतारियो रिसर्च इंस्टीट्यूट और लावाल यूनिवर्सिटी क्यूबेक के शोधकर्ताओं ने पाया कि साढ़े पांच घंटे से लेकर साढ़े आठ घंटे तक की बढिया नींद और पौष्टिक आहार लेने से वजन कम करने में सहायता मिलती है। शोध द्वारा पता चला है कि वजन कम करने का साधारण फार्मूला यह नहीं है कि कम खाइए, अधिक चलिए और खूब सोइए। वजन कम करने के लिए खानपान के साथ ही नींद को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता।




# एक दिन में 3 कप से ज्यादा ग्रीन टी पीना सेहत के लिए नुकसानदेह

**फिट रहने के लिए बहुत से लोग ग्रीन टी पीना पसंद करते हैं और ऐसे लोगों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। कहा जाता है कि अगर मोटापे से दूर रहना है, स्किन को चमकदार बनाना है, पाचन क्रिया को बेहतर बनाना है तो ग्रीन टी पीना शुरू कर दें। लेकिन जरूरत से ज्यादा ग्रीन टी पीना भी आपके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है।**

खासतौर पर जब आप किसी बीमारी से जूझ रहे हों। सामान्य तौर पर भी एक दिन में 3 कप से ज्यादा ग्रीन टी नहीं पीना चाहिए। साथ ही यह भी जानें, कि किन परिस्थितियों में आपको ग्रीन टी का सेवन नहीं करना चाहिए.

## होते हैं ये नुकसान

- आपको यह बात पता नहीं होगी कि ग्रीन टी में भी कैफीन होता है। इससे कई हेल्थ प्रॉब्लम्स हो सकती हैं। ग्रीन टी की 227 ग्राम चाय में 24 से 45 मिलीग्राम तक कैफीन होता है, जो कि आपकी हार्टबीट अनियमित कर देता है। आपको नर्वसनेस का अनुभव होता है और आप छोटी-छोटी सी बातों पर चिढ़ने लगते हैं।
- ज्यादा ग्रीन टी पीना आपके पाचन तंत्र को भी नुकसान पहुंचा सकता है। आपके पाचन रस के बैलेंस को बिगाड़ सकता है। ग्रीन टी में मौजूद टैनिन पेट को खराब कर सकता है क्योंकि ग्रीन टी पीने से पेट में एसिड अधिक बनने लगता है।
- ग्रीन टी में मौजूद टैनिन पेट दर्द या कब्ज की वजह बन सकता है। जिन लोगों के पेट में अल्सर हो या एसिडिटी की दिक्कत ज्यादा रहती हो उन्हें ग्रीन टी नहीं पीनी चाहिए।
- डॉक्टरों की सलाह है कि जिन लोगों को अनीमिया की समस्या है उन्हें ग्रीन टी से बचना चाहिए क्योंकि ग्रीन टीम पीने से हीमॉग्लोबिन की मात्रा कम हो जाती है।
- प्रेग्नेंट या ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली महिलाओं को दिन में 1 कप से ज्यादा ग्रीन टी नहीं पीना चाहिए क्योंकि मां के दूध के जरिए बच्चे में भी कैफीन जाता है जो उसके लिए सही नहीं है।
- मोतियाबिंद से पीड़ित ग्रीन टी का सेवन करते हैं तो 30 मिनट के अंदर-अंदर उनकी आंखों पर दबाव पड़ने लगता है। मोतियाबिंद आंखों से संबंधित ऐसी बीमारी है जो ऑप्टिक तंत्रिका को प्रभावित करता है।
- ग्रीन टी ज्यादा मात्रा में लेने से शरीर में कैल्शियम कम अब्जॉर्ब हो पाता है। इससे ऑस्टियोपॉरोरिस का खतरा बढ़ जाता है।





# सोते समय की ये आदतें बताती हैं कितने सेहतमंद हैं आप

**नींद हमारे शरीर की ऊर्जा को बनाए रखने के लिए जरूरी है। ठीक से नींद पूरी न होने की वजह से कई तरह के रोग जैसे- डायबीटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल से संबंधित रोग और मोटापे जैसी समस्याओं का खतरा बना रहता है। लेकिन क्या आपको पता है कि आपके सोने की आदतों से सेहत और व्यक्तित्व के बारे में कई बातें बताई जा सकती हैं.**

## बार-बार पेशाब के लिए जाना

अगर रात को कई बार पेशाब के लिए जाना पड़ता है, तो यह डायबीटीज के लक्षण हो सकते हैं। रात में दो से ज्यादा बार पेशाब जाना डायबीटीज या प्री-डायबीटीज का संकेत हो सकता है। लगातार पेशाब आने का कारण ब्लड में शुगर की मात्रा का बढ़ना हो सकता है। जब ब्लड में शुगर बढ़ जाती है तो शरीर पेशाब के रास्ते से इसे बाहर निकालने का प्रयास करता है।

## अचानक नींद टूट जाना

सोते हुए अचानक उठने के बाद फिर नींद न आने के पीछे संभावित कारण, रेस्टलेस लेग सिंड्रोम हो सकता है जो कि मस्तिष्क संबंधी एक विकार है। यह विकार लगभग 3 प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है। अगर आपको बीच रात में साथी को लात मारने व जाग कर बैठ जाने की आदत है तो यह रेस्टलैस लेग सिंड्रोम हो सकता है।

## सांस लेने में परेशानी

अगर नींद के दौरान सांस लेने में परेशानी होती है तो ये स्लीप ऐप्निया का संकेत हो सकता है। मौजूदा दौर में लोगों में नींद से संबंधित बीमारी स्लीप ऐप्निया काफी बढ़ रहा है और इसकी सबसे बड़ी वजह दिनचर्या का नियमित नहीं हो पाना है।

## करवट बदलना और दिल तेज धड़कना

अगर आप रात को करवटें बदलते रहते हैं और दिल की धड़कने तेज हो जाती हैं तो यह ओवरऐक्टिव थायरॉयड के कारण हो सकता है। अगर आपको लगातार रात को सोते समय अनिद्रा, तेजी से दिल धड़कने और असहजता की समस्या होती है तो यह हाइपरथायरॉडिज्म के कारण हो सकता है।



# पतली महिलाएं भी हो सकती है डायबटीज और दिल के दौरे के शिकार!

आज के समय में ज्यादातर लोगों में सबसे बडी समस्या मोटापा है। इसमें सबसे ज्यादा युवा वर्ग के लोगों में यह परेशानी सामने आ रहे है। लेकिन क्या आप जानते है कि पतली महिलाओं में बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है। जी हां, आज हम जिस रिसर्च के बारे में बता रहे हैं वह पतले महिलाओं के लिए भी खतरे की घंटी है। दरअसल एक नए शोध में सामने आया है कि पतले कूल्हे (स्लिम हिप्स) वाली महिलाओं को भी शुगर और दिल संबंधी रोग हो सकते हैं। स्टडी में बताया गया कि हिप्स का भारी होना बैली (पेट), लिवर (यकृत) या पेनक्रियाज (अग्नाशय) के चारों ओर जमा होने वाले फैट से ज्यादा सुरक्षित है। रिसर्च के अनुसार आनुवंशिकता के कारण कुछ महिलाओं के हिप्स पर कम फैट होता है। इससे उन्हें दिल की बीमारियां और टाइप-2 डायबिटीज होने की आशंका रहती है। फैट जमा होना शरीर में खून के दौरे पर भी निर्भर करता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज के लीड रिसर्चर लुका लोटा ने कहा कि इसका मतलब है कि लिवर, मसल्स या पेनक्रियाज में ज्यादा फैट होने से इन बीमारियों का खतरा रहता है। इससे यह भी समझा जा सकता है कि हिप्स के चारों ओर कम फैट होना सही नहीं होता। इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए शोधकर्ताओं ने 6 लाख से ज्यादा महिलाओं के जेनेटिक प्रोफाइल का अध्ययन किया। उन्होंने जेनेटिक वेरिएंट्स के दो स्पेसिफिक ग्रुप छांटे। एक में वे महिलाएं थीं, जिनके हिप्स के चारों ओर कम फैट था, जबकि दूसरे में कमर और पेट के चारों ओर ज्यादा फैट वाली महिलाएं थीं। जामा मेडिकल जर्नल में छपी रिपोर्ट से पता चला कि दोनों ग्रुप ही महिलाओं को ही टाइप-2 डायबिटीज और हार्ट अटैक का रिस्क रहता है।





आप बार-बार ट्वीट करते हैं या अपने दिल व दिन का हर हाल दूसरों को सुनाने के लिए बेताब रहते हैं? आप जानें या न जानें, लेकिन आपके ट्विट्स आपकी पर्सनैलिटी की पूरी कहानी बयां कर देते हैं। तो जानते हैं कि आप किस कैटिगरी में आते हैं।

# ट्विटर पर क्या लिखती हैं महिलाएं



महज 140 शब्दों में आप क्या लिख सकती हैं? शायद आप दुनिया ना बदल पाएं, लेकिन दूसरों को अपनी पर्सनैलिटी का बहुत हद तक आइडिया जरूर दे सकती हैं। अब इस बात पर नाक चढ़ाने की बजाय अगर आप अपने व दूसरों के ट्विट्स को थोड़ा ध्यान से देखेंगे, तो खुद ही समझ जाएंगी।

## दिमाग में चलता रहता है

यूं तो सभी के दिमाग में हमेशा कुछ न कुछ चलता ही रहता है, लेकिन कई महिलाओं को अपना हर थॉट बेहद खास लगता है। तभी तो दिमाग की बत्ती जलते ही वे उसे ट्विटर पर बताने के लिए बेताब हो जाती हैं। ऐसी महिलाएं साइलेंस की वैल्यू नहीं समझती और उन्हें वर्बल वॉमिट की प्रॉब्लम होती है। ये जितना जल्दी सोचती हैं, उससे भी जल्दी उस पर एक्ट करती हैं और वह भी रिजल्ट्स सोचे बिना। वैसे, उनकी यह प्रॉब्लम दिखाती है कि उनके पास स्ट्रांग सपोर्ट सिस्टम नहीं है और बचपन में वे किसी बुरी घटना को देख चुके हैं।

## इमोशनल नाटक

अगर आप डिप्रेस फील कर रहे हैं या किसी की भड़ास ट्विटर पर निकाल रहे हैं, तो जान लें कि यह सब जानने में दूसरों की कोई दिलचस्पी नहीं है। यही नहीं, आपके फ्रिज खराब होने या दूधवाले के न आने के बारे में भी कोई नहीं जानना चाहता। और अगर आपके बॉयफ्रेंड के साथ आपका ब्रेकअप हुआ है, तो उसकी भी कोई वजह होगी, जिसे जानने में दूसरे कतई दिलचस्पी नहीं रखते। वैसे, जो लोग पब्लिक में इस तरह के इमोशनल रिएक्शंस देते हैं, वे आमतौर पर सपने देखने वाले, भावुक और इमोशनल तौर पर कमजोर होते हैं। हालांकि ऐसे लोग दूसरों पर जल्दी विश्वास कर लेते हैं और बेहद रोमांटिक भी होते हैं। अगर आप इनमें से हैं, तो बेहतर होगा कि आप लाइफ की तरफ पॉजिटिव एटीट्यूड रखना सीखें और साथ ही दूसरों पर भरोसा करने से पहले थोड़ा कॉन्शस हो जाएं।

## सिलेबिट्रीज को फॉलो करो

सिलेब्रिटीज को फॉलो कर उनको ट्वीट करना और उनके री-ट्वीट की उम्मीद करना, ब्रैंड्स के बारे में लगातार बात करना, अपने सेक्सुअल रिलेशंस के बारे में बताना वगैरह यही बताता है कि दूसरों की नजरों में चढ़ने के लिए आप कितने बेकरार हैं। ऐसे लोग शो-ऑफ मटेरियल होते हैं। देखा जाए तो इनके साथ सेल्फ-एस्टीम और मैच्योरिटी की प्रॉब्लम होती है।

## आपका नेचर दिखाती हैं

कहीं भी ब्लास्ट होने या भूकंप आने पर इन्हें सबसे पहला ख्याल ट्वीट करने का ही आता है। अगर गलती से इनसे यह छूट जाए, तो इनको लगता है कि कोई बड़ा टास्क मिस कर दिया। ऐसे लोग खुद को दूसरों को बचाने वाला मानते हैं। वैसे, यह आदत इंसान के दूसरों को कुछ न कुछ देने वाले नेचर को दिखाती है। हालांकि दूसरों को देना या उनके लिए कुछ करना अच्छी बात है, लेकिन तभी जब कोई मांगे या कहे। अब यह बात और है कि ऐसे लोगों का नेचर बहुत अच्छा होता है और ये हमेशा बढ़िया दोस्त व पार्टनर साबित होते हैं।

## टाइम वैल्यू क्या है

ऐसे लोगों को टाइम की वैल्यू बखूबी पता होती है और सोशल साइट पर ये नेटवर्किंग, अपने प्रॉडक्ट, ब्लॉग या वेबसाइट की प्रमोशन के लिए ही मौजूद होते हैं। बेशक यह कम्यूनिटी बिल्डिंग का एक तरीका है। यही नहीं, खुद को इस तरह प्रमोट करना भी एक आर्ट है और इसे सीखने में कोई बुराई नहीं है। माना जाता है कि साइबरस्पेस में जो लोग अपनी जगह बना जाते हैं।

## सबसे अच्छा ज्ञान गुरु

ट्विटर पर अगर आप तमाम फिलॉस्फिकल बातों को रीसाइकल करते रहते हैं, तो इसका मतलब है कि आपकी इमैजिनेशन पॉवर स्ट्रांग नहीं है। वैसे, ऐसे लोग सॉफ्ट नेचर के होते हैं, लेकिन साथ ही थोड़े आलसी भी। यही नहीं, इनकी सैलेरी की अच्छी खासी अमाउंट इंस्पिरेशनल बुक्स पर जाती है और इनके बुक रैक में आपको पाउल कोहलो के अलावा रॉन्डा ब्रायन की द सीक्रेट और द मोंक हू सोल्ड हिस फरारी जैसी बुक्स जरूर मिलेंगी।

## बच्चे क्यूट होते हैं

माना कि बच्चे क्यूट होते हैं, लेकिन यह भी सच है कि लगभग सभी बच्चों की हरकतें एक जैसी होती हैं और आपका बच्चा भी उन हजारों में से अलग नहीं है। बेशक बेबी टॉक से आपको तारीफ के कई ट्विट्स मिल जाएं, लेकिन आपका यह ओवर क्यूट बिहेवियर दिखाता है कि आप हर समय अफेक्शंस चाहते हैं। ध्यान रखें कि लोगों से क्यूट ट्विट्स मिलना अच्छा है, लेकिन एक हद के बाद यह सभी को बोरिंग लगने लगता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप कुछ एक्शन दिखाएं और फिर देखें आपका अकाउंट कैसे चेंज लेता है।



# झटपट नाश्ते के लिए

पोहा की खूबी है कि यह बहुत ही कम समय में आसानी से बनाया जा सकता है। यह कम तेल और कम समय में बनने वाला नाश्ता खाने में बहुत स्वादिष्ट होता है। जब भी तुरत-फुरत नाश्ता बना हो तो आप पोहा बनाइए।



## ब्रेड पोहा

### सामग्री

ब्रेड पीस- 10, टमाटर - 5, लाल मिर्च पावडर- 1 /2 चम्मच, दही- 2 चम्मच, हरी मिर्च - 1, सरसों के बीज - 1 /3 चम्मच, तेल/घी - 1/3 बड़ा चम्मच, धनिए की पत्तिया- 1 चम्मच, प्याज - 1, धनिया पावडर- 1 चम्मच, अमचूर- 1 /3 चम्मच

### बनाने की विधि

ब्रेड, प्याज और टमाटर को बारीक-2 काट लें। एक कड़ाई में तेल गरम करें। इसमें सरसों के बीज डालें। 30 सेकंड बाद इसमें प्याज डालें। जब प्याज सुनहरे रंग के हो जाएं तो इसमें टमाटर डालें और मिलाएं। टमाटर को नरम होकर पकने दें। अब इसमें नमक, लाल मिर्च पावडर, हल्दी, धनिया पावडर और अमचूर डालकर मिलाएं। इसमें ब्रेड के छोटे टुकड़े डालें और मिलाएं। अब इस मिश्रण में दही और धनिए की पत्तियां मिलाएं। आपका ब्रेड पोहा खाने के लिए तैयार है।



## चिवड़ा पोहा

### सामग्री

चिवड़ा/पोहा - 2 कप, प्याज कटा हुआ - एक, टमाटर - एक, हरी मिर्च - एक, नमक - स्वादानुसार, लाल मिर्च पाउडर - 1/3 चम्मच, गरम मसाला - 1/3 चम्मच, अमचूर - 1/3 चम्मच, हल्दी पाउडर - 1/3 चम्मच, करी पत्ता - 10, तेल - 3 चम्मच, सरसों - 1/3 चम्मच

### बनाने की विधि...

एक छलनी पोहा डाल कर, ठंडे पानी के साथ धो ले और अलग रख दे सूखने के लिए। अब प्याज, टमाटर और हरी मिर्च को छोटा छोटा काट ले। एक कड़ाही में तेल गर्म करें। अब उसमे कटा हुआ प्याज डालकर तब तक भुने जब तक उसका रंग ना बदल जाए। अब कटा हुआ टमाटर और हरी मिर्च डाल कर अच्चे से मिला ले। नमक, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, हल्दी पाउडर और अमचूर डाल कर मिलाए। जब तक पकने दे जब तक टमाटर नरम ना हो जाए। अब गैस स्टोव को कम आच पर रख कर उसमे सुखाया हुआ चिवड़ा डाल दें। अच्छे से मिलाएं, ताकि बनाया हुआ मसाला चिवड़े में अच्छे से मिल जाए। अच्छे से मिलाने के बाद गैस बंद कर दें। परोसे और सबके साथ खाकर इसका आनंद लें!



# प्रोफेशन के हिसाब से ड्रेस

## बिजनेस प्रोफाइल



शॉर्ट-टाइट स्कर्ट के साथ ब्लेजर का कॉम्बिशन एक ट्रैंडी लुक देता है। इस प्रोफेशन के हिसाब से स्कर्ट और ब्लेजर का कलर एक ही होना चाहिए। रंगों में ब्लैक, ब्राउन, नेवी ब्लू, डार्क ग्रीन जैसे गहरे शेड्स का चयन करें। सेमी फॉर्मल लुक पाने के लिए खाकी शेड की भी इन दिनों बहुत डिमांड है। आप ब्लैक, रेड, ग्रीन, ब्राउन शेड की पेंसिल हील वाले लेदर शूज पहनें। आपके लुक के साथ शोल्डर लेंथ वाले स्ट्रेट हेयर मैच करेंगे। बिजनेस डील के लिए जाते समय पुरुषों को व्हाइट शर्ट सूट या ट्राउजर के साथ पहनने चाहिए। ब्लैक और ब्राउन रंग के ट्राउजर को अपने वॉर्डरोब में अवश्य शामिल करें। इन्हें लगभग सभी रंगों और फैब्रिक वाली शर्ट्स, जैसे कॉटन, लिनेन, सिल्क आदि के साथ पहना जा सकता है। 'जहां शाइनी ब्लैक पैंट शाम के समय बढ़िया लुक देती है, वहीं ब्राउन कलर की पैंट सेमी फॉर्मल आउटफिट के साथ एलिगेंट लुक देती है।'



स्टाइल, ड्रेस का रंग, लंबाई व फिटिंग आपके कार्य करने की क्षमता के बारे में बताती है। अगर आप अपने कैरियर के प्रति सजग हैं तो आप ट्रैंडी, फैशनेबल या ग्लैमरस लगने की बजाय प्रोफेशनल दिखने की कोशिश करेंगे। आज की वर्किंग मेन-वुमेन के लिए सही तरह से अपने को ऑफिस में प्रेजेंट करना जरूरी है और इसके लिए अपने ड्रेस व अन्य एसेसरीज का चयन सावधानी से करना होगा। आइए जानते हैं कैसे करें इनका चयन।

## ज्वैलरी न हो हैवी

आपके प्रोफेशन के लिए हैवी ज्वैलरी पहनना सही नहीं है। आप प्लेटिनम, रोलगोल्ड, डायमंड, पर्ल आदि की हल्की ज्वैलरी पहन सकती हैं। हेयर स्टाइल आपका ऐसा होना चाहिए कि बालों को बार-बार पीछे करने या संभालने की जरूरत न पड़े। पुरुषों को भी प्रेजेंटेबल दिखने की उतनी ही जरूरत है, जितनी महिलाओं को। डिजाइनर अतुल किशोर के अनुसार, 'बढ़िया फिटिंग के सूट कॉरपोरेट कल्चर में उपयुक्त रहते हैं। विशेष रूप से क्लासिक ब्लैक या ग्रे कलर का सूट एक फॉर्मल लुक देता है। इसके साथ टाई अवश्य पहनें। इन दिनों स्लिम टाई का फैशन है, जिन पर ज्योमेट्रिक प्रिंट्स हों।'

## कॉरपोरेट स्टाइल

यदि आप आईटी प्रोफेशनल हैं या कॉरपोरेट दुनिया का हिस्सा हैं तो आपका लुक सेमी फॉर्मल होना चाहिए, क्योंकि आपको मीटिंग्स अटेंड करने के साथ-साथ क्लाइंट्स व लोगों से लगातार मिलते रहना होता है। इसके लिए आप प्लेन व्हाइट स्कर्ट के साथ ब्रोकेड या कंट्रास्ट पाइपिंग वाला टॉप पहन सकती हैं। यह बहुत ही स्मार्ट व एलीगेंट लुक देता है। व्हाइट, बेज जैसे लाइट कलर के ट्राउजर के साथ मैरून, बरगंडी, ब्लैक आदि डार्क शेड के टॉप और मैच करता स्टोल भी पहना जा सकता है।

## टीचिंग प्रोफेशन

टीचिंग एक ऐसा प्रोफेशन है, जो बहुत ही नोबल माना जाता है। और छात्र अपने अध्यापक को आदर्श मानते हैं, इसलिए अपनी गरिमा बनाए रखते हुए ही अपने ड्रेस का चयन करना चाहिए। अच्छी फिटिंग वाली ब्राइट कलर की शॉर्ट कुरती व चूड़ीदार के साथ मैच करता स्टोल लें। चाहें तो शॉर्ट कुरती के साथ पटियाला सलवार भी पहन सकती हैं। हैंडलूम फैब्रिक आपको ट्रैंडी लुक देंगे। ऐसे फैब्रिक के साथ क्रश्ड दुपट्टा पहनें। यदि आप साड़ी पहनती हैं तो ध्यान रहे कि यह बहुत हैवी न हो, लेकिन ब्लाउज आप डिजाइनर पहन सकती हैं। कॉटन की साड़ी पहनें तो उसके साथ ऑक्सीडाइज्ड, डल गोल्ड जैसी एथनिक ज्वैलरी पहनें।

## ऑफिस रिसेप्शनिस्ट

एक रिसेप्शनिस्ट या अन्य फ्रंट ऑफिस कर्मचारी महिला को बिजनेस सूट पहनना चाहिए, ताकि उसे झुक कर चीजें उठाते या फाइलें रखते या आने वाले लोगों से लगातार अटेंड करते समय अपने कपड़ों को संभालने की टेंशन से न गुजरना पड़े। ड्रेस सूट या पैंट सूट सबसे अच्छा ऑप्शन रहता है। स्लीवलेस शर्ट या टैंक टॉप न पहनें। अगर ब्लाउज पहना है या कुर्ता या सलवार कमीज, ध्यान रहे कि कभी भी उनकी नेक डीप न हो। आपको अधिकांश समय सीट पर बैठ कर बिताना होता है, इसलिए ऐसी स्कर्ट न पहनें, जिसकी स्लिट आगे की तरफ हो। ज्वैलरी भी बहुत लाइट पहनें, बालों को स्टाइल दे सकती हैं, पर वे ज्यादा बिखरे हुए न हों।

## संक्षिप्त समाचार

### किम जोंग उन का दावा- परमाणु ताकत से लैस होगी उत्तर कोरिया की नौसेना

सियोल, एजेंसी। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने नए युद्धपोत का निरीक्षण किया और



मिसाइल परीक्षण देखे। उन्होंने अपनी नौसेना को परमाणु हथियारों से लैस करने का संकल्प लिया है। किम ने हर साल दो नए युद्धपोत बनाने का लक्ष्य रखा है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपनी नौसेना की ताकत ब?ाने के लिए ब? कदम उठाए हैं। उन्होंने लगातार दो दिनों तक नए युद्धपोत (डिस्ट्रॉयर) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने युद्धपोत से दागी गई क्रूज मिसाइलों का परीक्षण भी देखा। किम ने अपनी नौसेना को परमाणु हथियारों से और अधिक मजबूत करने का वादा किया है। सरकारी मीडिया ने गुरुवार को इस दौरे की जानकारी दी। किम जोंग उन ने मंगलवार और बुधवार को नम्पो के पश्चिमी शिपयार्ड का दौरा किया। वहां उन्होंने 5,000 टन के युद्धपोत ह्योन जैसी श्रेणी के तीसरे जहाज के निर्माण कार्य का जायजा लिया। किम ने कहा कि चो ह्योन का विकास उनकी सेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी प्रगति है। यह जहाज परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों को दागने के लिए बनाया गया है। दक्षिण कोरियाई विशेषज्ञों का मानना है कि इस जहाज को बनाने में रूस ने मदद की है। हालांकि, कुछ लोग इसकी कार्यक्षमता पर संदेह भी जता रहे हैं। पिछले साल मई में इसी श्रेणी का दूसरा जहाज लॉन्चिंग के दौरान खराब हो गया था। इस नाकामी पर किम जोंग उन ने बहुत गुस्सा जाहिर किया था। उन्होंने इसे एक अपराध बताया था। उस जहाज का नाम कांग कोनथा, जिसे मरम्मत के बाद जून में फिर से लॉन्च किया गया। किम ने अब लक्ष्य रखा है कि अगले पांच वर्षों तक हर साल दो बड़े युद्धपोत बनाए जाएंगे। उनका पूरा ध्यान अब नौसेना की क्षमता बढ़ाने पर है। इसमें परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां बनाना भी शामिल है। नम्पो शिपयार्ड में बन रहा तीसरा युद्धपोत अक्टूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। किम जोंग उन ने दावा किया कि नौसेना को परमाणु हथियारों से लैस करने की कोशिशों में अच्छी प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव समुद्री सीमाओं की रक्षा में बड़ी भूमिका निभाएगा। जानकारों का कहना है कि उत्तर कोरिया एक नई समुद्री सीमा घोषित करने की तैयारी में है। किम ने साफ कर दिया है कि वे पुरानी समुद्री सीमा (एनएलएल) को मान्यता नहीं देते हैं। इस वजह से आने वाले समय में समुद्री क्षेत्र में तनाव बढ़ सकता है। किम ने अपनी सेना को मजबूत करने के साथ-साथ कूटनीतिक रास्ते भी खुले रखे हैं।

### मध्य पूर्व में तनाव के बीच घर लौट रहे दक्षिण कोरियाई पर्यटक

सियोल, एजेंसी। मध्य पूर्व देशों में बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण कोरियाई पर्यटक धीरे-धीरे अपने घर लौट रहे हैं। वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था होने के बाद उनकी वापसी आसान हो सकी है। पर्यटन उद्योग के सूत्रों के अनुसार, बुधवार तक प्रमुख ट्रैवल एजेंसियों के 400 से अधिक पर्यटक दुबई में ठहरे हुए थे। इनमें हाना टूर के करीब 150 ग्राहक, मोड टूर के लगभग 190 ग्राहक और येलो बैलून टूर के करीब 70 ग्राहक शामिल हैं। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी है। हाना टूर ने बताया कि उसके 40 ग्राहक दिन में पहले ही दुबई से रवाना हो चुके हैं और वे गुरुवार देर रात तक दक्षिण कोरिया पहुंचने वाले हैं। वहीं मोड टूर ने भी अपने 39 ग्राहकों के लिए वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था की है, जिनके इंचियोन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचने की उम्मीद है। इन यात्रियों के लौटने के बाद भी 330 दक्षिण कोरियाई पर्यटक दुबई में ही रहेंगे। मध्य पूर्व के अन्य देशों में मौजूद पर्यटक फिलहाल बिना किसी बड़ी समस्या के अपने देश लौट रहे हैं। हाना टूर के एक अधिकारी ने बताया कि काहिरा में मौजूद उनके समूह के पर्यटक बिना किसी व्यवधान के वापस लौट रहे हैं। वहीं, येलो बैलून टूर के एक अधिकारी ने कहा कि कंपनी काहिरा और जॉर्डन के अम्मान में मौजूद अपने ग्राहकों के लिए इस सप्ताह के अंत में वैकल्पिक उड़ानों की व्यवस्था कर रही है।

# व्हाइट हाउस का बड़ा बयान- ईरानी आसमान पर जल्द अमेरिका का नियंत्रण होगा

## होर्मुज पर दिए यह संकेत

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका की तरफ से ईरान के खिलाफ कोई नरमी नहीं बरती जा रही है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने प्रेस वार्ता में बताया कि जल्द ही अमेरिकी सेना ईरान के हवाई क्षेत्र पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लेगी। उन्होंने इस दौरान हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर भी टिप्पणी की है। अमेरिका ने दावा किया है कि ईरान के खिलाफ चलाए जा रहे सैन्य अभियान में उसे बड़ी सफलता मिल रही है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में ईरान के आतंकी शासन को कड़ा जवाब दिया जा रहा है और उसके सैन्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। लेविट के अनुसार अमेरिका ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम का सैन्य अभियान शुरू किया है। इस अभियान



का मुख्य लक्ष्य ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को खत्म करना, उसके मिसाइल उद्योग को पूरी तरह नष्ट करना और ईरानी नौसेना को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि अब तक अमेरिकी सेना ईरान के 20 से ज्यादा जहाजों को नष्ट कर चुकी है, जिनमें उसका एक प्रमुख पनडुब्बी भी शामिल है। इस हमले में पहली बार द्वितीय विश्व युद्ध के बाद टॉरपीडो का इस्तेमाल किया गया।

व्हाइट हाउस का दावा है कि इस समय अरब सागर, हॉर्मुज जलडमरूमध्य और ओमान की खाड़ी में कोई भी ईरानी जहाज सक्रिय नहीं है। लेविट ने कहा कि आने वाले कुछ घंटों में अमेरिकी सेना ईरान के आसमान पर पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लेगी। इसके बाद सेना चिन्हित सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले करेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल न कर सके। उनके मुताबिक अमेरिका ने पहले ईरान के साथ बातचीत की कोशिश भी की थी और प्रतिबंध हटाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन ईरान ने उसे ठुकरा दिया। लेविट ने यह भी कहा कि अमेरिका के पास पर्याप्त हथियार और गोला-बारूद मौजूद है और जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई और आगे बढ़ाई जा सकती है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि यूरोपीय देश भी इस अभियान में अमेरिका का सहयोग करेंगे। व्हाइट हाउस के अनुसार इस कार्रवाई से दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति भी सुरक्षित होगी, क्योंकि ईरान अब हॉर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए तेल की आपूर्ति को नियंत्रित नहीं कर पाएगा। यह रास्ता दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

## 500+ सैनिक मारे गए

### कब सुपुर्द-ए-खाक किए जाएंगे खामेनेई- ईरान बोला- अपने नेता की मौत का बदला जरूर लेंगे

तेहरान, एजेंसी। ईरान के सर्वोच्च नेता रहे अयातुल्ला अली खामेनेई का श्रद्धांजलि समारोह फिलहाल टाल दिया गया है। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी के अनुसार, यह समारोह मूल रूप से बुधवार को रात 10 बजे (ईरानी समयानुसार) तेहरान के इमाम खुमैनी प्रार्थना कक्ष में होना था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का सुपुर्द-ए-खाक कार्यक्रम फिलहाल टाल दिया गया है। सरकारी मीडिया के अनुसार पहले यह कार्यक्रम बुधवार रात तेहरान के इमाम खोमेनी प्रेयर हॉल में होना था, लेकिन अचानक इसे स्थगित कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि नागरिकों के लिए तीन दिन का सार्वजनिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके बाद अंतिम यात्रा की नई तारीख घोषित की जाएगी। इसी बीच, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारिजानी ने अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका को एक अन्यायपूर्ण युद्ध में धकेल दिया है। लारिजानी के अनुसार इस युद्ध में अब तक 500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक मारे जा चुके हैं और खामेनेई की मौत का बदला जरूर लिया जाएगा। रूस ने मध्य-पूर्व में बढ़ते संघर्ष के लिए सीधे अमेरिका और इस्राइल को जिम्मेदार ठहराया है। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि इन दोनों देशों की कार्रवाई के कारण पूरे क्षेत्र में सैन्य टकराव फैल गया है। रूस ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से भी मांग की है कि वह ईरान पर हुए हमलों के बाद संभावित रेडिएशन खतरे की निष्पक्ष जांच करे। इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार भी प्रभावित होने लगा है।

## क्या अब थमेगा संघर्ष

### पाकिस्तान-अफगान सीमा तनाव- छह दिन से जारी जंग के बीच तुर्किये ने की मध्यस्थता की पेशकश

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर झड़पें छठे दिन भी जारी हैं। अफगान हमलों के बाद पाकिस्तान ने सैन्य अभियान शुरू कर खुले युद्ध जैसी स्थिति बताई है। बढ़ते तनाव के बीच अब तुर्किये ने इस संघर्ष को खत्म करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की है। तुर्किये का कहना है कि वह दोनों देशों के बीच नया युद्धविराम कराने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर जारी झड़पें अब



छठे दिन में पहुंच गई हैं। हमले जारी है। इसी बीच अब इस मामले में तुर्किये की एंट्री हुई है। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने दोनों देशों के बीच नया युद्धविराम कराने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की है। बता दें कि संघर्ष की शुरुआत पिछले हफ्ते हुई, जब अफगानिस्तान ने गुरुवार को पाकिस्तान पर हमले किए। यह हमला पाकिस्तान द्वारा पिछले सप्ताहांत किए गए हवाई हमलों के जवाब में बताया गया। इसके बाद पाकिस्तान ने सीमा पर सैन्य अभियान शुरू कर दिया और कहा कि वह अफगानिस्तान के साथ खुले युद्ध जैसी स्थिति में है। इससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता बढ़ गई है। इससे पहले दोनों देशों के बीच अक्तूबर 2024 में कतर और तुर्किये की मदद से युद्धविराम हुआ था।

# ईरान युद्ध पर अमेरिका का बड़ा कबूलनामा; रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले- हर मिसाइल रोक पाना संभव नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्वीकार किया है कि ईरान की ओर से दागी जाने वाली हर मिसाइल या ड्रोन को रोक पाना संभव नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना की ताकत और तकनीक इतनी मजबूत है कि ईरान के हवाई क्षेत्र पर धीरे-धीरे अमेरिका का नियंत्रण बढ़ता जा रहा है। पेंटागन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने अपने सैनिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए हवाई रक्षा प्रणाली को मजबूत करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि हमला शुरू करने से पहले ही अधिकतम सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई थी, ताकि सैनिकों को नुकसान कम से कम हो।

अमेरिकी सेना के शीर्ष अधिकारी और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन कैन ने भी साफ कहा कि अमेरिकी सैनिक अभी भी खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध के दौरान जोखिम पूरी तरह खत्म नहीं



होता और स्थिति को गंभीरता से देखने की जरूरत है। रविवार को कुवैत के एक नागरिक बंदरगाह क्षेत्र में ईरानी ड्रोन हमले में छह अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। यह हमला सेना के मुख्य बेस से करीब 10 मील दूर एक ऑपरेशन सेंटर पर हुआ था। बताया गया कि यह केंद्र शिपिंग कंटेनर जैसी इमारत में बना था और वहां मजबूत सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी।

जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या अमेरिका ईरान में जमीनी सैनिक भेज सकता है, तो जनरल कैन ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भी कहा कि फिलहाल यह योजना का हिस्सा नहीं है, लेकिन राष्ट्रपति के सामने मौजूद किसी विकल्प को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता।

युद्ध 3 हफ्ते से लेकर 2 महीने तक चल सकता है- हेगसेथ

रक्षा मंत्री हेगसेथ ने संकेत दिया कि यह संघर्ष पहले की उम्मीद से ज्यादा लंबा चल सकता है। उन्होंने कहा कि युद्ध तीन हफ्ते से लेकर आठ हफ्ते तक भी चल सकता है। उनके अनुसार युद्ध की अवधि इस बात पर निर्भर करेगी कि हालात किस दिशा में बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि अभी युद्ध की गति और रणनीति अमेरिका तय कर रहा है और ईरान दबाव में है। हेगसेथ ने बताया कि अमेरिका लगातार इस क्षेत्र में अतिरिक्त लड़ाकू विमान और बमवर्षक भेज रहा है, ताकि अभियान को मजबूत बनाया जा सके। हेगसेथ और जनरल कैन दोनों ने कहा कि अमेरिकी सेना के पास हथियारों और गोला-बारूद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि युद्ध की शुरुआत में अमेरिका ने अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया था, लेकिन अब जब ईरान के आसमान पर नियंत्रण बढ़ गया है तो पारंपरिक लेकिन सटीक बमों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जनरल कैन के अनुसार अमेरिकी हमलों ने ईरान के कई मिसाइल ठिकानों और सैन्य लक्ष्यों को नुकसान पहुंचाया है। इसी वजह से अब अमेरिकी विमान ईरान के अंदरूनी इलाकों तक जाकर हमला कर पा रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार युद्ध की शुरुआत की तुलना में ईरान द्वारा दागी जा रही बैलिस्टिक मिसाइलों की संख्या में

# पश्चिम एशिया संकट- हिंद महासागर में अमेरिका ने डुबोया ईरानी युद्धपोत, बढ़ता टकराव भारत के लिए चिंताजनक कैसे?

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच जारी संघर्ष ने खाड़ी देशों के साथ दुनियाभर की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में अब इसका असर भारत पर कैसे पड़ने वाला है? यह सवाल आज इसलिए उठ रहा है, क्योंकि अमेरिकी पनडुब्बी ने हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को टॉरपीडो से ध्वस्त कर दिया। ईरान के इस युद्धपोत का तार भारत के साथ कैसे जुड़ा है और यह घटना भारत के सामरिक और समुद्री हितों को खतरे में कैसे डाल सकती है? आइए यहां समझते हैं। दुनिया की राजनीति अब अत्यधिक खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। इसका कारण है कि अमेरिका और इस्राइल का ईरान पर किए गए हमले और फिर ईरान की ओर से जवाबी कार्रवाई ने खाड़ी देशों के साथ-साथ दुनियाभर की राजनीति में चिंता पैदा कर दी है। इस आधार पर यह कहना गलत नहीं होगा कि इस युद्ध की आग से उठे लपेटें ने सिर्फ पश्चिम एशिया ही नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया और अब भारतीय महासागर के पानी में भी उबाल आ गया है। तनाव इतना बढ़ चुका है कि एक अंतरराष्ट्रीय शक्ति ने टॉरपीडो तक चलाकर अपनी ताकत दिखा दी, जिससे भारत में चर्चा तेज हो गई है। आइए जानते हैं कि पश्चिम एशिया का युद्ध अब भारत के दरवाजे तक पहुंच गया? पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिकी



पनडुब्बी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय जल में ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को टॉरपीडो से निशाना बनाया और ध्वस्त कर दिया। इस हमले से जहाज का मुख्य ढांचा टूट गया, जिससे बचाव दल को कोई जहाज नहीं मिला। गौर करने वाली बात यह है कि यह अमेरिका की द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली टॉरपीडो से युद्धपोत पर किया गया हमला है। भारत में आंध्र प्रदेश के विशाखपटनम के विजाग से लौट रही थी, जहां उसने मिलान अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास और बंगाल की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक रिव्यू में हिस्सा लिया था। हमला श्रीलंका के दक्षिणी तट के पास अंतरराष्ट्रीय जल में हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, जहाज पर लगभग 87 लोग मारे गए जबकि श्रीलंका की नौसेना ने लगभग 30 नाविकों को बचाया और उन्हें गाले, श्रीलंका के अस्पताल में भर्ती कराया। बता दें कि यह हमला दर्शाता है कि अमेरिकी नौसेना अब भारतीय महासागर में भारी उपस्थिति बनाए हुए है। इस क्षेत्र में अमेरिका की पांचवीं फ्लेट, जो बहरीन में मुख्यालय रखती है, सबसे सक्रिय है। इसमें नाभिकीय पनडुब्बियां और बड़े युद्धपोत शामिल होते हैं। ऐसे में इस घटना ने भारत की सुरक्षा चिंता को बढ़ा दिया है। मामले में पूर्व नौसेना प्रमुख अधिरामन प्रकाश ने कहा कि यह दिखाता है कि ईरान-अमेरिका-इस्राइल युद्ध अब भारत के दरवाजे तक आ गया है। वहीं विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को अपनी सुरक्षा और रणनीतिक हितों के लिए स्वतंत्र और समझदारी से कदम उठाने होंगे।

## ● खाड़ी देशों की पहली आपात बैठक से यूएई भी जुड़ा

# पश्चिम एशिया में शांति कब-कैसे चीन विशेष मध्यस्थता दूत भेजेगा

दुबई, एजेंसी। पश्चिम एशिया इस समय विस्फोटक हालात से गुजर रहा है। अमेरिका-इस्राइल और ईरान की टकराहट ने पूरे क्षेत्र को युद्ध की दहलीज पर ला खड़ा किया है। तनाव इतना बढ़ गया कि खाड़ी देशों को पहली बार आपात बैठक करनी पड़ी, जिसमें यूएई भी शामिल हुआ। वहीं चीन ने भी साफ कर दिया है कि वह चुप नहीं बैठेगा और संकट सुलझाने के लिए अपना विशेष दूत भेजेगा। पश्चिम एशिया बीते कई दिनों से बारूद के ढेर पर खड़ा है। अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच बढ़ती तनातनी ने पूरे क्षेत्र को जंग के मुहाने पर ला दिया है। हालात इतने विस्फोटक हो चुके हैं कि शांति की कोशिशों के लिए खाड़ी देशों को पहली बार संयुक्त आपात बैठक बुलानी पड़ी, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) भी शामिल हुआ। दूसरी ओर चीन ने साफ संकेत दिया है कि वह इस पूरे मामले में तमाशबीन नहीं रहेगा और मध्यस्थता के लिए अपना विशेष दूत मैदान में उतारेगा। सबसे पहले बात अगर खाड़ी देशों



की अहम बैठक की करें तो, यूएई ने इसमें हिस्सा लिया और इस बैठक में यूएई का प्रतिनिधित्व उसके गृह मंत्री ने किया। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित की गई थी। यह अपनी तरह की पहली संयुक्त आपात बैठक थी, जिसमें खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देशों के आपातकाल, संकट और आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी और ऑपरेशन रूम के अधिकारी शामिल हुए।

यूएई के गृह मंत्री ने क्या कहा? इस बैठक को लेकर यूएई के गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को मजबूत करने के लिए संयुक्त प्रयासों का हिस्सा है। इसका मकसद मौजूदा हालात और अलग-अलग तरह की आपात चुनौतियों से निपटने के लिए तैयारी को और बेहतर बनाना है। उन्होंने जोर दिया कि बैठक के दौरान अधिकारियों ने इस बात पर चर्चा की कि विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच पहले से मौजूद समन्वय को और कैसे मजबूत किया जाए।

# नेपाल में क्या हैं इस चुनाव के मुद्दे- पीएम पद के लिए किसके बीच मुकाबला, कौन से अहम चेहरे मैदान में

नेपाल, एजेंसी। नेपाल के चुनाव में इस बार कौन सी पार्टियां मैदान में हैं? इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए कौन-कौन ताल ठोंक रहा है? इस चुनाव में मुद्दे क्या हैं? वह कौन सी सीटें हैं, जहां चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर रहेगी? आइये जानते हैं... नेपाल में गुरुवार (5 मार्च) को होने वाले चुनावों के लिए देश के सियासी दलों ने कमर कस ली है। सितंबर में जेन जेड की ओर से किए गए प्रदर्शनों के बाद अब यह पहला चुनाव है। एक ओर जहां इस चुनाव में कुछ नई पार्टियां युवाओं के वोटों को हासिल कर नेपाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि को बदलने के लिए संघर्ष करेंगी तो कुछ पुराने दल इस चुनाव में अपनी वैधता की लड़ाई जारी रखेंगे। इनमें से कई पार्टियां तो अपना राष्ट्रीय दर्जा तक बचाने की जंग में होंगी। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर नेपाल के चुनाव में इस बार कौन सी पार्टियां मैदान में हैं? इस चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए कौन-कौन ताल ठोंक रहा है? इस चुनाव में मुद्दे क्या हैं? वह कौन सी सीटें हैं, जहां चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर रहेगी? आइये जानते हैं... नेपाल के आम चुनावों में प्रधानमंत्री पद के लिए मुख्य रूप से चार बड़े नेता ताल ठोंक रहे हैं। हालांकि, अलग-अलग सर्वे एजेंसियों का मानना है कि मुख्य मुकाबला जेन जेड प्रदर्शनों के बाद उभरे बालेन्द्र शाह और इस प्रदर्शन के बाद पद छोड़ने को मजबूर हुए केपी शर्मा ओली के बीच ही होगा।

35 वर्षीय बालेन का जन्म 1990 में काठमांडू में हुआ था, जब नेपाल में माओवादी गृहयुद्ध चल रहा था। पेशे से वह एक सिविल इंजीनियर हैं और राजनीति में आने से पहले एक अंडरग्राउंड हिप-हॉप आर्टिस्ट (रैपर) हुआ करते थे। उनके गानों में अक्सर भ्रष्टाचार और असमानता का कड़ा विरोध देखने को मिलता था, जिससे उन्हें युवाओं के बीच खासी पहचान मिली।

संगीत से मिली अपनी लोकप्रियता को उन्होंने राजनीति में मोड़ा और 2022 में काठमांडू के पहले निर्दलीय मेयर चुने गए। मेयर के रूप में उन्होंने टैक्स चोरी, ट्रैफिक जाम और कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर कड़े फैसले लिए और एक स्पष्टवादी सुधारक की छवि बनाई। सितंबर 2025 के युवाओं के प्रदर्शनों का समर्थन करने के बाद, वह दिसंबर 2025 में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हो गए।

बालेंद्र शाह अब नेपाल में राजनीतिक बदलाव और सुशासन के एक प्रमुख युवा चेहरे के रूप में उभरे हैं। चुनाव में झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र से वह पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को सीधी चुनौती दे रहे हैं। 74 वर्षीय और चार बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके ओली कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूएमएल के नेता हैं। ओली नेपाल के सबसे अनुभवी और सियासी ध्रुवीकरण करने वाले प्रमुख नेताओं में से एक हैं। किशोरावस्था में ही वह अंडरग्राउंड कम्युनिस्ट गतिविधियों से जुड़ गए थे। 1973 में राजशाही के खिलाफ अभियान चलाने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था और






उन्होंने अपनी जिंदगी के 14 साल जेल में बिताए, जिनमें से 4 साल एकांतवास वाली जेल (सॉलिटरी कन्फाइनमेंट) में थे। सियासी सफर- लगभग छह दशकों के राजनीतिक करियर में वह चार बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उनके आलोचक उन पर सत्तावादी होने और असहमति बर्दाश्त न करने का आरोप लगाते हैं, जबकि उनके समर्थक उन्हें मजबूत और राष्ट्रवादी नेता मानते हैं, जिसने भारत और चीन के साथ संबंधों को ठीक से साधा है। सितंबर 2025 के प्रदर्शनों के दौरान 77 लोगों की मौत का आरोप उन पर लगा था, हालांकि वह इसे नकारते हुए हिंसा के लिए घुसपैठियों को जिम्मेदार ठहराते हैं। इसी युवा आंदोलन के कारण उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था, लेकिन वह अपनी पार्टी के सबसे बड़े दल के रूप में उभरने और एक बार फिर से प्रधानमंत्री पद पर वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

गगन थापा का जन्म 1976 में हुआ था। 1990 में पूर्ण राजशाही के खिलाफ हुए लोकतंत्र समर्थक आंदोलन के दौरान एक किशोर के रूप में ही उनका झुकाव राजनीति की ओर हो गया था। सियासी सफर- उन्होंने %नेपाली कांग्रेस% से जुड़ी छात्र राजनीति के जरिए अपनी जगह बनाई और 2006 के उस ऐतिहासिक जन-आंदोलन का प्रमुख चेहरा बने, जिसने राजा को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया था। विरोध प्रदर्शनों के कारण कई बार जेल जा चुके थापा जब नेपाल की संसद में पहुंचे, तो वह वहां के सबसे कम उम्र के सदस्यों में से एक थे। वह नेपाल के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं। जनवरी 2026 में उन्होंने शेर बहादुर देउबा के खिलाफ पार्टी के भीतर विद्रोह का नेतृत्व किया।




# फिन एलन का तूफान

## साउथ-न्यूज़ीलैंड वर्ल्डकप फाइनल

# टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचा न्यूजीलैंड

**कोलकाता (एजेंसी)।** फिन एलेन के रिकॉर्ड 33 गेंद में नाबाद शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने इस टी20 विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को बुधवार को नौ विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। तीन सप्ताह बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये आईपीएल में खेलने जा रहे एलेन ने अपनी पारी में 10 चौके और आठ छक्के लगाकर न्यूजीलैंड को 170 रन के लक्ष्य तक सिर्फ 12 . 5 ओवर में पहुंचा दिया। टी20 विश्व कप के सबसे तेज शतक में ईडन गार्डेंस पर होली के दिन बल्ले से आतिशबाजी देखने को मिली। दक्षिण अफ्रीका के लिये अर्धशतक बनाने वाले मार्को यानसेन ने 2 . 5 ओवर में 53 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। मिचेल सेंटनेर की कप्तानी वाली कीवी टीम ने बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 169 रन पर रोक दिया। आफ स्पिनर कोल मैकोंची ( एक ओवर में नौ रन देकर दो विकेट ) और बायें हाथ के स्पिनर रचिन रविंद्र (चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट ) ने कहर बरपाती हुई गेंदबाजी करके दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। जवाब में एलेन और टिम सीफर्ट ( 33 गेंद में 58 रन ) ने नौ ओवर में 117 रन की साझेदारी करके न्यूजीलैंड को 2021 के बाद दूसरी बार फाइनल में पहुंचाया।

भारत अगर बृहस्पतिवार को इंग्लैंड को हरा देता है तो यह फाइनल पिछले साल की चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल का दोहराव होगा। एलेन और सीफर्ट ने पावरप्ले के छह ओवरों में 84 रन बना डाले। एलेन ने 19 गेंद में पहला पचासा और 14 गेंद में दूसरा पूरा किया। इससे पहले यानसेन के 30 गेंद में नाबाद 55 रन की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने शुरूआती झटकों से उबरते हुए आठ विकेट पर 169 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका ने 11वें ओवर में पांच विकेट 77 रन पर गंवा दिये थे। इसके बाद यानसेन और ट्रिस्टन स्टब्स ( 24 गेंद में 29 रन ) ने पारी को संभाला । दोनों ने छठे विकेट के लिये 73 रन जोड़े। पारी के आगे बढने के साथ ही ओस की भूमिका अहम हो गई और स्ट्रोक्स खेलना आसान लगने लगा।

दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौलाओं में शामिल यानसेन ने अपनी पारी में पांच छक्के लगाये और अधिकांश छक्के दर्शक दीर्घा की 15वीं पंक्ति के पार गए जिससे उनके दमखम और टाइमिंग का पता चलता है। उन्होंने 19वें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन को दो छक्के लगाये। पहले गेंदबाजी चुनने वाली न्यूजीलैंड टीम के कप्तान मिचेल सेंटनेर ने दूसरे ओवर में आफ स्पिनर मैकोंची को गेंद सौंपी जिन्होंने मैच में एक ही ओवर डाला लेकिन क्विंटोन डिकॉक (10) और रियान रिकेलटन (0) को लगातार दो गेंदों पर आउट किया। डेवाल्ड ब्रेविस ने 27 गेंद में 34 रन बनाये लेकिन वह अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके। उन्हें जेम्स नीशाम ने आउट किया। रविंद्र ने एडेन मार्करम (18) और डेविड मिलर (छह) को पवेलियन भेजा । ब्रेविस के आउट होने के समय न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 77 रन था। दक्षिण अफ्रीका टीम ने आखिरी दो ओवर में विकेट गंवाये और 175 रन के पार नहीं पहुंच सकी ।

### प्लेइंग इलेवन

**दक्षिण अफ्रीका** -एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जेनसन, कॉर्बिन बॉश, कगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी

**न्यूजीलैंड** - टिम सीफर्ट (विकेटकीपर), फिन एलन, रचिन रविंद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, डेरिल मिशेल, जेम्स नीशम, मिशेल सेंटनर (कप्तान), कोल मैककोन्ची, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन

## फिन एलन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के बाद किया खुलासा, बनाई थी ये रणनीति

टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही। दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया। उसने 43 गेंद शेष रहते जीत हासिल की। केवल 33 गेंद में शतक लगाने वाले एलन ने मैच के बाद संवाददाताओं. से कहा, हमने बस यही उम्मीद की थी कि (कप्तान मिचेल) सैंटनर टॉस जीतें और पहले बल्लेबाजी का फैसला करें, तो यह पहला चरण पूरा हो गया और उसके बाद उसकी चुनौती का डटकर मुकाबला करना था। मैच पर पकड़ बनाना था और किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटना था। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम पावरप्ले में लय हासिल करने में नाकाम रही, क्योंकि ऑफ-स्पिनर कोल मैककॉन्ची ने दूसरे ओवर में लगातार गेंदों पर क्विंटन डीकॉक और रयान रिकेल्टन के विकेट ले लिए। इसके बाद रचिन रविंद्र और मैट हेनरी ने शिकंजा कसने में देर नहीं लगाई। एलन ने कहा, गेंदबाजों ने हमारे लिए लय बनाई। जिस विकेट को हम बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा मान रहे थे, उस पर शुरुआती विकेट लेना बेहद महत्वपूर्ण था। उनके (दक्षिण अफ्रीका के) पास अविश्वसनीय रूप से मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप है लेकिन हमारे गेंदबाजों की तारीफ करनी होगी। उन्होंने अच्छी गेंदबाजी करके हमारी जीत की नींव रखी। न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद में ग्रुप चरण में दक्षिण अफ्रीका से मिली हार का भी विश्लेषण किया और उससे मिली सकारात्मक बातों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, हमने उनके खिलाफ खेले गए पहले मैच का बारीकी से विश्लेषण किया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उनके खिलाफ खेलने से हमें उनकी रणनीतियों के बारे में थोड़ा जानकारी मिली और हमने उसका फायदा उठाने की कोशिश की।

# टी-20 वर्ल्ड कप में जड़ा सबसे तेज शतक

## क्रिस गेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

**कोलकाता (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज फिन एलन ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक लगाकर नया रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने कोलकाता के मशहूर मैदान ईडन गार्डन में सिर्फ 33 गेंदों में शतक जड़ दिया। इस धमाकेदार पारी के साथ फिन एलन न्यूजीलैंड के लिए टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

उनकी इस पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। क्रिस गेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

फिन एलन ने 33 गेंदों में शतक लगाकर वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज क्रिस गेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। क्रिस गेल ने टी20 विश्व कप 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों में शतक लगाया था, जो अब तक इस टूर्नामेंट का सबसे तेज शतक था। गेल इस सूची में तीसरे नंबर पर भी मौजूद हैं। उन्होंने 2007 के टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 50 गेंदों में शतक जमाया था।

### अन्य बड़े रिकॉर्ड भी पीछे

इस सूची में न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान Brendon McCullum का नाम भी शामिल है। उन्होंने 2012 टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ 51 गेंदों में शतक लगाया था। वहीं इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने मौजूदा टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ 51 गेंदों में शतक ठोका था। लेकिन अब इन सभी रिकॉर्ड्स को पीछे छोड़ते हुए फिन एलन ने 33 गेंदों में शतक लगाकर नया इतिहास रच दिया है।

## इटली की महिला हॉकी टीम एफआईएच विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए हैदराबाद पहुंची



**हैदराबाद (एजेंसी)।** इटली की राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर के लिए हैदराबाद, तेलंगाना पहुंच गयी है। आठ से 14 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश मुकाबला करेंगे। इटली को पूल ए में रखा गया है। जहां उनका सामना इंग्लैंड, कोरिया और ऑस्ट्रिया से होगा। यूरोपियन टीम पहले दो बार एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है, पहली बार 1976 में और हाल ही में 2018 में, जहां उन्होंने नौवें स्थान पर रहकर अपना अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इटली अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद नौ और 11 मार्च को ऑस्ट्रिया और कोरिया के खिलाफ मैच होंगे। इस अवसर पर इटली की महिला हॉकी टीम की कप्तान, सारा पुग्लिसी ने कहा, हम टीम के साथ अच्छी तैयारी के बाद अभी हैदराबाद पहुंचे हैं। हम एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफ़ाई मुकाबालों के लिए तैयार हैं।

# वेस्टइंडीज टीम कोलकाता के होटल में फंसी, हेड कोच डैरेन सैमी ने की अपील

**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्ट इंडीज को उनके ट्रैवल शेड्यूल के बारे में कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं दिया गया है, लेकिन जिम्बाब्वे टीम के सदस्यों का पहला बैच अब घर के लिए निकल चुका है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के चार दिन बाद भी जब वेस्टइंडीज कोलकाता में फंसा हुआ है, तो उनके हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें कहा गया है, मैं बस घर जाना चाहता हूं।



पश्चिम एशिया में संकट के चलते वेस्टइंडीज उन टीमों में से एक है जो भारत में फंसी हुई हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक शुरू में आईसीसी ने वेस्टइंडीज को बताया था कि टीम को लंदन के लिए एक चार्टर फ्लाइट से कैरिबियन वापस लाने की कोशिश की जा रही है। माना जा रहा है कि प्लान यह था कि वेस्टइंडीज हफ्ते के बीच में भारत से फ्लाइट ले ले, हालांकि कोई पक्की तारीख नहीं बताई गई थी। हालांकि, वेस्टइंडीज कोलकाता में ही है, जहां वे 1 मार्च को सुपर आठ के फाइनल मैच में भारत से हार गए थे।

पिछले वीकेंड शुरू हुए इस संकट की वजह से आम एयरस्पेस कॉरिडोर बंद होने से, आईसीसी को टीमों के लिए वापसी की फ़्लाइट का इंतजाम करने में एक बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बुधवार को जिम्बाब्वे के लिए अच्छी खबर आई, जब आईसीसी द्वारा उनके ट्रैवल इंतजामों में बदलाव करने के बाद उनकी टीम के सदस्यों का पहला बैच दिल्ली से घर के लिए रवाना हो गया।

वेस्टइंडीज की तरह जिम्बाब्वे ने भी टी 20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी मैच 1 मार्च को दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से खेला था जिसमें वह हार गया था। जिम्बाब्वे को पहले 2 मार्च को निकलना था, लेकिन वह प्लान कैंसिल कर दिया गया। उनकी टीम के बाकी सदस्यों के ट्रैवल प्लान के बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं है।

जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को एक बयान में कहा, जिम्बाब्वे क्रिकेट कन्फर्म करता है कि आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत से घर लौट रही है। हाल ही में आई दिक्कतों के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने दूसरे ट्रैवल अरेंजमेंट कर लिए हैं। फ्लाइट की उपलब्धता और बदले हुए रूट की वजह से, टीम बैच में हरारे लौटेगी। ज़िम्बाब्वे का ओरिजिनल ट्रैवल रूट दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट से था, लेकिन इसे बदलना पड़ा। पता चला है कि जिम्बाब्वे अब अदीस अबाबा, इथियोपिया होते हुए हरारे जा रहा है।


# 'चोकर' वाले टैग पर दक्षिण अफ्रीकी कोच का बड़ा बयान, सेमीफाइनल में हार के बाद कहा दबाव में अच्छा नहीं खेले

**कोलकाता (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किये जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई।

न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे चोकर कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था।

कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद कहा, मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था। आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द मोएर्ड (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं।

कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और



उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को ग्रोवल (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहा, आज रात हमें एक करारा स्लॉटक्लैप मिला। यह एक अफ़्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

न्यूजीलैंड के गेंदबाज कोल मैककॉन्ची ने दूसरे ओवर में ही क्विंटन डीकॉक (10) और रयान रिकेल्टन (00) को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया। बाद में रचिन रविंद्र और मैट हेनरी ने बीच के ओवरों में दक्षिण अफ्रीका को दबाव में रखा। बाद में मार्को यानसन (नाबाद 55) और ट्रिस्टन स्टब्स (29) ने टीम के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कॉनराड ने कहा, स्टैबो और मार्को की बदौलत हमने अच्छी वापसी की, लेकिन न्यूजीलैंड का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने शुरुआती ओवरों में स्पिनरों से परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया और हम बिल्कुल भी लय हासिल नहीं कर पाए। इसलिए वह जीत के हकदार थे।

दक्षिण अफ्रीका के कोच ने कहा कि अभी तक सब कुछ सही चल रहा था लेकिन आज उनका दिन नहीं था। उन्होंने इस बात से भी इंकार कर दिया कि अपने अधिकतर मैच अहमदाबाद में खेलने के कारण वह किसी अन्य स्थान में खेलने के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने कहा, अहमदाबाद में अपने सभी मैच खेलने और फिर अन्य स्थान पर नहीं खेलने के बारे में बहुत कुछ कहा जा सकता है। लेकिन फिर भी यह कोई बहाना नहीं है। उन्होंने शुरुआत में ही पकड़ बना ली थी और हमें किसी भी तरह की लय नहीं मिली। उन्होंने हमें जीतने का जरा भी मौका नहीं दिया।

## इंग्लिश प्रीमियर लीग : सालाह के गोल के बावजूद वॉल्व्स से हारा लिवरपूल

लंदन (एजेंसी)। मोहम्मद सालाह के गोल के बावजूद लिवरपूल को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे निचले पायदान पर काबिज वॉल्वरहैम्प्टन से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। ब्राजील के मिडफील्डर आंद्रे ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर लिवरपूल की अगले सत्र में



चैंपियंस लीग में खेलने की उम्मीदों को झटका दिया। मैच का नाटकीय अंत देखने को मिला जब सालाह ने 83वें मिनट में गोल करके लिवरपूल को बराबरी पर ला दिया। यह उनका प्रीमियर लीग में 10 मैचों में पहला गोल था। सालाह के गोल से कुछ समय पहले रोड्रिगो गोम्स ने 78वें मिनट में वॉल्व्स को बढ़त दिलाई थी।